

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 189
लखनऊ, शुक्रवार 13 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



क्विज प्रतियोगिता में विजेता छात्र को दी गई प्रोत्साहन राशि 10

कामाख्या वन पार्क में इको टूरिज्म को बढ़ावा देगी सरकार : जयवीर 03


## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,62,370/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,48,850/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,21,820/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,80,000/किग्रा |



# देश में ईंधन की कोई कमी नहीं : पुरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है। भारत के पास इस समय पर्याप्त कच्चे तेल का भंडार मौजूद है। उन्होंने सदन को बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत अपने ऊर्जा आयात के स्रोतों को विविध बना रहा है। इसके तहत देश अब सिर्फ पश्चिम एशिया पर निर्भर नहीं है।

लोकसभा में देश में एलपीजी संकट पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत 40 देशों से क्रूड ऑयल ले रहा है। रसोई गैस सिलेंडर पर पैनिक होने की कोई बात नहीं है। पुरी ने कहा कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति की स्थिति पुरी सुरक्षित है। हमारे पास जितना तेल उपलब्ध है, वह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से मिलने वाली आपूर्ति से कहीं ज्यादा है। पुरी ने कहा कि घरेलू रसोई गैस की सप्लाई भी स्थिर बनी हुई है।




- भारत 40 देशों से क्रूड ऑयल ले रहा
- लंबे संघर्ष की स्थिति में भी नहीं होगी दिक्कत
- रसोई गैस सिलेंडर पर पैनिक होने की कोई बात नहीं

उन्होंने कहा कि भारत लगभग 40 देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, जिससे विभिन्न मार्गों के जरिए ऊर्जा आपूर्ति जारी रहती है और मौजूदा संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की उपलब्धता पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है। हरदीप पुरी ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहें न फैलाएं और फर्जी जानकारी से बचें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि घरेलू उपभोक्ताओं को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की पूरी सप्लाई मिलती रहे। पेट्रोलियम मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार देशभर के घरों तक सस्ती और बिना रुकावट ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए किसी तरह की कमी नहीं है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

### पर्याप्त है कुकिंग गैस का भंडार, 'पैनिक बुकिंग' न करें : केंद्र सरकार

केंद्र सरकार ने देश में कुकिंग गैस की संभावित कमी को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच गुरुवार को लोगों से एलपीजी सिलेंडर की पैनिक बुकिंग से बचने की अपील करते हुए कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस की शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग एवं ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में कहा कि कई राज्यों में कुकिंग गैस की भारी कमी की खबरें सही नहीं हैं और देश में एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। शर्मा ने कहा कि देश में प्रतिदिन लगभग 50 लाख सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है और वितरण प्रणाली में किसी तरह की कमी की रिपोर्ट नहीं है, लेकिन घबराहट के कारण सिलेंडर बुकिंग में कई गुना वृद्धि देखी गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे आवश्यकता से अधिक सिलेंडर बुक न करें, क्योंकि इससे वितरण प्रणाली पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी एलपीजी की लगभग 60 प्रतिशत आवश्यकता आयात के माध्यम से पूरी करता है, जिसमें से करीब 90 प्रतिशत आपूर्ति होर्मुज जलडमरू मध्य के रास्ते आती है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सरकार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी हस्तक्षेप के बाद भारत के 70 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल का आयात अब होर्मुज जलडमरू मध्य के अलावा अन्य मार्गों से किया जा रहा है, जिससे आपूर्ति की स्थिति काफी सहज बनी हुई है। सुजाता शर्मा ने बताया कि गैर-घरेलू एलपीजी आपूर्ति में अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे आवश्यक क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अलावा कमर्शियल एलपीजी की मांग को संतुलित करने के लिए राज्यों के साथ मिलकर कुछ अतिरिक्त कमर्शियल सिलेंडर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एलपीजी आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए वैकल्पिक ईंधन विकल्पों को भी सक्रिय किया जा रहा है। इसी क्रेम में राज्यों को पहले से दिए जा रहे एक लाख किलोलीटर केरोसिन के अतिरिक्त 48 हजार किलोलीटर केरोसिन और उपलब्ध कराया जाएगा।



# किसानों के खाते में आज आयेंगे दो हजार रुपये

- यूपी के 2.15 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में आएगी 'सम्मान निधि'

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मोदी और योगी सरकार अन्नदाता किसान की समृद्धि को बढ़ा रही है। डबल इंजन सरकार खेत से लेकर किसानों के सम्मान तक निरंतर कार्य कर रही है। शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी असम से किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त भेजेंगे। उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इनके खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे 4335.11 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे।



यूपी के किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की अब तक यानि 21वीं किस्त 94,668.58 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी जा चुकी है। शुक्रवार को जारी होने वाली पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त से उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों के खाते में 4335.11 करोड़ की धनराशि आएगी। योजना की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इसमें पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में तीन किस्त में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर 2025 को कोयम्बटूर से सम्मान निधि का लाभ किसानों को दिया था।यूपी के किसानों के खाते में 21वीं किस्त तक 94668.58 करोड़ रुपये की धनराशि आई है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई की बिगड़ी तबीयत, एम्स में भर्ती



**दुर्ग/रायपुर।** पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई (70) की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है। उन्हें न्यूरो सर्जरी वार्ड के आईसीयू में रखा गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। तीजन बाई को गुरुवार दोपहर तबीयत बिगड़ने के बाद उनके गृहग्राम गनियारी से एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें सांस लेने में गंभीर समस्या और अत्यधिक शारीरिक कमजोरी के कारण भर्ती किया गया है। छत्तीसगढ़ की लोककला पंडवानी को देश-विदेश में पहचान दिलाने वाली तीजन बाई कपालिक शैली की प्रमुख कलाकार हैं और अब तक करीब 17 देशों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं।

### महाराष्ट्र विधान भवन को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बजट सत्र के दौरान बृहस्पतिवार को मुंबई स्थित विधान भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि परिसर को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए दी गई। सूचना मिलते ही तुरंत सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत जांच शुरू कर दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दक्षिण मुंबई स्थित विधानसभा परिसर से कर्मचारियों और अन्य लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

### करोड़ों रुपये ट्रांसफर करने वाले नाइजीरियन गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 63 में स्थित नैनीताल बैंक का सर्वर हैक कर 16 करोड़ों 71 लाख रुपये की ठगी करने वाले गैंग के दो नाइजीरियाई नागरिकों को थाना साइबर क्राइम पुलिस और नॉलेज पार्क पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 05 मोबाइल फोन, 39 हजार रुपए नगद, चार मोबाइल फोन के सिम कार्ड आदि बरामद किया है।

### बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट

**सीतापुर।** सीतापुर जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने शराब के नशे में अपनी मां की ईंट से वार कर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि क्षेत्र के ग्राम ऊंचा खेड़ा कला में बुधवार देर रात मालती देवी (60) घर पर थीं। इसी दौरान उनका पुत्र गुड्डू देर रात शराब के नशे में घर पहुंचा और मां से झगड़ा करने लगा। विवाद के दौरान युवक ने पास पड़ी ईंट से अपनी मां के सिर पर कई वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ीं और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। वारदात के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया।


### ईरानी विदेश मंत्री से बातचीत में जयशंकर ने उठाया ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा

# भारत का संतुलित ईरान कार्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के हालात के बीच ईरान के विदेश मंत्री से अब तक तीन बार बातचीत की। इसमें भारतीय जहाजों की सुरक्षा और देश की ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा हुई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक सवाल पर कहा कि पिछले कुछ दिनों में विदेश मंत्री और ईरान के विदेश मंत्री के बीच तीन बार बातचीत हुई है। अंतिम बातचीत में शिपिंग की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अलावा अभी मेरे लिए कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से सबसे ज्यादा तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके चलते देश में



गैस की उपलब्धता में कमी आई है।

वहीं बांग्लादेश को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पर प्रवक्ता ने कहा कि भारत विशेष रूप से हमारे पड़ोसियों के लिए परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का एक प्रमुख निर्यातक है। हमें बांग्लादेश सरकार से डीजल की आपूर्ति के लिए एक अनुरोध प्राप्त हुआ है, जिस पर विचार किया जा रहा है। बांग्लादेश के साथ संबंधों के प्रति हमारे जनकेंद्रित और विकास-उन्मुख दृष्टिकोण को देखते हुए हम 2007 से नुमालीगढ़ रिफाइनरी से विभिन्न माध्यमों- जलमार्ग, रेल और बाद में भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइप-लाइन के माध्यम से डीजल की आपूर्ति कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2017 में नुमालीगढ़ रिफाइनरी और बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के बीच पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर हाई-स्पीड डीजल की आपूर्ति के लिए एक बिक्री-खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। हालांकि 2007 से बांग्लादेश को डीजल का निर्यात काफी हद तक जारी रहा है, लेकिन निर्णय लेते समय भारत की रिफाइनरी क्षमता, अपनी आवश्यकता और डीजल की उपलब्धता को ध्यान में रखा जाएगा।

### भारत को सुरक्षा का भरोसा

भारत की विदेश नीति की यह सबसे बड़ी खूबसूरती है कि वह एक तरफ इजरायल के साथ गहरे रक्षा संबंध रखता है, तो दूसरी तरफ ईरान के साथ अपनी ऊर्जा और रणनीतिक जरूरतों को लेकर सीधा संवाद बनाए रखता है। जयशंकर की ये तीन कॉल महज औपचारिकता नहीं थीं बल्कि एक स्पष्ट संदेश था कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों चाहे वो समुद्र में जहाज हों या ईरान की गलियों में भारतीय छात्र से कोई समझौता नहीं करेगा। ईरान का भारत को सुरक्षा का भरोसा देना ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत के बढ़ते रसूख का प्रमाण है। ईरान के साथ इस संवाद का सीधा असर यह हुआ है कि भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए एक भरोसेमंद माहौल तैयार हुआ है। वहीं, ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भी भारत ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता के बीच ईरान के साथ यह समन्वय भारत को तेल संकट की आशंकाओं से कोसों दूर ले जाता है।

# राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों की सीएम ने की समीक्षा

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम तथा रामनवमी की तैयारियों को लेकर गुरुवार को समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में तैयारियों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पीएफसी स्थित सभाकक्ष में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं।

राष्ट्रपति द्रौपदी का नवरात्र के पहले दिन अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए 19 मार्च को आना प्रस्तावित है। उस दिन रामनवमी भी है। इन कार्यक्रमों की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या पहुंच की



- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अयोध्या आना 19 मार्च को प्रस्तावित

समीक्षा बैठक की।

समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों के बारे में जानकारी दी, जिसमें एयरपोर्ट पर स्वागत, यात्रा मार्ग पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा अतिथियों के लिए आवश्यक प्रबंध शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता तथा आगंतुकों के लिए सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पूज्य संतों समेत अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि प्रशासन व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी समन्वय के साथ सभी तैयारियों को निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को सभी सार्वजनिक स्थानों पर कड़ी निगरानी व ठोस सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने, खुफिया तंत्र व एंटी-ड्रोन कंट्रोल रूम को अलर्ट रखने के निर्देश दिए।

### श्रद्धालुओं को न हो समस्या

बैठक में सीएम ने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा फुटपाथों को खाली रखा जाए, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। सीएम ने भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था करने तथा दर्शन-पूजन कार्यक्रम को स्क्रीन के माध्यम से भी प्रसारित करने के निर्देश दिए।

# जेप्टो पर अब आयुष का स्टोर लॉन्च

- मिलेंगे पारंपरिक आयुष स्वास्थ्य व वेलनेस प्रोडक्ट्स

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने गुरुवार को जेप्टो ऐप पर आयुष स्टोर लॉन्च किया।

इस स्टोर में भारत के पारंपरिक आयुष स्वास्थ्य और वेलनेस प्रोडक्ट्स मिलेंगे। अब लोग इन्हें जेप्टो ऐप से ऑनलाइन ऑर्डर करके घर पर मिनटों में पा सकते हैं। यह पहल आयुष निर्यात संवर्धन परिषद और जेप्टो के बीच चल रहे सहयोग का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक भारतीय स्वास्थ्य और कल्याण उत्पादों की डिजिटल उपस्थिति और उपभोक्ता पहुंच को बढ़ाना है। इस



मौके पर प्रतापराव जाधव ने अपने संबोधन में कहा, कि यह संयुक्त प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' दृष्टिकोण और भारत को वैश्विक कल्याण और पारंपरिक चिकित्सा हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में पूरी तरह मेल खाता है। आयुष उत्पादों की डिजिटल पहुंच बढ़ाने से उत्पादकों और चिकित्सकों को आधुनिक उपभोक्ताओं से जोड़ने में मदद मिलेगी और भारत के स्वदेशी स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने की व्यापक दृष्टि का समर्थन होगा। इसका फायदा छोटे और स्थानीय आयुष उत्पाद बनाने वालों को भी होगा।

### सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड मामले में पवन बिश्नोई व जगतार को मिली जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चर्चित सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड से जुड़े दो आरोपियों पवन बिश्नोई व जगतार सिंह को जमानत दे दी है। अदालत ने यह फैसला मामले में आरोपियों की हिरासत की अवधि और ट्रायल की प्रगति की समीक्षा के बाद सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान मामले से जुड़े तथ्यों और जांच की स्थिति पर विचार किया। गौरतलब है कि पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की 29 मई 2022 को पंजाब के मानसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे राज्य में हड़कंप मच गया था और मामले की व्यापक जांच शुरू की गई थी। इस हत्याकांड में कई आरोपियों के नाम सामने आए थे, जिनके कथित तौर पर संगठित आपराधिक नेटवर्क से जुड़े होने की बात कही गई थी।

# शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलने से नकली संतों का उत्तर प्रदेश में होगा अंत : अखिलेश यादव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने और पूर्ण गोहत्या प्रतिबंध की मांग को लेकर 7 मार्च 2026 को वाराणसी से गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध यात्रा शुरू की है। यह यात्रा जौनपुर, सुल्तानपुर, रायबरेली होते हुए प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंची। यात्रा के लखनऊ पहुंचने पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मिलने पहुंचे। उनके साथ मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी, अनु टंडन



आदि पार्टी नेतागण भी उपस्थित रहे।

अखिलेश यादव ने अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि पूजनीय शंकराचार्य जी से मैं अभी मिलकर आ रहा हूं। उनसे आशीर्वाद और ज्ञान लेने हम लोग यहां पहुंचे हैं। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलने से नकली संतों का अंत होने जा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जब प्रदेश में समाजवादी सरकार थी तो उस समय गाय की सेवा को लेकर हम लोगों ने बहुत फैसले लिए। भविष्य में भी जो कुछ कर सकते हैं, गाय की सेवा के लिए वह करेंगे। पेट्रोलियम पदार्थ एवं गैस की समस्या के सवाल पर अखिलेश ने कहा कि भारत सरकार के गलत फैसले की वजह से आज लोगों को लकड़ी पर खाना बनाना पड़ रहा है, घरों में चूल्हे तैयार करने पड़ेंगे। एलपीजी नहीं उपलब्ध हो पा रही है, इसकी पूरी जिम्मेदार भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार है।

### भारत की पाक को दो-टूक

## परमाणु प्रसार के खराब रिकॉर्ड वाले न दें नसीहत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने कनाडा के साथ हुए यूरेनियम समझौते पर पाकिस्तान के आपत्ति जताने को खारिज किया है और पड़ोसी को नसीहत दी है कि खराब रिकॉर्ड वाले को नसीहत देने का कोई हक नहीं हैं। वहीं भारत की साख हमेशा से बेदाग रही है और दुनिया भी यह मानती है। विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इस मामले पर पाकिस्तान के बयान को खारिज करते हैं। परमाणु अप्रसार के संबंध में भारत की साख बेदाग है और वैश्विक समुदाय इसे भली-भांति मान्यता देता है।

उन्होंने कहा कि जिस देश का इतिहास गुपचुप तरीके से परमाणु प्रसार करने के पुख्ता सबूतों से भरा हो, वह भला निर्यात नियंत्रण और परमाणु प्रसार के जोखिमों के बारे में उपदेश कैसे दे सकता है? ऐसे बेतुके बयान पाकिस्तान द्वारा अपने ही बेहद खराब रिकॉर्ड से ध्यान भटकाने की एक कोशिश के अलावा और कुछ नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने भारत-कनाडा के बीच यूरेनियम आपूर्ति समझौते और परमाणु प्रौद्योगिकी सहयोग पर चिंता व्यक्त की है। साथ ही कहा है कि इस व्यवस्था से भारत के परमाणु हथियारों के जखीरे में विस्तार हो सकता है और वैश्विक परमाणु अप्रसार ढांचे को नुकसान पहुंच सकता है।

### 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए प्राइवेसी होगी और सख्त

# व्हाट्सएप लाया पेरेंट-मैनेज्ड अकाउंट्स

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

मेटा के स्वामित्व वाले संदेश मंच व्हाट्सएप ने 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए अभिभावक नियंत्रित खाते शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत अभिभावकों की कड़ी निगरानी में छोटे बच्चों को इस मंच का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाएगी।

**अभिभावकों का होगा कंट्रोल**

यह कदम संदेश मंच की नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है, क्योंकि अब तक इस मंच के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा 13 वर्ष (कुछ क्षेत्रों में इससे अधिक) रखी गई थी। व्हाट्सएप ने अपने ब्लॉग में कहा, परिवारों व विशेषज्ञों से मिले सुझावों के आधार पर अभिभावक-नियंत्रित खातों की नई व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसके तहत माता-पिता या अभिभावक छोटे बच्चों के लिए व्हाट्सएप खाता बना सकेंगे और उनके उपयोग को केवल संदेश भेजने तथा कॉल करने तक सीमित कर सकेंगे।



कंपनी के अनुसार, अभिभावक बच्चों की संपर्क सूची नियंत्रित कर सकेंगे। हालांकि संदेशों की सामग्री एंड टू एंड एन्क्रिप्शन से सुरक्षित रहेगी। नई नियंत्रण व्यवस्था और अन्य सेटिंग को अभिभावक पिन के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा और केवल माता-पिता ही गोपनीयता संबंधी सेटिंग को देख या बदल सकेंगे।

कंपनी ने बताया कि यह सुविधा फिलहाल चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है।

### बयान — ऊर्जा संकट से निपटने के लिए बड़ा कदम

# रणनीतिक भंडार से अमेरिका जारी करेगा 17.2 करोड़ बैरल कच्चा तेल

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।**

ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच बढ़ती तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका ने अपने रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व से 17.2 करोड़ बैरल तेल बाजार में जारी करने की घोषणा की है।

अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक बयान में बताया कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के 32 सदस्य देश राष्ट्रपति ट्रंप के उस अनुरोध पर सर्वसम्मति से सहमत हो गए हैं, जिसमें ऊर्जा की कीमतों को कम करने के लिए एक समन्वित प्रयास के तहत अपने संबंधित भंडारों से कुल 40 करोड़ बैरल तेल और रिफाइंड उत्पाद जारी करने की बात



कही गई थी। ऊर्जा मंत्री के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऊर्जा मंत्रालय को अपने हिस्से के 17.2 करोड़ बैरल तेल जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। यह प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होगी और योजनाबद्ध डिस्चार्ज रेट के आधार पर इसे बाजार तक पहुँचाने में लगभग 120 दिन लगेंगे। श्री राइट ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका ने अगले एक वर्ष के भीतर इन रणनीतिक भंडारों की भरपाई करने के लिए लगभग 20 करोड़ बैरल तेल की व्यवस्था पहले ही कर ली है। विशेषज्ञों का मानना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान की घेराबंदी और वैश्विक तेल आपूर्ति में आए व्यवधान के कारण जो कीमतें आसमान छू रही थीं, इस फैसले से उन्हें कुछ हद तक स्थिर करने में मदद मिल सकती है।

### अपने लोगों का लेंगे इंतकाम : मोजतबा खामेनेई



ईरान के नए नेता के रूप में मोजतबा खामेनेई का पहला संदेश ईरानी टेलीविजन पर प्रसारित किया गया है। एंकर ने खामेनेई का संदेश टीवी चैनल पर पढ़कर सुनाया। ख़ामेनेई ने संदेश में स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज की नाकाबंदी जारी रखने और मिनाब स्कूल के बच्चों सहित शहीद हुए लोगों के खून का बदला लेने पर ज़ोर दिया। इसके अलावा मोजतबा खामेनेई ने कहा कि उन्हें इस्लामिक गणराज्य के टेलीविजन के माध्यम से नेता के रूप में उनके चुनाव पर विशेषज्ञों की सभा के मतदान के परिणाम के बारे में सूचित किया गया था। अमेरिका और इसराइल के ईरान के साथ चल रहे युद्ध का ज़िक्र करते हुए ख़ामेनेई ने लगातार हमले जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अन्य मोर्चों को खोलने के संबंध में विचार किया जा रहा है, जहां दुश्मन को कम अनुभव है।

## ग्राम पंचायत पाल्हापुर में विधायक, डीएम व सीडीओ ने किया 'पंचायत उत्सव भवन' का भूमि पूजन कर शिलान्यास



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** ग्राम पंचायत पाल्हापुर, विकासखंड करनैलगंज में आज क्षेत्र के विकास की दिशा में 'पंचायत उत्सव भवन' का भूमि पूजन कर विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर करनैलगंज के विधायक, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत पाल्हापुर में स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजन के साथ की गई। विधायक करनैलगंज, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर 'पंचायत उत्सव भवन' की आधारशिला रखी। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने इस पहल का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर विधायक करनैलगंज अजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत स्तर पर इस प्रकार के भवनों का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक तथा सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि 'पंचायत उत्सव भवन' ग्रामीणों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों, बैठकों, प्रशिक्षणों तथा सामाजिक आयोजनों के लिए एक सुदृढ़ मंच उपलब्ध कराएगा। इससे गांव में विकासात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मंशा है कि ग्राम पंचायतों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाए। 'पंचायत उत्सव भवन' का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे ग्राम स्तर पर सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी।

## राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के जिलाध्यक्ष गोण्डा ने विजय कुमार सोनी को जिला महामंत्री का दिया पदभार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोन्डा जनपद में राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के जिलाध्यक्ष रितेश सोनी ने बैठक करके सैकड़ों की संख्या में से विजय कुमार सोनी (पत्रकार) को संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार तथा प्रदेश अध्यक्ष डॉ कौशल सोनी के निर्देश पर जिला महामंत्री गोन्डा मनोनीत किया गया।इस सम्बन्ध में जिलाध्यक्ष रितेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्णकार समाज राजनीति में बहुत पीछे है जबकि हमारी भागीदारी सबसे अधिक होती है हमको एकसाथ मिलकर अपनी भागीदारी का दमखम दिखाना होगा इसलिए जनपद गोन्डा में राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के बैनर के नीचे स्वर्णकार/सोनार समाज के लोगों एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं इसी को लेकर संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार और प्रदेश अध्यक्ष डॉ कौशल सोनी के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी का गठन जारी है इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच गोन्डा से जिला महामंत्री पद पर विजय कुमार सोनी (पत्रकार) को मनोनीत कर मनोनयन पत्र दिया गया है।विजय कुमार सोनी के जिला महामंत्री पद पर मनोनीत होते ही आशीष सोनी, अनुराग सोनी,अजय रस्तोगी, पीयूष सोनी, पंकज सोनी, राजेश सोनी, अमरनाथ सोनी, राज सोनी, प्रिंस सोनी, वरिष्ठ पत्रकार सन्तोष शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र लाल गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार द्विवेदी, सन्तोष भट्ट, सूरज मोदनवाल सहित हजारों स्वर्णकार/सोनार समाज के लोगों द्वारा और मित्रगणो ने बधाई दी तथा कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच गोन्डा के जिला महामंत्री पदभार ग्रहण करते हुए विजय कुमार सोनी (पत्रकार) ने कहा कि स्वर्णकार समाज राजनीति से लेकर अन्य कई मामलों में पूरे देश में एक जुटता न होने के कारण कहीं भी गिनती में नहीं है।हाल ही में देखा जाऐ तो कई जिलों स्वर्णकार/सोनार समाज के लोगों के साथ लूट और हत्याएं जैसी घटनाएं होती है परन्तु कोई भी राजनीतिक पार्टी या नेता हस्तक्षेप नहीं करता है इस लिए अब हमें सिर्फ भीड़ का हिस्सा नहीं बनना है बल्कि नेतृत्व करने की जरूरत है।

## समाजसेवी रोहित यादव ने किया रोजे पर इफ्तार का आयोजन



**मनकापुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** नवाबगंज ब्लॉक के अंतर्गत ग्रामसभा करौंदी के मस्जिद पर इफ्तार का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में सैकड़ो रोजेदार और सभी ग्रामीणों ने शिरकत की इफ्तार के दौरान गांव में अमन चैन और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गई। कार्यक्रम में मौलाना साहब ने रमजान के महीने के महत्व के बारे में सभी ग्रामीणों को बताया। उन्होंने कहा की रोजा रखनें से गरीबो की भूख और प्यास का एहसास होता है। यह इंसान को बुरे कामों से दूर रखकर आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है। मौलाना साहब ने बताया इस पवित्र महीने की की गई इबादत का सवाब अन्य महीनों की तुलना में कई गुना अधिक होता है। ग्रामीणो ने बताया इस कार्यक्रम के आयोजन में कई प्रकार के फल, समोसे, ठण्डा,और पानी का व्यवस्था रोहित भाई के द्वारा बहुत अच्छे से किया गया है और इस कार्यक्रम से सभी ग्रामवासी अति प्रसन्न है। इस कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी रोहित यादव के द्वारा किया गया समाजसेवी रोहित यादव ने बताया की इस कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और अपने भाईचारे को मजबूत बनाने और सभी ग्रामवासियों का सेवा-भाव करनें के लिए किया गया है। यह सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करनें में सहायक होता है और हम सभी लोग एक समान है और हम सभी हिन्दु, मुस्लिम सब भाई-भाई है। इस रोजे के इफ्तार के अवसर पर राहुल यादव करौंदी गांव के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अब्दुल क़ैय्यूम उर्फ मंगन मिस्त्री,इम्ताज अहमद,जलाली खान, गफ्फार अली, अरमान,पंकज यादव, विक्रम यादव, अजय कुमार सहित गांव के काफी लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

## महिला की मौत, पिता ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सुभाग पुर ग्राम के निवासी 25 वर्षीय मीरा देवी पत्नी संजय गौतम की लाश छत में लगे पंखे से लटकती हुई पाई गई है। मृतका के पिता प्रेम दास ने दहेज हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका मीरा देवी का मायका ग्राम कटका नवादा थाना कौड़ियां के निवासी थी। पिता प्रेम दास ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व पांच जून 2021 को शादी हुई थीं। शादी के दौरान गरीब होने की वजह से दहेज में सामान नहीं दे पाया था। शादी के कुछ दिनों के बाद से पति संजय गौतम सहित घर वाले दहेज न लाने की ताना देते थे। घर में आए दिन इसी बात को लेकर उस की पुत्री मीरा देवी को मार पीट कर प्रताड़ित करते थे। जिस को लेकर कई बार नात रिश्तेदार को बुला कर पंचायत भी कराया गया था। पंचायत कराने के बाद दोनों पक्ष को बुला कर सुलह कराया गया था। इस के बाद भी मृतका को प्रताड़ित करते थे। मार पीट कर फांसी पर लटका दिया था। उस की मारने की सूचना भी घर वालो ने नहीं दिया। पड़ोस के लोगों ने उस की मरने की सूचना दिया था। जब घर पर पहुंचे तो मृतका का शव घर के चारपाई पर लेटाया था।बताया कि आपकी पुत्री ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया है। मृतका के भाई हनुमान दास ने बताया कि उस की बहन मीरा देवी से सोमवार के शाम को बात चीत किया था ।जिस में उस ने रो रो कर बताया कि उस की हत्या करना चाहते है। मृतका के पति संजय गौतम ने बताया सोमवार के देर रात्रि में खाना बनाने को लेकर दोनों की बीच झगड़ा हुआ था।जब घर के लोग सो गए तब उस ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। मृतका मीरा देवी की एक छह माह की बच्ची है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

## आठवीं बार निर्विरोध वजीर गंज के ब्लॉक अध्यक्ष बने शनीराम, महामंत्री विक्रमजीत सिंह



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ वजीर गंज ब्लाक अध्यक्ष पद पर शनीराम आठवीं बार निर्विरोध चुने गए। ब्लाक महामंत्री के पद पर विक्रमजीत सिंह , ब्लाक संप्रेक्षक गुर प्रसाद भारती ब्लाक कोषाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार ब्लाक संगठन मंत्री अच्युदा नंद शुक्ला, ब्लाक उपाध्यक्ष अजय कुमार चौहान भी निर्विरोध चुने गए।सीनियर ब्लॉक उपाध्यक्ष पंकज सिंह को बनाया गया। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ब्लॉक वजीर गंज का 17 वार्षिक सम्मेलन का आयोजन ब्लाक सभागार में किया गया था। ब्लाक सम्मेलन के साथ ही ब्लॉक के पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया। चुनाव की प्रक्रिया ब्लॉक संगठन के संरक्षक उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री राम बहादुर सिंह की देख रेख में हुआ।वजीर गंज ब्लाक चुनाव की प्रकिया चुनाव अधिकारी अमीर अहमद ने कराई। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ वजीर गंज ब्लाक के सभी पदों पर चुनाव नहीं हुआ। सभी कर्मचारियों की सहमति पर निर्विरोध चुन लिया गया।जिस की घोषणा और प्रमाण पत्र चुनाव अधिकारी अमीर अहमद ने वितरित किया। पूर्व राज्य मंत्री राम बहादुर सिंह ने चुने गए पदाधिकारियों को अपने पदों की गरिमा को बनाए रखने और कर्मचारियों की हित में कार्य करे जिस से कर्मचारियों का भरोसा बना रहे। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत के सतीश तिवारी भी सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान सुनील कुमार विजय कुमार दिनेश कुमार राम भरोसे मौर्या सहदेव देवेंद्र प्रताव कृष्ण कुमार रमेश कुमार भगवान दीन चौहान गणेश कुमार चौहान हनुमान प्रसाद मेवा लाल राज कुमार चौहान राम भवन रमेश। कुमार मंशा राम मौर्य जगदीश मौर्या गायत्री मिश्रा साधना मिश्रा राम मनोहर कृष्ण मोहन सिंह अकरम अली सरजू प्रसाद रमेश दुबे रंजीत कुमार रविन्द्र कुमार प्रदीप गुप्ता मस्त राम जगत पाल शर्मा महेश कुमार सहित आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए आयुक्त व डीएम ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** आगामी पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से आयुक्त देवीपाटन मंडल श्री शशि भूषण लाल सुशील एवं जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन द्वारा एम.एल.के. पीजी कॉलेज, बलरामपुर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वार, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का गहन अवलोकन किया। साथ ही परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के सुगम प्रवेश, कक्षों की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न कराया जाए। इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी तथा प्रवेश व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनियमितता न होने पाए तथा अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### मिशन शक्ति टीम ने 11 वर्षीय बालक को सकुशल परिजनों से मिलाया

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** थाना सादुल्लानगर क्षेत्र के कस्बा सादुल्लानगर स्थित डिग्री कॉलेज के पास एक लगभग 11 वर्षीय बालक के मिलने की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को कस्बे के डिग्री कॉलेज के पास एक बालक के भटकते हुए मिलने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर मिशन शक्ति टीम थाना सादुल्लानगर तत्काल मौके पर पहुंची और बालक को अपने संरक्षण में लेकर उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान बालक की पहचान ग्राम पोटाकला थाना बरखेड़ा जनपद पीलीभीत निवासी के रूप में हुई, जो वर्तमान में ग्राम मद्दौचौरा थाना सादुल्लानगर में रह रहा है। इसके बाद पुलिस ने बालक के परिजनों को सूचना देकर थाने बुलाया और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बालक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। इस सराहनीय कार्य में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव, महिला उपनिरीक्षक तेजल पटेल, कांस्टेबल उमेश पासवान, महिला कांस्टेबल शिवांगी भार्गव व महिला कांस्टेबल पूजा चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बालक को सकुशल परिजनों को सौंपे जाने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस की सराहना की।



### रजिस्ट्री व स्पीड पोस्ट की कागजी प्रक्रिया निजी दुकान पर कराने का आरोप, जांच की मांग

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** जनपद के सादुल्लानगर स्थित डाकघर की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि रजिस्ट्री और स्पीड पोस्ट से जुड़ी कागजी प्रक्रिया कथित तौर पर डाकघर के पास स्थित एक निजी दुकान पर कराई जा रही है, जिससे व्यवस्था को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। मौके पर मौजूद कुछ लोगों के अनुसार डाक से जुड़े कागजात और रसीदों की तैयारी डाकघर परिसर के बजाय पास की एक निजी दुकान पर होती दिखाई देती है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि सरकारी डाक सेवा से संबंधित प्रक्रिया निजी स्थान से क्यों संचालित की जा रही है। क्षेत्रीय नागरिकों राकेश, शुभम, सचिन, राधेश्याम, इमरान और सफीक का कहना है कि यह व्यवस्था कुछ समय से चल रही है और कई उपभोक्ताओं को रजिस्ट्री व स्पीड पोस्ट से जुड़ी औपचारिकताओं के लिए उसी स्थान पर जाने की सलाह दी जाती है। इससे उपभोक्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

- विद्यालय की चाक चौबंद व्यवस्था देखकर प्रसन्न हुई खंड शिक्षा अधिकारी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** खण्ड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा ने उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नामांकित छात्र संख्या तथा उपस्थित छात्र संख्या के साथ ही साथ शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता शैक्षिक वातावरण की स्थिति विद्यालय की स्वच्छता, सुरक्षा तथा विद्यालय से संबंधित विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन किया। अवलोकन करने के बाद बच्चों से प्रश्न पूछे बच्चों से सही जवाब पाकर के खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा प्रसन्न हुई। खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा ने बताया कि छात्र उपस्थित 236 के सापेक्ष 192 थी, मध्यान भोजन मीनू के अनुसार रोटी सब्जी बना था सभी बच्चे मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। बच्चो कों सप्लीमेंट्री फ़ूड के तहत चना गुड़ वितरित किया गया। बच्चों से परीक्षा की तैयारी तथा शत - प्रतिशत बच्चे परीक्षा में उपस्थित हो इसके लिए प्रधानाध्यापक कों निर्देशित करने के साथ, बच्चों को प्रेरित भी किया।

## मिहींपुरवा की स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी!

### सीएचसी अधीक्षक की तैनाती के बाद बिगड़े हालात, उपकेंद्रों से महीनों गायब सीएचओ



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तहसील मिहींपुरवा के मोतीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लगातार बिगड़ती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब से सीएचसी अधीक्षक डॉ. थानेदार की तैनाती हुई है, तब से पूरे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो गई है। उपकेंद्रों पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) महीनों से गायब हैं, लेकिन कागजों में उनकी ड्यूटी नियमित दिखाई जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक कई उपकेंद्रों पर ताले लटके रहते हैं और मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। आरोप है कि कुछ सीएचओ दो महीने से तो कुछ पांच महीने से अपने कार्यस्थल पर नहीं पहुंचे, इसके बावजूद उनकी उपस्थिति दर्ज हो रही है और सरकारी वेतन भी समय से मिल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार गोपियां उपकेंद्र की सीएचओ सोनम रंजन, गूढ़ के उदित सोलंकी, मोतीपुर के सदाम हुसैन, लालबोझा के राहुल सिंह, लौकाही के रजाऊल हक और नैनीहा के सुरेन्द्र कुमार लंबे समय से उपकेंद्रों पर दिखाई नहीं दिए हैं। इससे गांवों में रहने वाले गरीब और जरूरतमंद लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग का पूरा सिस्टम कागजी खानापूर्ति और लापरवाही का शिकार हो गया है। सरकार गांवों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं दम तोड़ती नजर आ रही हैं। लोगों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं फिर से सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

**कहीं दो तो कहीं पांच महीने से नहीं पहुंचे स्वास्थ्य अधिकारी, कागजों में चल रही ड्यूटी, ग्रामीणों में भारी आक्रोश**

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मलेन व रैली कार्यक्रम का आयोजन



- आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है : कमलावती सिंह

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपराजिता सामाजिक समिति द्वारा कैसरगंज के एसआर लॉन में महिला सम्मेलन एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला निगम की अध्यक्ष व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री कमलावती सिंह रही। वही कार्यक्रम में लगभग 400 नारी संघ की महिलाओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपराजिता सामाजिक समिति की संरक्षक ललिता ने की, जो संस्था की संस्थापक किरण बैस की मां हैं।कार्यक्रम के दौरान किशोरियों एवं महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कमलावती सिंह ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर, शिक्षित और जागरूक बनने का संदेश देते हुए कहा कि अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना प्रत्येक महिला का अधिकार है।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित समाज सेविका मंजू सिंह ने भी महिलाओ के हक़ अधिकार पर जोर देते हुए उन्हें उनकी अहमियत, स्वाभिमान के प्रति संबोधित किया साथ हि स्वावलंबी बनने हेतु प्रेरित किया। ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह ने महिलाओं को सदैव पूज्यनीय बताया तथा सभी से अनुरोध किया की स्वय की व अपने बालिकाओ की शिक्षा सुनिश्चित करे यह गरीबी से उबरने आगे बढ़ने का एक मात्र साधन है।क्षेत्र के समाजसेवी प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अरविन्द सिंह ने महिलाओं को पूज्यनीय बताया उन्होंने कहा की भारत की नारी देवी तुल्य है इनका सम्मान हम सभी की जिम्मेदारी है समाज नारी शोषण मुक्त होना चाहिए।

कैसरगंज थाने से मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक आशा देवी ने मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

## कैंसर विशेषज्ञ तैनात, पर इलाज के संसाधन नदारद

- मिहींपुरवा सीएचसी में दो माह से तैनात हैं एमडी कैंसर विशेषज्ञ
- मशीनें व दवाएं न होने से मरीजों को नहीं मिल पा रहा लाभ



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

तहसील मिहींपुरवा के मोतीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कैंसर विशेषज्ञ की तैनाती के बावजूद इलाज के लिए आवश्यक संसाधनों के अभाव से मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। करीब 4.5 लाख की आबादी वाले इस क्षेत्र के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आज भी लखनऊ समेत बड़े शहरों का रुख करना पड़ रहा है। मोतीपुर सीएचसी में करीब दो महीने पहले कैंसर विशेषज्ञ डॉ. नीलू सिंह की तैनाती हुई है। वह जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर से एमडी (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) की डिग्री प्राप्त कर चुकी हैं और कैंसर रोगों के उपचार में विशेषज्ञता रखती हैं। हालांकि अस्पताल में कैंसर उपचार से जुड़ी जरूरी मशीनें और दवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण उनकी विशेषज्ञता का पूरा लाभ क्षेत्र के मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में कैंसर इलाज के लिए जरूरी कोबाल्ट या लीनियर एक्सीलरेटर मशीन, कीमोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी की दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसके चलते कैंसर से पीड़ित मरीजों को जांच और इलाज के लिए दूरदराज के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ता है, जिससे गरीब और ग्रामीण परिवारों को भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यदि सरकार इस क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा दे या लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से कैंसर उपचार केंद्र स्थापित कर दे, तो बहराइच समेत आसपास के जिलों के लाखों मरीजों को राहत मिल सकती है।

**जागरूकता शिविर लगाने की मांग**

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जिला स्वास्थ्य विभाग को क्षेत्र में कैंसर से संबंधित जागरूकता शिविर आयोजित करने चाहिए, ताकि लोगों को समय रहते जांच और उपचार की जानकारी मिल सके।

**क्या कहती हैं विशेषज्ञ**

कैंसर विशेषज्ञ डॉ. नीलू सिंह' का कहना है कि उन्हें क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद मरीजों की सेवा के लिए यहां तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी को कैंसर से संबंधित कोई समस्या हो तो वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर आकर उनसे परामर्श ले सकता है।

### वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के नानपारा रेंज के शिवपुर ब्लॉक में कई दिनों से दहशत फैला रहा तेंदुआ वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया है। बुधवार देर रात हुई इस घटना से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग की टीम तेंदुए को रेंज कार्यालय ले आई है। शिवपुर ब्लॉक के गोढ़िहा, टेपरा और बाजपुरवा जैसे गांवों में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में काफी दहशत थी। उनकी मांग पर वन विभाग ने बाजपुरवा में बबई नदी के पास गन्ने और अरहर के खेतों में पिंजरे लगाए थे। बुधवार रात करीब दस बजे एक बकरी को पिंजरे में चारा के रूप में बांधा गया था। इसी बकरी का शिकार करने के लालच में तेंदुआ पिंजरे में फंस गया।

## आयल-गैस जमाखोरी रोकने को टीमें गठित

- डीएम अक्षय त्रिपाठी ने सतत् निगरानी के निर्देश दिए



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने डीजल, पेट्रोल और एलपीजी गैस सिलेंडरों की जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए विभिन्न स्तरों पर निगरानी टीमें गठित की हैं। इन टीमों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को नियमानुसार ईंधन और गैस की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने सभी गठित टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्हें डीजल-पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर कड़ी नजर रखते हुए जमाखोरी और अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने को कहा गया है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि यदि किसी एजेंसी या पंप संचालक द्वारा मनमानी या अनियमितता पाई जाती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। नगर क्षेत्र के लिए गठित टीम में नगर मजिस्ट्रेट, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक नगर, संबंधित क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कंपनी तथा एलपीजी कंपनी के विक्रय अधिकारी शामिल किए गए हैं। तहसील सदर क्षेत्र के लिए उप जिलाधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी तथा पूर्ति निरीक्षक चित्तौरा, रिसिया, हुजूरपुर और तेजवापुर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार तहसील पयागपुर के लिए उप जिलाधिकारी, संबंधित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी और पूर्ति निरीक्षक पयागपुर, विशेश्वरगंज व हुजूरपुर को नियुक्त किया गया है। इन टीमों में संबंधित क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कंपनी और एलपीजी कंपनी के विक्रय अधिकारी भी शामिल रहेंगे।तहसील कैसरगंज क्षेत्र के लिए भी इसी प्रकार की टीम का गठन किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन

**गोरक्षपीठाधीश्वर ने मां के चरणों में लगाई हाजिरी, की स्वस्थ-समृद्ध प्रदेश की कामना**





लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को देवीपाटन मंदिर गर्भगृह में माता पाटेश्वरी का दर्शन-पूजन किया और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित गौशाला में पहुंचे, जहां उन्होंने गौवंशों को हरा चारा और गुड़ खिलाया तथा उन्हें दुलार किया। इस दौरान मंदिर भ्रमण के समय देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी महाराज उनके साथ मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को बलरामपुर पहुंचे थे। उन्होंने बलरामपुर में निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। इसके बाद उन्होंने देवीपाटन मंदिर पहुंच में रात्रि विश्राम किया।


गुरुवार सुबह मां पाटेश्वरी जी के दर्शन पूजन उपरांत लगभग 9:35 बजे मुख्यमंत्री का काफिला देवीपाटन मंदिर से आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल, भवानीपुर के हेलीपैड पहुंचा, जहां से वह अयोध्या के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 19 मार्च से शुरू होने वाले देवीपाटन राजकीय मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

**चैत्र नवरात्रि को लेकर दिये दिशा-निर्देश**

सीएम योगी ने कहा कि 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। नवरात्रि मेले के दौरान देवीपाटन शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन, पेयजल, स्वच्छता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए तथा आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त स्वच्छताकर्मियों की तैनाती की जाए।

# युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना सरकार की प्राथमिकता : अवनीश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



लखनऊ में आयोजित नेशनल स्किल एंड एजुकेशन समिट-उत्तर प्रदेश का शुभारंभ गुरुवार को होटल सेंट्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी व मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव उद्योग, बैंकिंग, शिक्षण संस्थानों तथा कौशल विकास डॉ. हरिओम ने किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को आधुनिक कौशल प्रदान कर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास केंद्रों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत निगरानी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए।

उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक मंडल में सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, पीसीएस अधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों और बैंकरों की एक समिति गठित की जाए जो कौशल केंद्रों का निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री सलाहकार ने कहा कि प्रदेश की बड़ी युवा आबादी को कौशलयुक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में महाराणा प्रताप प्रौद्योगिकी संस्थान में लगभग 48 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जहां एआई, साइबर सुरक्षा, 3डी प्रौद्योगिकी और ड्रोन तकनीक जैसे क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केंद्र का उद्घाटन 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### एतिकाफ अल्लाह की खुशी व नजदीकी पाने का एक शानदार तरीका है : आफाक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता तंजीम के कन्वीनर मुहम्मद अफाक ने एक बयान में कहा कि रमजान के आखिरी दस दिनों के आते ही मुसलमानों में इबादत के जोश के बजाय, लोगों का जोश खरीदने-बेचने में लग जाता है, जो निश्चित रूप से अफसोस की बात है। उन्होंने कहा कि ये दस दिन बहुत मुबारक और शानदार हैं क्योंकि इन दस दिनों में शब-ए-कद्र जैसी एक महान रात शामिल है, जिसके बारे में पवित्र कुरान में बताया गया है कि यह रात हजार महीनों से बेहतर है। उन्होंने कहा कि एतिकाफअल्लाह की खुशी और नजदीकी पाने का एक शानदार तरीका है। पैगंबर मुहम्मद रमजान के आखिरी दस दिनों में इबादत के लिए खास इंतजाम करते थे। वह रात में जितना हो सके इबादत करते थे, अपने परिवार को जगाते थे और अल्लाह की खुशी और नजदीकी पाने के लिए एतिकाफ का एहतमाम करते थे। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को इन मुबारक दस दिनों में नमाज, कुरान की तिलावत, जिक्र और दुआ का खास एहतमाम करना चाहिए और अल्लाह तआला से माफी मांगनी चाहिए। इस मौके पर मुस्लिम उम्माह, देश में शांति, सुरक्षा और भाईचारे के लिए भी खास दुआ करनी चाहिए। रमजान के आखिरी दस दिनों को देखते हुएमस्जिदों में इबादत का माहौल होना चाहिए और बड़ी संख्या में लोगों को एतिकाफमें बैठकर अल्लाह की इबादत में शामिल होना चाहिए।

### काकोरी कूड़ा प्लांट के हेल्पर की संदिग्ध हालात में मौत, बाथरूम में मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** काकोरी थाना क्षेत्र के शिवरी कूड़ा प्लांट में कार्यरत एक हेल्पर की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस को गुरुवार, 12 मार्च 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बेहटा से घटना की सूचना मिली। पुलिस टीम सीएचसी बेहटा पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान कामता प्रसाद पांडे (51) पुत्र राम बच्चन पांडे के रूप में हुई है, जो सुल्तानपुर जिले के आशापुर, इमलिया सिकरा गांव के निवासी थे। कामता प्रसाद शिवरी कूड़ा प्लांट में हेल्पर के तौर पर काम करते थे। लेबर कॉलोनी में रहते थे। जानकारी के अनुसार, कामता प्रसाद को शराब पीने की आदत थी। बुधवार रात वह लेबर कॉलोनी के सामने बने बाथरूम में गए थे। गुरुवार सुबह जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आए, तो आसपास के लोगों को संदेह हुआ। लोगों ने बाथरूम के अंदर जाकर देखा तो वह फर्श पर अचेत अवस्था में पड़े मिले। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल कामता प्रसाद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहटा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर पुलिस ने भी मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस के प्रारंभिक निरीक्षण में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया है। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला प्राकृतिक कारणों या अत्यधिक शराब सेवन से तबीयत बिगड़ने का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। मौके पर शांति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

### सचिवालय सत्कार सेवा कर्मचारी संघ की चुनाव तिथि तय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सचिवालय सत्कार सेवा कर्मचारी संघ के नवीन कार्यकारिणी अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष एवं अन्य पदों पर चुनाव घोषणा संघ द्वारा कर दी गई है। इसक लिए 19 मार्च 2026 (शुक्रवार) को मतदान के माध्यम से चुनाव तिथि रखी गई है। जिसकी सूचना कार्यवाही उपाध्यक्ष सुजीत आर्य ने दी है। कार्यवाहक उपाध्यक्ष ने यह भी बताया कि सुशील कुमार बच्चा, कार्यवाहक महामंत्री, जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ को चुनाव अधिकारी नामित किया गया है तथा महासंघ भवन में उक्त चुनाव का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त मंत्री,संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष, प्रचार मंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों के निर्वाचन होना है। उत्तर प्रदेश सचिवालय सत्कार सेवा संस्था, जवाहर भवन लखनऊ के विभागाध्यक्ष, अधिशासी निदेशक अनुज पाण्डेय ने संघ चुनाव से संबंधित अनुमति एवं विभागीय पर्यवेक्षक नामित कर आदेश भी निर्गत करा दिया है।

# कामाख्या वन पार्क में इको टूरिज्म को बढ़ावा देगी सरकार : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



यूपी इको-टूरिज्म विकास बोर्ड सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश को इको-टूरिज्म का हब बनाने की दिशा में कई उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है।

इस दिशा में बोर्ड कम लोकप्रिय इको पर्यटन केंद्रों में भी अत्याधुनिक पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रहा है। इससे इन क्षेत्रों में एक ओर इको टूरिज्म की गतिविधियों की बढ़ोतरी होगी, साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार और आय के अतिरिक्त स्रोत भी मिलेंगे।

इस क्रम में फिरोजाबाद का रपड़ी इको पर्यटन केंद्र और गाजीपुर में स्थित कामाख्या वन पार्क में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, जो प्रकृति प्रेमी पर्यटकों को नया अनुभव प्रदान करेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी इको-टूरिज्म विकास बोर्ड फिरोजाबाद में स्थित रपड़ी इको पार्क में 5 करोड़ रुपये की लागत से फेज-2 के विकास कार्य करा रहा है। परियोजना के तहत पार्क में प्रवेश द्वार, इंटरप्रिटेशन सेंटर और टिकट काउंटर विकसित किया जा रहा है। पर्यटकों को रोमांचक और यादगार अनुभव देने के लिए वॉल क्लाइम्बिंग, वुडन डेक और सेल्फी प्वाइंट का विकास किया जा रहा है। साथ ही पर्यटकों को प्राकृतिक वातावरण के बीच भ्रमण का आनंद लेने के लिए नेचर ट्रेल का विकास किया जाएगा। वहीं पर्यटकों को अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पार्किंग, पेयजल और टॉयलेट ब्लॉक के साथ साइनेज भी लगाए जा रहे हैं। पर्यटकों के ठहरने और विश्राम के लिए गजेबो या गोल हट तथा स्विस टेंट की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

**फिरोजाबाद के रपड़ी इको पार्क में कराए जा रहे हैं फेज-2 के विकास कार्य**

**गाजीपुर के कामाख्या वन पार्क में बन रहा है बटरफ्लाई गार्डन, लैंडस्केप व चिल्ड्रेन पार्क**

गाजीपुर के कामाख्या वन पार्क में इको-टूरिज्म की सुविधाओं के विकास के लिए 1 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करने के लिए यहां विशेष रूप से बटरफ्लाई गार्डन विकसित किया जा रहा है, जहां विभिन्न प्रजातियों की तितलियों को देखने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा लैंडस्केप पार्क, वाटर फाउंटेन, गजेबो या गोल हट के साथ बच्चों के लिए चिल्ड्रेन पार्क भी बनाया जाएगा। साथ ही कामाख्या वन पार्क में आकर्षक प्रवेश प्लाजा और इंटरप्रिटेशन सेंटर का भी निर्माण किया जाएगा, जो पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ वन पार्क की विशेषताओं से भी परिचित करवाएगा। पर्यटकों की सुविधा के लिए पेयजल, पोल लाइट, बेंच और डस्टबिन भी लगाए जाएंगे। इन परियोजनाओं के विकास से फिरोजाबाद और गाजीपुर के वन पार्कों को नई पहचान मिलेगी, साथ ही प्रदेश में इको-टूरिज्म के विकास की यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ेगा।

# खनन कार्यों में शिथिलता क्षम्य नहीं : माला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सचिव एवं निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने प्रदेश में खनन विभाग के कार्यों, प्रवर्तन कार्यवाहियों, राजस्व प्राप्तियों तथा गतिविधियों की समीक्षा की।

जनपदों में उपखनिजों के खनन, परिवहन तथा राजस्व प्राप्ति की स्थिति का गहन परीक्षण किया। जनपदों के खनन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में उपखनिजों के अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी और ठोस कार्यवाही करते हुए पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाए। शासन की मंशा के अनुरूप खनन विभाग को पूरी सक्रियता के साथ कार्य करना होगा तथा किसी भी स्थिति में अवैध गतिविधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा। श्रीमती श्रीवास्तव ने निर्देश दिए कि नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा खनन से संबंधित राजस्व प्राप्तियों में उल्लेखनीय वृद्धि की जाए। राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। कार्य में शिथिलता, लापरवाही या उदासीनता किसी भी दशा में स्वीकार नहीं। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्यों में शिथिलता, उदासीनता एवं कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन न करने तथा निर्धारित राजस्व लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति न करने के कारण बांदा के खान अधिकारी राज रंजन कुमार तथा गोण्डा के खान अधिकारी अभय रंजन को वित्तीय वर्ष 2025-26 की मध्यावधि के लिए विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।

# महापौर ने किया औचक निरीक्षण, सीएंडडीएस के अधिकारियों व ठेकेदार को लगाई फटकार



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

गोमती नगर में निर्माणाधीन नगर निगम की बिल्डिंग का महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने भवन में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की। इसमें निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए निर्माण एजेंसी सीएंडडीएस के अधिकारियों और ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। महापौर ने कहा कि नगर निगम के इस नए भवन से शहर की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी, इसलिए निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके बाद मेयर ने एसबीएम हॉल में निर्माण कार्य कर रही एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में काम की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता और समय सीमा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और हर शनिवार को निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाए, ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके और समय पर परियोजना पूरी हो सके। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता के मानकों का पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम के इस नवीन भवन के निर्माण से शहरवासियों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। इस अवसर पर चीफइंजीनियर (सिविल) महेश वर्मा, चीफइंजीनियर आरआर मनोज प्रभात, अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा तथा निर्माण एजेंसी सीएंडडीएस के जीएम सौरभ श्रीवास्तव, प्रोजेक्ट मैनेजर एवं ठेकेदार के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एलपीजी सिलेंडर के लिए सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**पुलिस ने घसीटकर लिया हिरासत में**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी लखनऊ में सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आज एलपीजी सिलेंडर के लिए प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने एक-एक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेना शुरू कर दिया। यह देखते ही कई कार्यकर्ता सड़क पर लेटकर नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने घसीट-घसीटकर गाड़ी में बैठा दिया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता पुलिस की गाड़ी की छत पर चढ़ गए। सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'नाम नरेंदर, काम सरेंडर' जैसे नारे लगाते हुए सरकार पर महंगाई को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के कारण कुछ देर के लिए हजरतगंज चौराहे पर हलचल का माहौल रहा। सपा नेताओं का कहना है कि रसोई गैस के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। एक कार्यकर्ता ने कहा सिलेंडर का दाम बढ़ गया है, गरीब आदमी परेशान है। इस सरकार को इस्तीफा देना चाहिए। हम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जनता की आवाज उठाएंगे। इस सरकार को सुझाव भी देते हैं कि जल्द से जल्द सिलेंडर उपलब्ध कराए। नरेंद्र मोदी सरकार को इस्तीफा देना चाहिए। इनका कोई विजन नहीं है। केवल जनता को परेशान किया जा रहा है। सरकार किसान विरोधी, छात्र विरोधी, गरीब विरोधी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

**शीर्ष सुलभ व सक्षम न्याय पाने के लिए आएं लोक अदालत : जीवक कुमार सिंह**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिविल जज (सीडी ) जीवक कुमार सिंह ने बताया कि 14 मार्च को विशाल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वादों का निस्तारण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च शनिवार को सुबह 10.00 बजे से कार्यावधि तक जनपद न्यायालय परिसर लखनऊ, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कमर्शियल कोर्ट लखनऊ तथा कलेक्ट्रेट, समस्त तहसीलों एवं अन्य सम्बन्धित विभागों में वादों का निष्पादन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी वाद दीवानी वाद भारत पोषण वैवाहिक पारिवारिक बाद स्टांप बात पंजीयनवाद मोटर अधिनियम चकबंदी मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद श्रम वाद उपभोक्ता फॉर्म बाद भूमि अधिकरण करण वाद उपभोक्ता फॉर्म वाद मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद बात माफ अधिनियम के अंतर्गत चालान से संबंधित मुकदमें ऋण वसूली अभिकरण के मामले बैंक रिकवरी आदि के मामले की राजधानी चेक बाउंस उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बीपीएल राशन कार्ड जनहित गारंटी कानून अंतरिम रिपोर्ट चलचित्र अधिनियम के अंतर्गत चालान मनोरंजन कर अधिनियम के अंतर्गत चालान विकास प्राधिकरण के अंतर्गत के मामले आदि मामलों की आपसी सहमति के आधार पर निपटाया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिविल जज (सीडी ) जीवक कुमार सिंह ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि वह राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर फायदा उठाएं और शीर्ष सक्षम और सुलभ न्याय पाएं।

# एसटीएफ ने एक करोड़ के गांजे के साथ तस्कर को दबोचा

**उड़ीसा से डीसीएम में लाई गई थी खेप**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ एसटीएफ ओर निगोहां पुलिस ने 1 करोड़ के गांजे के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। वह उड़ीसा से डीसीएम में गांजा की खेप लेकर आया था। उसे लखनऊ और रायबरेली में खपाना था। उसके पास से 775 किलो गांजा, डीसीएम, 2 मोबाइल और 210 रुपए बरामद हुए हैं।

संयुक्त टीम ने तस्कर को बुधवार देर रात निगोहां थाना क्षेत्र के नगराम मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान मुरादपुर, थाना बिंदकी, जिला फतेहपुर निवासी कौशल कुमार (22) के रूप में हुई। उसे उड़ीसा से गांजा लाने के 50 हजार रुपए मिलते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी बोरियों में गांजा छिपाकर लाया था। उसके पास से 31 बोरियां मिलीं। उनमें पैकेट बनाकर 775 किलो गांजा मिला। पूछताछ में उसने बताया कि डीसीएम समरजीत उर्फसोनू गुप्ता की है। उसने ही उड़ीसा में गांजा की खेप लोड कराई थी। गांजा की खेप लखनऊ पहुंचाने के लिए 50 हजार रुपए दिए थे। आरोपी ने बताया कि यह गांजा नगराम के मयंक गुप्ता, रायबरेली के रविंद्र जायसवाल और हुसैनगंज के सैय्यद दावर अलवी को देना था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। यह गांजा तस्करी का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है। इसकी जड़ तक जाने की कोशिश की जा रही है। आरोपी ने जिन चार लोगों के नाम बताए हैं। उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उनकी तलाश भी की जा रही है।

# 121 परिवारों ने किया 5051 पार्थिव शिवलिंगों का महारुद्राभिषेक

मलिहाबाद, समृद्धि न्यूज।



गल्लामंडी रोड पर स्थित गोपेश्वर गौशाला में विशाल एकादश महारुद्राभिषेक का आयोजन आचार्य डॉ. योगेश व्यास के सानिध्य में धूमधाम से सम्पन हुआ कार्यक्रम में अधिकारी राजनेताओं सहित कई जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ों परिवार उपस्थित रहे।

गौशाला के दिंनीशाह सरोवर को साक्षी मानकर मृत्युंजय भगवान शंकर का सवा लाख महामृतुन्जय मंत्र जप। और 5051 पार्थिव शिवलिंगों का 121 यजमान परिवार द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। इस पावन अवसर पर वीरेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पूजक परिवार में दंगा हेलेंडर नार्वे से आई है रुद्राभिषेक करने वह भारत मे सनातन धर्म का प्रचार कर रही है और गोपेश्वर गौशाला में गौ संरक्षण से अभिभूत होकर उन्होंने गौशाला का प्रचार प्रसार व्यापक रूप में करने का आश्वासन दिया। वही अलीगंज से अजय मिश्र रीतू मिश्रा सहित प बंगाल, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी, कानपुर, प्रतापगढ़ सहित क्षेत्र और शहर से भक्तो की भीड़ उमड़ी। गौशाला प्रबंधक उमाकान्त ने बताया कि सुबह भक्तो ने चिंताहरण हनुमान और गोपेश्वर महादेव के साथ फूलों की होली खेली। कार्यक्रमो परांत भव्य 1100 दीपको से भगवान की आरती उतारी गई और देर रात तक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। उमाकान्त ने बताया कि यहाँ पर लगभग 250 से अधिक निर्बल असहाय गौवंशो की सेवा गौशाला परिवार द्वारा की जा रही है। शहर और क्षेत्र से हजारो की संख्या में पहुँचे भक्तो ने गौशाला में पल रही गाय मोर बतख खरगोश बंदर आदि पशु पक्षियों के सेवा की जानकारी ली। इस पावन अवसर पर व्यापर मंडल के अध्यक्ष आशीष गुप्ता गौशाला परिवार के विशेष सहयोगी जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर पंकज गुप्ता, विकास पाठक, कार्तिकेय पाठक, विश्वनाथ, सुनील गुप्ता, शैलेंद्र पांडेय, शिवानी, अभिलाषा, रूपेश मिश्र, योगाचार्य मुनींद्र, सोनू सिंह, आशीष गुप्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष सहित गौशाला परिवार की कई कर्मठ महिलाएं भी उपस्थित रही।

**सराहनीय** | **35 हजार करोड़ से अधिक निवेश के साथ नौ इकाइयों में उत्पादन शुरू**

# यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को मिली रफ्तार

**कानपुर, झांसी व लखनऊ बने रक्षा निवेश के गढ़, 62 इकाइयों को भूमि आवंटित**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश को रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। यूपीडा की ओर से 2018 में स्थापित यह रक्षा गलियारा अपने छह रणनीतिक नोड्स – कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट के माध्यम से बड़े निवेश आकर्षित कर रहा है।

यूपीडा की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, यूपीडीआईसी के छह नोड्स में नौ (9) प्रमुख विनिर्माण इकाइयों ने अपना संचालन और उत्पादन शुरू कर दिया है, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

यूपीडीआईसी के विभिन्न नोड्स में अब तक '35,526 करोड़ रूपये' के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिनमें अब तक अधिग्रहित 2,040 हेक्टेयर भूमि में से 977.54 हेक्टेयर भूमि उद्योगों को आवंटित की गई है। वर्तमान में रक्षा और संबद्ध विनिर्माण के लिए छह केंद्रों में 62 कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। जिसमें लगभग 11 कंपनियों के लिए पट्टा (लीज डीड) की प्रक्रिया प्रगति पर है।

रक्षा गलियारे के विभिन्न नोड्स में प्राप्त निवेश प्रस्ताव– कानपुर में 1,2803 करोड़ रूपये, झांसी में 11,738 करोड़ रूपये, लखनऊ 4,850 करोड़ रूपये , अलीगढ़ 4,490 करोड़ रूपये , चित्रकूट 880 करोड़ रूपये और आगरा में 607 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यूपीडीआईसी में कई अग्रणी कंपनियों ने वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है। अदानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने कानपुर में 1,500 करोड़ रूपये की लागत से बने गोला–बारूद निर्माण संयंत्र में उत्पादन शुरू किया है, जो कॉरिडोर का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।




अलीगढ़ में अमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (330 करोड़ रूपये) ने इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और सैटेलाइट तकनीक का उत्पादन शुरू किया है, जबकि वेरीविन डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड (65 करोड़ रूपये) और नित्या क्रिएशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (12 करोड़ रूपये) ने छोटे हथियारों और प्रिसिशन आर्म्स कंपोनेंट्स का निर्माण प्रारंभ किया है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार, लखनऊ नोड रक्षा विनिर्माण का नया केंद्र बन रहा है, जहां एरोलॉय टेक्नोलॉजीज (320 करोड़ रूपये) ने टाइटेनियम कास्टिंग और डीआरडीओ की ब्रह्मोस एयरोस्पेस (300 करोड़ रूपये) ने ब्रह्मोस एनजी मिसाइल सिस्टम के उत्पादन की शुरुआत की है। इसके अलावा संकल्प सेफ्टी सॉल्यूशंस (14 करोड़ रूपये) ने सुरक्षा उपकरण और रक्षा परिधानों का निर्माण शुरू किया है।

वहीं कानपुर में ए.आर. पॉलिमर्स (48 करोड़ रूपये) और आधुनिक मटेरियल्स एंड साइंसेज (38.58 करोड़ रूपये) ने क्रमशः बैलिस्टिक मटेरियल्स और डिफेंस टेक्सटाइल्स का उत्पादन शुरू कर औद्योगिक गतिविधियों को गति दी है।

प्रधानमंत्री द्वारा 2018 में घोषित यह कॉरिडोर प्लग–एंड–प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर और सिंगल–विंडो क्लीयरेंस जैसी सुविधाओं से रक्षा आत्मनिर्भरता को साकार कर रहा है। यह केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि एमएसएमई और स्टार्टअप्स को वैश्विक सप्लाई चेन से जोड़कर रोजगार, नवाचार और निर्यात–उन्मुख विकास का एक रणनीतिक केंद्र बन चुका है।

## खबरें एक नजर में



### पीडीए समाजवादी बाइक मिनी रथ यात्रा का सपा जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

**शाहजहांपुर।** वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में पीडीए व सपा सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनने के लिए जनपद बरेली की 120 भोजीपुरा विधानसभा से 12 फरवरी 2026 को मिशन 2027 के तहत सपा के युवा नेता हरविन्द यादव व प्रदीप यादव ने पीडीए समाजवादी बाइक मिनी रथ की शुरुआत की। जिसमें प्रदेश के सभी 18 मंडल व प्रदेश के 75 जिले एवं 403 विधानसभाओं में समाजवादी पार्टी की नीतियों व पीडीए पर चर्चा और अखिलेश यादव के सिद्धांतों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर प्रचार प्रसार कर रहे है। इसी के तहत 12 मार्च 2026 को पीडीए समाजवादी बाइक मिनी रथ यात्रा जनपद शाहजहांपुर पहुंची जहां सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत कर पीडीए समाजवादी बाइक मिनी रथ यात्रा को जनपद शाहजहांपुर की सभी विधानसभाओं में प्रचार प्रसार करने के लिए रवाना किया। इस मौके पर सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल,सपा जिला सचिव महिपाल सिंह यादव, सपा जिला सचिव मोहम्मद फैसल, दुर्गेश कुमार गुप्ता पूर्व सभासद,अरशद खान, सरताज अली इदरीसी, मोहम्मद हाशिम,फ़राज़ इदरीसी, सिद्दीक खान, गब्बर, विकास यादव, आरिफ खान, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

### छात्र के गायब होने की सूचना निकली गलत, परिजनों ने लगाया था जाम

**कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में बुधवार को छात्र के गायब होने की सूचना से कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। गुस्साए परिजनों ने काँट थाने के सामने करीब आधा घंटे तक जाम लगाकर हंगामा किया था।जानकारी के अनुसार कस्बा काँट की पट्टी मोहल्ला निवासी देव कुमार ( 17) पुत्र रामपाल को बच्चों के आपसी विवाद के मामले में पूछताछ के लिए पुलिस राजकीय इंटर कॉलेज से थाने ले आई थी। परिजनों ने आरोप लगाया था कि छात्र थाने से गायब हो गया है, जिसके विरोध में उन्होंने थाने के सामने जाम लगाकर हंगामा किया।हालांकि बाद में छात्र अपनी बहन के घर गुरुवार को थाना बीसलपुर, जिला पीलीभीत में सुरक्षित मिल गया। इसके बाद मामले की स्थिति स्पष्ट हो गई।प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि छात्र मिल गया है। यदि इस संबंध में कोई तहरीर मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### वंदेभारत एक्सप्रेस में कोच में होगी वृद्धि, 14 मार्च से 8 कोच के स्थान पर लगेगें 16 कोच, यात्रियों को मिलेंगी राहत



**रोजा, शाहजहांपुर।** रेल यात्रियों के लिये खुशखबरी मिली हैं। रेल विभाग ने यात्रियों की सुविधा के लिये देहरादून से लखनऊ चलने वाली ट्रेन संख्या 22545/22546 लखनऊ वंदेभारत एक्सप्रेस में यात्रियों की सुविधा के लिये 14 मार्च से कोचों की संख्या में वृद्धि की जा रही है। मुरादाबाद मण्डल के वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 22545 ( लखनऊ– देहरादून वंदेभारत एक्सप्रेस) तथा गाड़ी संख्या 22546 ( देहरादून– लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ) में जेसीओ 14 मार्च से 08 कोच की संख्या में वृद्धि करते हुए 16 कोच से संचालन किया जाएगा। उन्होंनें बताया कि यात्रियों के लिए ट्रेन संख्या में 22545/22546 में वातानुकूलित चेयर कार एवं एग्ज़ीक्यूटिव क्लास कोच की सुविधा उपलब्ध है।

### मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी, कार्रवाई की मांग




**मदनापुर, शाहजहांपुर।** भाजपा गढ़िया रँगीन मंडल अध्यक्ष राहुल मिश्रा ने मदनापुर पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी एक व्यक्ति पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र भाषा व टिप्पड़ी की वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड की है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन, सचिन सिंह चौहान दीपू,राहुल सिंह रहे। थाना प्रभारी विश्वजीत प्रताप ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवई की जाएगी।

### पेपर देकर लौट रही छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में 12 दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं, भाकियू नेताओं ने रिपोर्ट दर्ज कराने को एसपी को दिया पत्र

**तिलहर – शाहजहांपुर।** पेपर देकर बुलेरो गाड़ी से लौट रही छात्राओं की गाड़ी के आगे बाइक लगाकर मनचलों द्वारा छेड़छाड़ करने व मोबाइल छीनने के आरोप में पुलिस ने 12 दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। उक्त मामले में भाकियू नेता ने एसपी से शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नवदिया धूसर निवासी रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि वह भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष है। उन्होंने बताया कि वह 27 फरवरी की शाम 6 बजे अपनी बेटी एवं अन्य छह छात्राओं को श्री पुत्तूसिंह चंद्रा कुमारी इंटर कॉलेज सुरजूपुर से बोर्ड परीक्षा दिलाकर बोलेरो गाड़ी से तिलहर वापस आ रहे थे। आरोप है कि रास्ते में जैतीपुर रोड पर बाइक सवार तीन युवकों ने बुलेरो का पिच करते हुए उसके आगे बाइक लगा कर छात्राओं के साथ इशारे करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। उन्होंने जब बाइक सवार युवकों की हरकतों का विरोध किया तो युवकों ने उनके साथ भी गाली–गलौज की । इस दौरान गाड़ी में बैठी उनकी बेटी ने वीडियो बनाने का प्रयास किया तो युवको ने उसका मोबाइल भी छीन लिया। जिसे बमुश्किल वापस किया। घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने युवकों का केवल शांति भंग में चालान कर दिया मामले की इतिश्री कर दी। रिपोर्ट दर्ज नहीं की। गुरुवार को किसान यूनियन के तमाम पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे और उन्होंने पुलिस पर तमाम आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। इसी तारतम्य में किसान नेताओं ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एसपी को पत्र दिया। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष दिनेश सक्सेना, मंडल महासचिव हरिओम यादव, रमेश यादव, पप्पू गंगवार, रामदुलारे मौर्य, वेदराम गंगवार, रमेश शर्मा आदि मौजूद रहे। उक्त मामले की बाबत पूंछे जाने पर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामले की जांच में जो भी सच्चाई सामने आएगी, उचित कार्रवाई की जाएगी।

### जलालाबाद के अंश मार्डन इंडेन गैस एजेंसी पर हंगामा, उपभोक्ताओं ने लगाए गंभीर आरोप



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद कस्बे में स्थित अंश मार्केटिंग इंडेन गैस एजेंसी पर गुरुवार को उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि गैस सिलेंडर वितरण में अनियमितता और मनमानी को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, नौसरा इलाके में स्थित अंश मार्डन गैस एजेंसी पर बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंच गए और एजेंसी संचालक के खिलाफ विरोध जताया। लोगों का आरोप है कि समय पर गैस सिलेंडर नहीं दिए जा रहे हैं और कई बार अतिरिक्त पैसे भी मांगे जाते हैं। हंगामे की सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। पुलिस ने भीड़ को शांत कराया और दोनों पक्षों से बातचीत कर मामला सुलझाने का प्रयास किया स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस की बुकिंग के बाद भी कई–कई दिनों तक सिलेंडर नहीं मिलता, जबकि कुछ लोगों को प्राथमिकता दी जाती है। इससे नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी के बाहर प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है और यदि किसी तरह की अनियमितता सामने आती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 190 जोड़े बने हमसफर

- संगम मैरिज लॉन में कार्यक्रम का आयोजन, ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने दिया आशीर्वाद

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गुरुवार को नगर स्थित संगम मैरिज लॉन में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ददरौल, काँट, भावलखेड़ा और मदनापुर ब्लॉक से आए 19० पंजीकृत जोड़ों का पूरे रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ विवाह संपन्न कराया गया। समारोह में नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद सिंह ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि कन्यादान भारतीय संस्कृति में सबसे बड़ा और पुण्य का कार्य माना जाता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अपनी बेटियों का विवाह कर पाना कई बार चुनौती बन जाता है, लेकिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ऐसे परिवारों के लिए एक बड़ी सहारा बनकर सामने आई है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता के साथ सामाजिक सम्मान भी मिल रहा है, जिससे गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह गरिमा के साथ संपन्न हो पा रहा है। समारोह में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के जोड़ों के विवाह संपन्न कराए गए, जिससे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की सुंदर मिसाल देखने को मिली। सरकार की ओर से नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप घरेलू उपयोग की सामग्री भी भेंट की गई। दूल्हों को पैंट-शर्ट, गैस चूल्हा, बर्तन और बैग, जबकि दुल्हनों को साड़ी, पायल और बिछिया सहित अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई।इस अवसर पर प्रमुख महेश पाल सिंह, श्रीदत्त शुक्ला, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल, नायब तहसीलदार कमलेश राजपूत, निवोदित सिंह, अधिशासी अधिकारी नूरजहां, खंड विकास अधिकारी इंद्र शुक्ला, बीडीओ ददरौल अमित सिंह, बीडीओ भावलखेड़ा अभिषेक अग्रवाल, एडीओ अरविंद शर्मा, अजय भदौरिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया।

### घर से जागरण देखने निकली युवती लापता, परिजनों में चिंता

**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत रुजहा कला की रहने वाली सीमा देवी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमा देवी, पिता वीरपाल कश्यप की पुत्री हैं। परिजनों ने बताया कि दिनांक 10 मार्च 2026 को शाम लगभग 6:30 बजे वह घर से यह कहकर निकली थीं कि वह जागरण देखने जा रही हैं। लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटीं। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास के रिश्तेदारों व परिचितों के यहां खोजबीन की, लेकिन सीमा देवी का कोई पता नहीं चल सका। युवती के अचानक लापता होने से परिवार के लोग काफी परेशान हैं। वहीं परिजन लगातार उनकी तलाश में जुटे हुए हैं।

## पुवायां में छाया गैस सिलेंडर का संकट, हर जगह त्राहिमाम



**पुवायां, शाहजहांपुर।** इजराइल व ईरान समेत कई देशों में युद्ध चल रहा है जिसके चलते भारत से लेकर देशों में गैस सिलेंडर को लेकर हाहाकर मचा हुआ है। पुवायां में सिलेंडर को लेकर गैस एजेंसियों पर आएदिन विवाद होता है इसलिए पुलिस की निगरानी में सिलेंडर बांटे जा रहे है।

इजरायल व ईरान युद्ध का परिणाम पुवायां में देखने को मिल रहा है। युद्ध के परिणाम में पुवायां में गैस सिलेंडर की किल्लत देखने को मिल रही है। लोग गैस एजेंसियों के सामने सिलेंडर लेने के लिए सुबह लाइन में लग जाते है इस बीच लोगों में विवाद की स्थिति में लोगों को सिलेंडर मिल रहे है लोगों का कहना है की इस बीच सिलेंडरों की कालाबाजारी पुवायां में धड़ल्ले से चल रही है। सिलेंडर न मिलने से रेस्टोरेंट में खाने पीने के दामों में बढ़ोतरी हो रही है। ओर माफिया सिलेंडरों को करीब पन्द्रह सौ रुपये में बिक्री कर रहे है। इस समय शादी विवाह का सीजन चल रहा है लोगों का कहना है कि शादी में करीब 10 से पंद्रह सिलेंडर खर्च होते है जिसका माफिया फायदा उठाकर नौ सौ रुपये का सिलेंडर करीब पंद्रह सौ में बिक्री कर रहे है। इसलिए पुवायां में गैस सिलेंडर को लेकर त्राहिमाम त्राहिमाम मचा हुआ है।

## एसडीए अपनी प्लानिंग एवं टाउनशिप के लिए भूमि क्रय करेगी

- नव सृजित शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड करेगा टाउनशिप विकसित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शाहजहांपुरवासियों के लिए एक अच्छी खबर यह है कि नवसृजित शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड द्वारा अपने टाउनशिप विकसित किए जाने हेतु प्राधिकरण सीमा अंतर्गत भूमि अर्जन की कार्रवाई किसानों से सहमति, समझौता अथवा अर्जन के माध्यम से न्यूनतम 25 एकड़ और अधिकतम एक स्थान पर कॉम्पैक्ट एरिया में जितनी भूमि मिल जाएगी उस पर विकसित करते हुए कार्रवाई की जाएगी। सचिव प्राधिकरण अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में इस पर सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। अपने प्राधिकरण सीमा अंतर्गत किसानों से सीधे भूमि क्रय की जाएगी, यह भूमि किसानों की सहमति और समझौते के आधार पर लिया जाना प्रस्तावित किया गया है। इसके लिए कोई भी व्यक्ति अथवा खातेदार जो भूमि का स्वामित्व धारण करता हो तथा जो प्राधिकरण को न्यूनतम पच्चीस एकड़ भूमि और अधिकतम जितनी भी उपलब्ध करा सकता है। वह ऐसी भूमि के नियम संगत अभिलेख अर्थात खतौनी आदि, संलग्न करते हुए बंद लिफाफे में अपना प्रस्ताव प्रार्थना पत्र के साथ सचिव प्राधिकरण कार्यालय में 31 मार्च तक दे सकता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रस्ताव के साथ आवेदनकर्ता को अपनी भूमि की मूल्य के संबंध में यह स्पष्ट करना होगा के जिलाधिकारी महोदय द्वारा वर्तमान वर्ष की निर्धारित भूमि मूल्यांकन के कितने गुणा मूल्य पर अपनी भूमि को प्राधिकरण को दिए जाने का प्रस्ताव दे रहा है। यह तथ्य सुस्पष्ट रूप से अंकित करना होगा। आवेदनकर्ता को इस बात की भी जानकारी देनी होगी कि उसके द्वारा प्रस्ताव में दी गई भूमि किसी भी न्यायालय में किसी वाद के अंतर्गत सम्मिलित नहीं है। आवेदनकर्ता को यह भी घोषणा करनी होगी कि उसके द्वारा प्रस्तुत भूमि कहीं कहीं बंधक या उसे किसी के पक्ष में कोई एग्रीमेंट नहीं किया गया है।

## अब लेखपाल व पुलिस परीक्षा की तैयारी को दिल्ली-प्रयागराज जाने से मिलेगा छुटकारा

- जिला प्रशासन की होनहारों के लिए अच्छी पहल, नि:शुल्क कोचिंग मिलेगी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अब लेखपाल व पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 2026 के लिए होनहारों को कोचिंग के लिए गैर राज्यों, गैर जनपदों जैसे दिल्ली, प्रयागराज व कोटा जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से लेखपाल व पुलिस आरसी भर्ती के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। जानकारी देते डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि जनपद में जिला प्रशासन द्वारा लेखपाल भर्ती एवं पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 2026 हेतु निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था जनपद मुख्यालय स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज में की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी एवं इसके लिए योग्य शिक्षको से ऑनलाइन आवेदन पत्र आंमत्रित किए गए है। जिसका लिंक एनआईसी की बेवसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन की अन्तिम तिथि 20 मार्च है।

## कटरा विधायक प्रिंस मिले रेल मंत्री से

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के साथ केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेल राज्य मंत्री सरदार रणवीर सिंह बिट्टू से दिल्ली स्थित उनके ऑफिस में मिले जिसमें उन्होंने कटरा विधानसभा क्षेत्र में स्थित तिलहर एवं मीरानपुर कटरा रेलवे स्टेशन पर कोविड 19 के समय से बंद ट्रेनों के पुनः स्टाप किए जाने एवं कटरा विधानसभा क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिज,अंडर पास के निर्माण कार्य कराए जाने हेतु मांग को प्रमुखता से रखा एवं मीरानपुर कटरा और तिलहर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 13 15 2 कोलकाता एक्सप्रेस,गाड़ी संख्या 15 128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 13010 दून एक्सप्रेस को मीरानपुर कटरा एवं तिलहर रेलवे स्टेशन पर इन ट्रेनों के स्टॉप किए जाने की मांग को जोरदार ढंग से रखा उन्होंने अपनी मांग में बताया कि कटरा और तिलहर रेलवे स्टेशन भौगोलिक रूप से बहुत ही विस्तार क्षेत्र के समीप आते है यहां लंबी दूरी जाने के लिए हमारी क्षेत्र की जनता को इन ट्रेनों की अत्यधिक आवश्यकता है और जिससे रेलवे का व्यापार भी बढ़ेगा। विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस के हवाले से अखिल भारतीय जन विकास मंच भारत के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार एड. ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी।

### पुवायां में कई लोग ठगी के शिकार, पैसे भी लिय प्लाट भी नहीं दे रहा युवक

**पुवायां, शाहजहांपुर।** विगत कई सालों से शाहजहांपुर की तहसील पुवायां में कई जगह पर एक प्लॉटर प्लाटिंग का कार्य कर रहा है, जो कि कई लोगों से कम दामो मे जमीन खरीद लेता है और उसके बदले में उन लोगों को समय पर पैसा भी नहीं देता है और उन जमीनों की बिना धारा 80 कराये प्लाटिंग का धंधा जोर-शोर से चल रहा है। जिसमें जेवा रोड, खुटार रोड, निगोही रोड, सतवा रोड व अन्य कई जगह पर इस प्लॉटर ने प्लाटिंग की। इसके संपर्क में पुवायां के कई लोग आए और प्लाटों के नाम पर शाहजहांपुर निवासी मोहल्ला मदार मियां के पास निवासी प्लॉटर ने लोगों को अपने झांसे में फंसा लिया और मोटी रकम ले ली। इसके बदले में इस प्लॉटर ने उन लोगों को कई को चेक पकड़ा दिए एवं कई को फर्जी रसीद दे दी। लेकिन इसके बाद आज तक कई लोग इसके चक्कर लगा रहे हैं और इसके बदले में ना ही उनका पैसा वापस कर रहा है और ना ही उनको जमीन दे रहा है। इस बाबत कई लोगों ने कोर्ट की शरण ली है और कई लोगों ने कोतवाली में जमीन लेने हेतु प्रार्थना पत्र दिया है। अब पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। लोगो को जब इस मामले की जानकारी हुई तो उन्हें पता लगा कि वह ठगी के शिकार हो गए हैं। अब युक्त व्यक्ति लोगो के हाथ नहीं आ रहा है। पीड़ितों ने मामले की शिकायत भी पुलिस से की है लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जिससे लाखों रूपये प्लाट लेने के लिए जिन लोगों ने दे दिया है वह काफी परेशान है।

## वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




नगर निगम द्वारा विश्व महिला दिवस सप्ताह 8 मार्च से 14 मार्च के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को वार्ड संख्या 17 मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी एवं वार्ड- 59 हाथीथान में विशेष स्वच्छता अभियान एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना तथा आम नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करना है। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम की टीम द्वारा चिन्हित स्थलों पर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त द्वारा क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर के निर्माण में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और नगर निगम के प्रयासों में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के समय संबंधित जोनल अधिकारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा क्षेत्रीय पार्षद चित्रा सक्सेना व शहाना उपस्थित रही और अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही एनिमेटर्स की टीम भी उपस्थित रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल



**खुटार शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार के बन्डा रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप गांव मलिका के पास बाइक सवार दंपति को अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मार दी जिससे बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पीलीभीत के थाना के क्षेत्र रामपुर गांव निवासी शोभित मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा जो कि अपनी पत्नी के साथ गोला की ओर जा रहे थे तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन के द्वारा उनकी बाइक में टक्कर मार दी गई जिससे वह अपनी पत्नी सहित गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस 108 के द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लाया गया जहां पर मौजूद डॉक्टरो के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालात को गंभीर देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# कथा व्यास ने सुनाई भगवान श्रीकृष्ण की गोचारण लीला

- चित्रा टॉकीज में चल रही कथा का पांचवा दिन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहर स्थित चित्रा टाकीज कथा में चल रही कथा के 5वे दिन कथा व्यास डा. दामोदर दीक्षित ने आज कथा का शुभारम्भ करते हुए भगवान श्रीकृष्ण जी गोचारण लीला के माध्यम से भगवान के द्वारा मिट्टी खाने की लीला विस्तार से सुनाई। ग्वालवालों ने माता यशोदा से मिट्टी खाने की शिकायत की तो भगवान कृष्ण ने मना कर दिया। वो मुँह में उंगली डाली तो मिट्टी निकल पड़ी। मां को क्रोध आ गया और कहा मुँह खोल अभी और मिट्टी निकलेगी। जब मुँह खोला तो अखिल ब्रह्माण्ड का दर्शन हुआ। यशोदा जी को विश्वास हो गया कि मेरा बेटा तो पूर्णब्रह्म् है। एक बार ब्रह्माजी ने सभी गायों और बछड़ों का अपहरण कर लिया भगवान ने सभी गाये बछड़े ज्यों के त्यों बना लिए। ऐसे एक वर्ष बीत गया तो ब्रह्मा जी ने आकर देखा तो आश्चर्य चकित रह गये। फिर बड़ी लम्बी स्तुति की और क्षमा याचना की और गाये बछड़े वापस ले आये। एक बार भगवान ने पूँछा कि आज कोई उत्तसव है क्या ? उत्तर में नंदबाबा ने बताया कि अपने वंश में इंद्र कि पूजा कि परम्परा है। वही जल वर्षा करते हैं तभी अन्न उत्पन्न होता है । श्रीकृष्ण ने कहा कि आज से गोवर्धन कि पूजा होगी। इंद्र कुछ नहीं करेंगे, तब गोवर्धन पर्वत कि पूजा कि गई। इंद्र जी नाराज हो गये उन्होंने क्रोध करके महान वर्षा करने लगे। भगवान कृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर पर्वत को धारण कर लिया और गोकुलवासी ग्वालवाल, गाये, बछड़े आदि गोवर्धन पर्वत के नीचे खड़े कर लिए। सात दिन तक वर्षा हुई परन्तु सभी गोकुलवासी सुरक्षित रहे । इंद्र ने आकर क्षमा याचना की । श्रीकृष्ण ने उनको क्षमा कर दिया और फिर चीर हरण की कथा सुनाई। एक दिन नंदबाबा रात्रि में यमुना स्नान करने गये , नियम यह है कि ब्रह्म मुहूर्त से पहले किसी नदी सरोवर आदि में स्नान नहीं करना चाहिए क्योंकि वरुण दोष लगता है। इससे वरुण नंदजी को वरुण लोक ले गये। भगवान प्रातः जागे तो ज्ञात हुआ कि नंदबाबा का अपहरण हो गया । नंदघाट पर जाकर यमुना में डुबकी लगा दी और वरुण लोक में पहुँच गये। वहाँ पर वरुण जी ने श्रीकृष्णजी का भव्य स्वागत पूजन किया। नंदबाबा जी को आश्चर्य हुआ कि कान्हा की पूजा हो रही है । अतः यह कान्हा ब्रह्म स्वरुप है । नंदबाबा को लेकर गोकुल आ गये।

फिर रासलीला प्रकरण का धार्मिक वर्णन किया। मुरली की ध्वनि सुनकर रात्रिकाल में शरद पूर्णिमा की चांदनी सभी गोपियाँ जैसे थी वैसी ही यमुना तट पर चली गई । क्योंकि मन तो श्रीकृष्ण ने हरण कर लिया था। श्रीकृष्ण का मथुरा गमन का मार्मिक वर्णन किया। रामदुलारे त्रिगुनायत ने अयोध्या काण्ड की कथा कही। पीलीभीत से पधारे शिवकुमार सुमन ने बाली बध की कथा सुनाकर सुग्रीव के राज्याभिषेक का वर्णन किया। मंच संचालन आचार्य रामानंद दीक्षित ने किया विठूर से पधारी साध्वी रमा मिश्रा व व्यास अवधेश दीक्षित की पावन उपस्थिति एवं सहयोग रहा। कथा क्रम में मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना ने व्यास एवं अन्य विद्वानो का माल्यार्पण कर स्वागत, पूजन किया।श्री ध्रुव नारायन मेहरा, सुधा मेहरा, श्सोमनाथ कपूर एवं सरिता कपूर, जयप्रकाश खन्ना व चंद्र शेखर खन्ना (धीरू खन्ना), रोली खन्ना व रागिनी खन्ना, डा राम मेहरोत्रा, आदि अनेक भक्तों का सहयोग रहा। आरती एवं प्रसाद वितरण कर आज की कथा को विश्राम दिया।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में महिला की मौत

निगोही, शाहजहांपुर। तिलहर रोड स्थित परसौना खलीलपुर लिंक मार्ग पर तेज गति से आ रहे गन्ने लदे ट्रैक्टर ट्राली ने मोटरसाइकिल पर सवार परसौना खलीलपुर निवासी युवक निखिल 20 वर्ष और उसके बड़े भाई की सास उर्मिला निवासी थाना बिलसंडा के पेट से ट्रैक्टर ट्राली का पहिया निकल गया जिसके कारण उसकी मौके पर मौत हो गई जबकि इस घटना में निखिल को मामूली चोटें आई। उर्मिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ट्रैक्टर ट्राली मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही तुरंत निगोही पुलिस मौके पर पहुंची शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा दिया।

### एसडीएम से किसानों की वार्ता विफल


शाहजहांपुर। भारतीय किसान यूनियन चढूनी द्वारा डाक बंगला परिसर पुवायां में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन को 39 दिन बीत जाने पर झूठा आश्वासन लेकर धरना स्थल पर पहुंची एसडीएम से वार्ता विफल रही। वार्ता कर रहे हैं पदाधिकारी ने कहा जब तक तहसीलदार पुवायां का ट्रांसफर नहीं होता और समस्याओं का समाधान नहीं तब तक आंदोलन रहेगा जारी। वार्ता के दौरान पदाधिकारी प्रदेश प्रमुख महासचिव रणजीत सिंह, जिला अध्यक्ष भारत सिंह, जिला प्रभारी महेश चंद्र वर्मा, जिला मुख्य सचिव डॉक्टर संतोष कुमार, तहसील अध्यक्ष संजय मिश्रा, अखिलेश सिंह, कल्याण सिंह, हरपाल सिंह, अभय सिंह, रामाश्रय, सुखविंदर सिंह, हरजीत सिंह तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सीएम की फोटो लगाकर अभद्र वीडियो पोस्ट, भड़के भाजपाई, सोशल मीडिया पोस्ट से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप



शाहजहांपुर। सोशल मीडिया पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो लगाकर कथित रूप से अभद्र भाषा में वीडियो पोस्ट करने का मामला सामने आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। गढ़िया रंगीन क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों ने मदनापुर थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। गढ़िया रंगीन मंडल अध्यक्ष राहुल मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मदनापुर पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा। इसमें आरोप लगाया गया कि मदनापुर थाना क्षेत्र की भगवानपुर बरुआ चौकी के निवासी अशोक कश्यप पुत्र चंद्रपाल कश्यप ने इंस्टाग्राम पर मुख्यमंत्री की फोटो लगाकर एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें कथित तौर पर आपत्तिजनक और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार की पोस्ट न केवल मर्यादा के खिलाफ है बल्कि सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने और प्रशासन को चुनौती देने का प्रयास भी प्रतीत होता है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। प्रार्थना पत्र देने वालों में मदनापुर मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह राठौर, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन चौहान दीपू, राहुल सिंह (सिकंदरपुर कला) समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कटरा पुलिस की कार्रवाई, वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय भेजा



मीरानपुर कटरा (शाहजहांपुर)। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कटरा पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए जिलेभर में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार के नेतृत्व में कटरा पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चला रही है। बुधवार को पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और वारंटियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक वारंटी अभियुक्त अपने घर पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने शम्भू पुत्र रामचन्द्र उर्फ मेवाराम यादव, निवासी ग्राम सालपुर नवदिया थाना कटरा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ वाद संख्या 6017/10, मुकदमा अपराध संख्या 86/03 धारा 392 भादवि के तहत मामला माननीय अपर सिविल जज (जू0डि0) तिलहर, शाहजहांपुर की अदालत में विचाराधीन है। लंबे समय से वारंटी चल रहे अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया, जहां से उसे आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रयासों को मजबूती मिली है।

### गैस की कालाबाजारी पर सख्ती, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध बिक्री रोकने के लिए प्रशासन ने गुरुवार को शहर की गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉक की जांच की गई, जिसमें किसी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के बिक्री प्रबंधक ने संयुक्त रूप से शहर की सतकरतार इंडेन गैस एजेंसी टाउनहॉल रोहित इंडेन गैस एजेंसी और शाहजहांपुर गैस एजेंसी केरूगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गैस एजेंसियों पर सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। हालांकि कई उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी न होने के कारण उन्हें गैस लेने में परेशानी हो रही है। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं को आवश्यक दस्तावेजों के साथ जल्द ई-केवाईसी कराने की सलाह दी। अधिकारियों ने बताया कि गैस बुकिंग के लिए इंडियन ऑयल (इंडेन) के सर्वर में तकनीकी समस्या आ रही है, जबकि हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के सर्वर सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं। प्रशासन के अनुसार पहले उपभोक्ता एक वित्तीय वर्ष में 15 गैस रिफिल ले सकते थे, लेकिन अब एक बुकिंग के 25 दिन बाद ही अगली बुकिंग की अनुमति है। इसके बावजूद उपभोक्ता पूरे वर्ष में पूर्व की तरह निर्धारित संख्या में सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि 10 मार्च से अब तक जिले में गैस बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को 26,037 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर नजर रखने के लिए तहसील और नगर स्तर पर टीमें गठित की हैं, जो लगातार निरीक्षण कर रही हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गैस की कालाबाजारी या अवैध बिक्री में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध खनन मामले में नायब तहसीलदार ने मिट्टी भरा डंपर पकड़ा

- जिला खनन अधिकारी ने भी की स्थलीय पड़ताल
- खनन माफियाओं के खेमों में वर्चस्व को लेकर हो सकती है गैंगवॉर



**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तिलहर तहसील क्षेत्र में मिट्टी व रेत के अवैध खनन की शिकायतों के मद्देनजर एसडीएम सदानंद सरोज के निर्देश पर नायब तहसीलदार मनु माथुर ने राजस्व टीम के साथ देर रात ब्लॉक रोड पर अवैध मिट्टी खनन कर जा रहे मिट्टी भरे डंपर को पकड़ लिया। डंपर स्वामी की ओर से भट्टे की परमिशन की मिट्टी होने पेश किए गए प्रपत्र की जांच में भी मामला झूठा पाए जाने पर नायब तहसीदार ने डंपर को पुलिस के हवाले कर दिया। गुरुवार को जिलखनन अधिकारी दिनेश कुमार ने भी श्री माथुर के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

नायब तहसीलदार मनु माथुर ने बताया कि बुधवार / गुरुवार की मध्य रात्रि करीब 12 बजे एसडीएम साहब के निर्देश पर उनकी टीम ने गंतव्य की ओर कुछ किया ही था कि बंधा गांव की ओर से आते हुए एक मिट्टी भरा डंपर ब्लॉक रोड पर पकड़ा पकड़ लिया गया। और 12:50 बजे थाने में दाखिल कर दिया गया। गुरुवार को डंपर स्वामी द्वारा जिला खनन अधिकारी के यहां से जारी प्रपत्र दिखाए जाने पर उसकी पुष्टि के लिए खनन अधिकारी दिनेश कुमार भी नायब तहसीलदार मनु माथुर के साथ गांव पिथनापुर स्थित उक्त स्थल पर पहुंचे जहां से मिट्टी का खुदान किए जाने का दावा किया गया था। श्री माथुर ने बताया कि प्रस्तुत की गई खनन परमिशन प्रपत्र के मुताबिक संबंधित खेत स्वामी से पूंछ गया तो उसने मिट्टी की बिक्री करने से स्पष्ट इनकार कर दिया। और यह वक्तव्य लिखित तौर पर भी टीम को दिया गया। वहीं उक्त ग्रामीण के दर्शाए गए गाटा संख्या से मिट्टी का खुदान भी न होना प्यार गया। उधर बीते एक सप्ताह से गांव शिवदास पुर रकबा के एक खेत से जेसीबी मशीन से किए जा रहे अवैध खनन की सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो व शिकायत के मद्देनजर एसडीएम श्री सरोज ने स्थलीय निरीक्षण के लिए टीम भेजी है। गौर तलब है कि क्षेत्र के बंधा रोड, राजनपुर रोड, गैसरा रोड, बिलहरी हरभानपुर क्षेत्र से खनन माफिया पुलिस व प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए बेखौफ धड़ल्ले से अवैध खनन करने में मशगूल हैं। लोगोंका मानना है कि यह सब माननीयों के कृपा पात्र हैं। इसलिए पुलिस भी इनपर हाथ डालने से कतरा रही है। उधर खनन करने वाले खेमों में भी वर्चस्व का मामला टकरा रहा है। जो कभी भी गैंगवॉर का रूप ले सकता है।

# विश्व महिला दिवस सप्ताह के अंतर्गत वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान एवं जनसंवाद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर निगम द्वारा विश्व महिला दिवस सप्ताह के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज दिनांक 12 मार्च को प्रातः 9 बजे से वार्ड संख्या 17 मो. आवास विकास कॉलोनी एवं वार्ड- 59 मो. हाथीथान में विशेष स्वच्छता अभियान एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना तथा आम नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करना है। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम की टीम द्वारा चिन्हित स्थलों पर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर के निर्माण में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और नगर निगम के प्रयासों में सहयोग प्रदान करें।कार्यक्रम के समय संबंधित जोनल अधिकारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा क्षेत्रीय पार्षदगण चित्रा सक्सेना व शहाना उपस्थित रही और अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही एनिमेटर्स की टीम भी उपस्थित रही।

# 52 अनफिट स्कूली वाहनों को नोटिस जारी, कसा जाएगा शिकंजा

- यातायात नियमों की अनदेखी पड़ेगी भारी, सीज की कार्रवाई
- 15 से 21 मार्च तक स्कूली वाहनों के विरुद्ध चलेगा विशेष चेकिंग अभियान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा सत्र शुरू होने से पूर्व जिला प्रशासन व परिवहन विभाग ने कमर कस ली है। अनफिट स्कूली वाहनों को चिंहित करते हुए लिस्ट बना ली गई है। अब इन स्कूल संचालकों को नोटिस भेजने की कार्यवाही की जा रही है। अब तक 52 अनफिट स्कूली वाहनों को नोटिस भेजे जा चुके हैं। जनपद में 15 से 21 मार्च तक स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। जिसकी रुपरेखा तैयार कर ली गई है।जानकारी देते हुए एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने बताया कि स्कूल संचालकों को चेताया गया है, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि अपने-अपने स्कूल में स्कूल के नाम से संचालित एवं अनुबन्धित वाहनों का अपने स्तर से भौतिक निरीक्षण अवश्य करा लें। यदि वाहन का फिटनेस प्रमाण पत्र वैध है, परन्तु भौतिक निरीक्षण के समय वाहन मौनक के अनुरूप नहीं हैं उसे भी अविलम्ब सही करा लें। यदि अनफिट व बिना परमिट स्कूली वाहन मार्ग पर संचालित पाये जाते हैं तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी तथा सम्बन्धित विद्यालय के विरूद्ध भी नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी, जिसका उत्तरदायित्व सम्बन्धित विद्यालय का होगा। साथ ही अभिभावकों से भी अनुरोध है कि अपने बच्चे को स्कूल वाहन में भेजते समय वाहन की भौतिक स्थिति एवं वाहन के प्रपत्रों यथा फिटनेस, बीमा, प्रदूषण आदि की जांच करने के उपरान्त ही बच्चे को स्कूल वाहन से भेजें।

# वीर सावरकर और हेडगेवार को भारत रत्न से किया जाए सम्मानित, सांसद अरुण सागर ने सदन में उठाई मांग

- बोले-काकोरी कांड के महानायकों की शाहजहांपुर में भव्य कांस्य प्रतिमाएं लगाई जाएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



Arun Kumar Sagar, BJP, Shahjahanpur (Uttar Pradesh)

सांसद अरूण सागर ने सदन में नियम 377 के अधीन शहीदो के सम्मान में मुद्दा उठाया। उन्होने वीर सावरकर और हेडगेवार को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। उन्होंने काकोरी कांड के महानायकों, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की शाहजहांपुर में भव्य कांस्य प्रतिमाएं स्थापित करने की मांग की। सांसद ने सदन में मुद्दा उठाते हुए कहा कि, भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान राष्ट्रभक्तों वीर सावरकर ने अपना पूरा जीवन देश की आज़ादी के लिए समर्पित किया। काला पानी की जेल में उन्होंने कठोर यातनाएँ सहीं, फिर भी उनका साहस नहीं टूटा। उनके विचार, लेख और कविताएँ आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देती है। डॉ. हेडगेवार ने समाज को संगठित कर देशभक्ति की मजबूत नींव रखी। उन्होंने अनुशासन, सेवा और समर्पण के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण का मार्ग दिखाया। स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक रहा है। सांसद ने कहा मेरा शाहजहांपुर जिला स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली भूमि है, जहाँ काकोरी आंदोलन जैसी ऐतिहासिक घटना हुई। इस जिले में वीर सावरकर और डॉ. हेडगेवार की कांस्य प्रतिमाएँ स्थापित की जानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सकें। सांसद ने कहा कि काकोरी आंदोलन के अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्लाह खान की भी कांस्य प्रतिमाएँ स्थापित की जाएँ, जिससे शाहजहांपुर को सच्चे अर्थों में शहीदों का शहर होने का गौरव प्राप्त हो। साथ ही, उन्होंने सरकार से वीर सावरकर और डॉ. हेडगेवार को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। सांसद ने कहा यह उनके त्याग और राष्ट्रसेवा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होने सरकार से अनुरोध किया है कि इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए। यह राष्ट्रहित और भावी पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

### आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुवायां में पीस कमेटी की बैठक

शाहजहांपुर। एसपी के निर्देशन में आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी पुवायाँ द्वारा थाना पुवायाँ परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों तथा विभिन्न समुदायों के सम्मानित व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। क्षेत्राधिकारी पुवायाँ द्वारा उपस्थित सभी लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहारों को परंपरागत ढंग से शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसमें समाज के सभी वर्गों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भी किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या भड़काऊ सामग्री का प्रसार न करें। यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा समस्या की जानकारी प्राप्त होती है तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर थाना प्रभारी पुवायाँ द्वारा बताया गया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी, नियमित पैदल गश्त तथा वाहन चेकिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण बनाए रखा जा सके। बैठक के अंत में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया तथा सभी ने मिल-जुलकर त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का संकल्प लिया।



# सावित्री इंडेन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं से ओवररेट वसूली का आरोप, कर्मचारी की मनमानी से लोग परेशान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




मीरानपुर कटरा क्षेत्र में स्थित सावित्री इंडेन गैस एजेंसी के कर्मचारियों की कथित मनमानी से गैस उपभोक्ता परेशान हैं। कनेक्शन धारकों का आरोप है कि एजेंसी के कर्मचारी निर्धारित दरों की अनदेखी करते हुए गैस सिलेंडर देने के नाम पर उपभोक्ताओं से अतिरिक्त पैसे वसूल रहे हैं। इसको लेकर क्षेत्र में उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पर पहुंचने या डिलीवरी के समय उपभोक्ताओं से तय कीमत से अधिक रुपये मांगे जाते हैं। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर कर्मचारियों द्वारा उन्हें टाल दिया जाता है या सिलेंडर देने में आनाकानी की जाती है, जिसके कारण मजबूरी में लोगों को अतिरिक्त रकम देकर सिलेंडर लेना पड़ता है। उपभोक्ताओं का यह भी आरोप है कि एजेंसी पर तैनात कर्मचारी प्रदीप कुमार के दिशा-निर्देश पर दैनिक कर्मचारी इस तरह की अवैध वसूली कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि लंबे समय से यह सिलसिला चल रहा है और गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। गैस जैसी आवश्यक सुविधा पर इस तरह की मनमानी से आम लोगों में रोष व्याप्त है। क्षेत्रीय उपभोक्ताओं का कहना है कि सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत तय की जाती है, लेकिन एजेंसी के कुछ कर्मचारी नियमों की अनदेखी कर प्रति सिलेंडर पर 10-20 अतिरिक्त पैसा उपभोक्ताओं से मोटी रकम वसूल रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण हो रहा है। पीड़ित उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो उपभोक्ता एकजुट होकर उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को मजबूर होंगे।

### गैस सिलेंडर की कमी अफवाह, ब्लैक कर मार रहे मौज

शाहजहांपुर। दो देशों के युद्ध के बीच भारत देश में गैस पेट्रोल डीजल के मूल्य में वृद्धि को लेकर अफवाह उड़ रही है जिसके चलते रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर ब्लैक में मिल रहा है। रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के हथोड़ा बुजुर्गों में रु.1500 का सिलेंडर मिल रहा है यदि कोई बुकिंग की पर्ची दिखता है तो सही यह कहा जाता है कि कल की बुकिंग है आज नहीं मिलेगा दो दिन बाद मिलेगा और यदि कोई ब्लैक में लेता है तो उसको तत्काल सिलेंडर दे दिया जाता है रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के में बाजार में परचून की दुकान पर 15000 से लेकर रु.2000 में सिलेंडर मिल रहा है जबकि शासन का आदेश है यदि कोई जमाखोरी करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार बराबर यह संदेश दे रही है कि भारत देश में गैस की डीजल की पेट्रोल की कोई कमी नहीं है यदि कोई गलत अफवाह फैला या कोई काला बाजारी करें तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी लेकिन फिर भी रोजा थाना क्षेत्र के रोज में मार्केट में परचून की दुकान पर और रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के हथोड़ा बुजुर्गों में खुलेआम ब्लैक में सिलेंडर मिल रहे हैं इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट से बात करनी चाहिए कई बार फोन मिलाया लेकिन कॉल से बात नहीं हो पाई।

# हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव में गूंजा शिक्षा और स्नेह का संदेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




शहर के रामलीला मैदान खिरनीबाग में हमारा आंगन - हमारे बच्चे कार्यक्रम को उत्सव के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा और बाल विकास से जुड़े अधिकारियों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ ही बाल वाटिका एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का प्रदर्शन करते हुए पूरे वातावरण को भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की मंशा है कि परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में बाल वाटिका के रूप में प्री-प्राइमरी कक्षाओं का संचालन किया जाए तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को विद्यालय परिसर में संचालित किया जाए, जिससे बच्चों का प्रारंभ से ही विद्यालय से जुड़ाव बने और उनकी शिक्षा की मजबूत नींव रखी जा सके। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी ने कहा कि शासन द्वारा बाल वाटिका और आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से आह्वान किया कि वे शिक्षकों के सहयोग से अपने-अपने केंद्रों को आदर्श बाल वाटिका केंद्र बनाने की दिशा में कार्य करें। कार्यक्रम की आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां आपसी समन्वय से बाल वाटिका का संचालन करें, ताकि कोई भी बच्चा प्राथमिक शिक्षा से वंचित न रहे और विद्यालयों में नामांकन दर में निरंतर वृद्धि हो सके। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास खंडों द्वारा बाल वाटिका और आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें बच्चों के लिए उपलब्ध संसाधनों और गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। वहीं सुंदर रंगोलियों के माध्यम से हमारा आंगन - हमारे बच्चे का संदेश भी सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय सूरतपुर के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी नवनीत तिवारी ने किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विकासखंड से उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, शिक्षकों और नोडल शिक्षकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर बालिका शिक्षा जिला समन्वयक रोहित सिंह, एस आर जी ममता शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, एआरपी हरि किशोर दीक्षित, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र जायसवाल, कौशलेंद्र मिश्रा, शुभम तिवारी जितेंद्र गुप्ता, उमेश चंद्र सक्सेना सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सुपरवाइजर, शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। नन्हे बच्चों की मुस्कान, रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और शिक्षा के प्रति समर्पित संदेशों के साथ यह कार्यक्रम वास्तव में हमारा आंगन-हमारे बच्चे की भावना को जीवंत कर गया।

### शादी समारोह से बाइक चोरी, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

पुवायां। क्षेत्र में एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित अलोक सिंह पुत्र अमर सिंह, निवासी ग्राम भटेरा कनजा थाना कलीली, जिला पीलीभीत, 19 फरवरी 2026 को रात करीब 8 बजे अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से एक विवाह समारोह में शामिल होने पुवायां आया था। बताया गया है कि युवक ने अपनी बाइक जसवंत पैलेस, शाहजहांपुर रोड पुवायां के बाहर खड़ी कर दी थी। समारोह से लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

## प्राकृतिक गैस का उपयोग कम करने की जरूरत

पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध ने खाड़ी देशों से कच्चे तेल, तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एल.एन.जी.) और रिफाइनरी उत्पादों की आपूर्ति रोक दी है, जिससे भारत को खाना पकाने के लिए आयातित हाइड्रोकार्बन पर निर्भरता की वास्तविकता का एहसास हो गया है। अब समय आ गया है कि हम अपने रसोईघरों में तरल पैट्रोलियम गैस (एल.पी.जी.) और पाइपलाइन वाली प्राकृतिक गैस (पी.एन.जी.) का उपयोग कम करना शुरू करें। एल.पी.जी. मूल रूप से प्रोपेन और ब्यूटेन का मिश्रण है, जबकि पी.एन.जी. मुख्य रूप से मीथेन है, ठीक उसी तरह, जैसे संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सी.एन.जी.), जिसका उपयोग वाहन पैट्रोल और डीजल के कम कार्बन वाले विकल्प के रूप में करते हैं। इसकी बजाय, हमें घरेलू कोयले और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से उत्पन्न बिजली से चलने वाले इलैक्ट्रिक स्टोव पर खाना पकाना चाहिए। चूंकि हमारे पास अपना कोयला है, इसलिए इसकी आपूर्ति विदेशों में युद्ध से बाधित नहीं हो सकती। न ही इसकी कीमत भू-राजनीतिक उतार-चढ़ाव से प्रभावित होती है। अब जबकि विद्युतीकरण दूरदराज के क्षेत्रों तक भी पहुंच गया है और घर बिजली ग्रिड से जुड़ गए हैं, जिनमें से कुछ छोटे जलविद्युत या नवीकरणीय परियोजनाओं द्वारा संचालित स्थानीय नैटवर्क हैं, एकमात्र चुनौती आपूर्ति की निरंतरता और वोल्टेज स्थिरता के संदर्भ में विश्वसनीयता है। यदि बिजली क्षेत्र में राजनीतिक मूल्य निर्धारण को हटा दिया जाए, तो बिजली कटौती के कारण होने वाली असुविधा चिंता का विषय नहीं रहेगी। हमारे प्रचुर मात्रा में कोयले के भंडार को निकालने के लिए व्यावसायिक खनिकों के चयन में भी राजनीति की भूमिका होती है। इसमें भी सुधार की गुंजाइश है। आदर्श रूप से, खाना पकाने के लिए इंडक्शन स्टोव का उपयोग करना चाहिए, न कि सिरेमिक डिस्क पर बने खांचों में लिपटी हीटिंग कॉइल का। हीटिंग कॉइल गैस स्टोव की तरह ही काम करती है- यह खाना पकाने के बर्तन के बाहरी हिस्से को गर्म करती है, जिससे उसके अंदर रखे भोजन तक गर्मी पहुंचती है, लेकिन इस प्रक्रिया में काफी मात्रा में विकिरण ऊष्मा नष्ट हो जाती है। इसके विपरीत, इंडक्शन स्टोवटॉप के ऊपर एक विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र बनाता है जो स्टोव की दीवार में कई छोटे-छोटे विद्युत धारा के भंवर उत्पन्न करता है। इस पर रखे बर्तन (यदि वह सही सामग्री का हो) के कारण, इलैक्ट्रॉन प्रवाह के प्रति बर्तन का प्रतिरोध उसे गर्म करता है और भोजन को पकाता है। हालांकि इंडक्शन स्टोव महंगे हो सकते हैं, क्योंकि उनके लिए विशेष बर्तनों की आवश्यकता होती है, लेकिन जो लोग इन्हें वहन कर सकते हैं, उन्हें इसके फायदों पर ध्यान देना चाहिए। ये अपनी विद्युत ऊर्जा का 85-90 प्रतिशत तापीय ऊर्जा में परिवर्तित करते हैं, जबकि गैस स्टोव की दक्षता केवल 40 प्रतिशत के आसपास होती है। बॉटलिंग प्लांट में भरे गए एल.पी.जी. सिलैंडरों की डिलीवरी और ट्रकों द्वारा परिवहन में उपयोग की जाने वाली ऊर्जा को भी शामिल करें। शहरी पी.एन.जी. नैटवर्क में भी लागत आती है। लेकिन अतिरिक्त बिजली की मांग से होने वाले कार्बन उत्सर्जन का क्या? यह सच है कि हमारे पुराने बिजली संयंत्रों की तापीय दक्षता 40 प्रतिशत से कम है, जबकि नए संयंत्र 44 प्रतिशत तक तापीय दक्षता प्रदान करते हैं। दक्षता में प्रत्येक बिंदू की वृद्धि का अर्थ है ईंधन की खपत और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में 2-3 प्रतिशत की कमी। गैस टर्बाइन, यदि स्टीम चक्र के साथ संयोजन में चलाए जाएं, तो 50 प्रतिशत से अधिक, 64 प्रतिशत तक की दक्षता प्राप्त कर सकते हैं। आदर्श रूप में, कोयले का गैसीकरण किया जाना चाहिए और इस गैस का उपयोग दोहरे चक्र वाले गैस टर्बाइनों के माध्यम से बिजली उत्पन्न करने के लिए किया जाना चाहिए। भारत के जलवायु परिवर्तन संबंधी एजैंडे के साथ इलैक्ट्रिक कुकिंग कैसे मेल खाएगी? जीवन स्तर में सुधार के साथ, स्वाभाविक रूप से, हमारी प्रति व्यक्ति बिजली की खपत वैश्विक औसत के आधे से बढ़कर होगी, जो कि वर्तमान में है। हम आवागमन और घर के अंदर तापमान नियंत्रण के लिए अधिक बिजली का उपयोग करेंगे। रसोई को पूरी तरह से इलैक्ट्रिक बनाने से कुल बिजली की खपत में मामूली वृद्धि होगी। चुनौती यह है कि मांग को जिम्मेदारी से प्रबंधित करते हुए, दक्षता और न्यूनतम बर्बादी के साथ इस बिजली का उत्पादन कैसे किया जाए? हमें अपनी बिजली क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ कार्बन कैप्चर और पुनः उपयोग के लिए भी व्यापक प्रयास करने होंगे। कैप्चर किए गए कार्बन को हीरे, ग्राफेन और कार्बन फाइबर से लेकर रेत के विकल्प और लंबी श्रृंखला वाले पॉलिमर तक विभिन्न सामग्रियों में परिवर्तित किया जा सकता है। यही सही रास्ता है।

# निवारक स्वास्थ्य देखभाल में अग्रणी भूमिका निभा रहा है योग



प्रतापराव जाधव

*एमडीएनआईवाई और केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन-2026 के दौरान भी वैज्ञानिक प्रमाण के महत्व पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने यह रेखांकित किया कि सुदृढ़ अनुसंधान, अंतरविषयक सहयोग, और प्रभावी डिजिटल सहभागिता आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में योग को एकीकृत करने और स्पष्ट स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य हैं। ये घटनाक्रम योग के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाते हैं। अब इसे केवल व्यक्तिगत कल्याण के अभ्यास के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह उत्तरोत्तर रूप से जन-स्वास्थ्य, कौशल विकास और वेलनेस आधारित रोजगार के अवसरों के एक मार्ग के रूप में उभर रहा है। योग परंपरा को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ते हुए ग्लोबल योग क्रांति की प्रेरक शक्ति के रूप में उभर रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय वेलनेस क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को और मजबूत कर रहा है। जैसे-जैसे हम 13 मार्च के करीब पहुँच रहे हैं, जो 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100-दिन के काउंटडाउन का संकेत है, यह हमें इस बारे में सोचने का अवसर देता है कि किस प्रकार योग एक प्राचीन पद्धति से लेकर वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य और कल्याण मार्ग के रूप में विकसित हो गया है। ये सौ दिन हमें याद दिलाएं कि हम दैनिक योग अभ्यास शुरू करें या उसे नवीनीकृत करें, और अपने परिवार, मित्रों और समुदायों को योग को जीवन जीने का तरीका बनाने के लिए प्रेरित करें। योग को दैनिक जीवन में शामिल करके, हम केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही मजबूत नहीं करते, बल्कि सामूहिक कल्याण, संगठनात्मक दक्षता और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं।*

बीते दशक में योग को केवल पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में ही नहीं सराहा गया, बल्कि उसे उत्तरोत्तर रूप से स्वास्थ्य और कल्याण के लिए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण के रूप में भी पहचाना जाने लगा है। वैज्ञानिक अनुसंधान, डिजिटल नवाचार और वैश्विक सहयोग अब हमें योग को केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत ही नहीं, बल्कि एक सशक्त जन-स्वास्थ्य हस्तक्षेप समझने में भी मदद कर रहे हैं।

मोररजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) को पारंपरिक चिकित्सा (योग) के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया है और योग अनुसंधान में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका और भी मज़बूती प्रदान करते हुए वर्ष 2025-2029 के लिए इसे फिर से निमित किया गया है। यह पहचान गैर-संचारी रोग (एनसीडी) के लिए साक्ष्य-आधारित योग हस्?तक्षेपों को बढ़ावा देने में संस्थान की बढ़ती भूमिका को दिखाती है। इस पहल के प्रमुख साझेदारों में आयुष मंत्रालय, एम्स दिल्ली, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, और इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज, दिल्ली शामिल हैं।

इन सहयोगों के माध्यम से केंद्र मधुमेह, मोटापा और तनाव से संबंधित विकारों जैसे गैर-संचारी रोगों के लिए योग-आधारित हस्तक्षेपों पर तकनीकी दिशानिर्देश विकसित कर रहा है और अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है। इन प्रयासों में अंतरराष्ट्रीय संगठन भी साझेदारी कर रहे हैं, जिससे योग की वैज्ञानिक आधारशिला और मजबूत हो रही है तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल के लिए व्यापक रूप से लागू किए जा सकने वाले, किफायती और साक्ष्य-समर्थित प्रभावी साधन के तौर पर योग की क्षमता प्रदर्शित हो रही है।

संस्थागत स्तर पर एमडीएनआईवाई योग की वैज्ञानिक आधारशिला को मजबूती प्रदान करना जारी रखे हुए है। शरीर क्रिया विज्ञान, जैव रसायन, बायोमैकेनिक्स और मनोविज्ञान की अनुसंधान प्रयोगशालाओं के माध्यम से यह संस्थान योग के मनो-शारीरिक और जैव-रासायनिक प्रभावों, उम्र बढ़ने में इसकी भूमिका तथा जीवनशैली से जुड़े विकारों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करता है। यह कार्य पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ जोड़ने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है

डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने योग की पहुँच को और अधिक बढ़ाया है, जिससे साक्ष्य-आधारित पद्धतियाँ सीधे लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन रही हैं। m-Yoga मोबाइल एप्लिकेशन और Y-Break प्रोटोकॉल जैसे प्रयास यह दिखाते हैं कि योग की प्रामाणिकता और चिकित्सकीय महत्व बनाए रखते हुए उसे बड़े स्तर पर पहुँचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से विकसित किए गए m-Yoga प्लेटफॉर्म पर 1.1 लाख से अधिक डाउनलोड दर्ज किए जा चुके हैं, जो सुलभ डिजिटल वेलनेस टूल्स में बढ़ती रुचि को दर्शाता है। वहीं कार्यस्थल योग कार्यक्रम Y-Break – जो काम के दौरान 5-10 मिनट का सरल योग ब्रेक है – से अब तक 33 लाख से अधिक सरकारी अधिकारियों को लाभ मिल चुका है। इन पहलों से प्राप्त अनुसंधान निष्कर्ष और सहभागिता विश्लेषण अत्यंत उत्साहजनक हैं। Y Break अभ्यास से कुछ ही सप्ताहों में अनुभूत तनाव में लगभग 40 प्रतिशत तक कमी देखी गई है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि इससे मानसिक सतर्कता, भावनात्मक दृढ़ता और निर्णय-क्षमता में सुधार होता है। इसके साथ-साथ कॉर्टिसोल स्तर जैसे शारीरिक संकेतकों में भी सकारात्मक परिवर्तन पाए गए हैं।


शारीरिक लाभों में गर्दन, कंधे और कमर के दर्द में कमी, श्वास अभ्यास से सांस लेने की क्षमता में सुधार और संपूर्ण जीवन शक्ति में वृद्धि शामिल हैं–ये परिणाम विशेषकर आज के निष्क्रिय, स्क्रीन-आधारित कार्यस्थलों में प्रासंगिक हैं। Y-Break अभ्यास ने अनुपस्थिति में कमी लाने, कर्मचारियों के मनोबल में सुधार लाने, और कार्य-जीवन में स्वस्थ संतुलन कायम करने में भी योगदान दिया है, जो व्यक्तिगत और संगठनात्मक कल्याण दोनों को मजबूत बनाने की योग की क्षमता को दर्शाता है।

एमडीएनआईवाई और केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन-2026 के दौरान भी वैज्ञानिक प्रमाण के महत्व पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने यह रेखांकित किया कि सुदृढ़ अनुसंधान, अंतरविषयक सहयोग, और प्रभावी डिजिटल सहभागिता आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में योग को एकीकृत करने और स्पष्ट स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य हैं।

ये घटनाक्रम योग के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाते हैं। अब इसे केवल व्यक्तिगत कल्याण के अभ्यास के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह उत्तरोत्तर रूप से जन-स्वास्थ्य, कौशल विकास और वेलनेस आधारित रोजगार के अवसरों के एक मार्ग के रूप में उभर रहा है। योग परंपरा को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ते हुए ग्लोबल योग क्रांति की प्रेरक शक्ति के रूप में उभर रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय वेलनेस क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को और मजबूत कर रहा है। जैसे-जैसे हम 13 मार्च के करीब पहुँच रहे हैं, जो 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100-दिन के काउंटडाउन का संकेत है, यह हमें इस बारे में सोचने का अवसर देता है कि किस प्रकार योग एक प्राचीन पद्धति से लेकर वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य और कल्याण मार्ग के रूप में विकसित हो गया है। ये सौ दिन हमें याद दिलाएं कि हम दैनिक योग अभ्यास शुरू करें या उसे नवीनीकृत करें, और अपने परिवार, मित्रों और समुदायों को योग को जीवन जीने का तरीका बनाने के लिए प्रेरित करें।

योग को दैनिक जीवन में शामिल करके, हम केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही मजबूत नहीं करते, बल्कि सामूहिक कल्याण, संगठनात्मक दक्षता और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। आज, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से, भारत योग की अनंत ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित और सार्वभौमिक रूप से सुलभ मार्ग में बदलने का अगला निर्णायक कदम उठा रहा है, जो वैश्विक स्वास्थ्य, संतुलन और कल्याण के लिए मार्गदर्शक बन सकेगा।

***(लेखक आयुष मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार वाले केंद्रीय राज्य मंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री हैं।)***



विचार

# सार्थक न्याय और समानता का सुदृढ़ीकरण



डॉ. शैलेश

20 फरवरी को दुनिया ने विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया। यह दिवस सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को दूर करने और ऐसे समावेशी समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता है जहाँ व्यक्तिगत गरिमा, अवसरों तक पहुँच और निष्पक्षता विशेषाधिकार नहीं बल्कि मौलिक अधिकार हों। भारत जैसे बहु-विविध समाज के लिए, जहाँ संविधान न्याय और समानता की प्रतिज्ञा करता है, यह दिन विशेष महत्व रखता है।

यूजीसी समानता विनियम, 2026 के रुख्यापन के साथ, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक न्याय के संवैधानिक आदर्श को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यद्यपि कुछ आलोचनाओं में प्रक्रियात्मक कमियों की ओर संकेत किया गया है, फिर भी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आंदोलनों और पक्षधर संगठनों ने इसे ऐतिहासिक बहिष्करण को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना है। यूजीसी समानता विनियम, 2026 यह स्पष्ट करते हैं कि ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों का समावेशन मात्र प्रतीकात्मक कदम नहीं है, बल्कि यह संवैधानिक दायित्वों और प्रतिनिधित्व, गरिमा तथा संस्थागत जवाबदेही के लिए चल रहे आंदोलनों की ठोस मान्यता है। यहीं कारण है कि ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदाय इन विनियमों को विशेषाधिकार नहीं बल्कि संरचनात्मक न्याय के रूप में देखते हैं।

**संस्थागत पूर्वाग्रह की स्वीकृतिः-** पिछले कई दशकों से भारतीय विश्वविद्यालयों में एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के छात्र आंदोलनों ने जाति-आधारित भेदभाव की ओर ध्यान आकर्षित किया है, जिसमें सूक्ष्म बहिष्करण से लेकर प्रत्यक्ष उत्पीड़न तक शामिल हैं। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 17 के अंतर्गत समानता और भेदभाव-निषेध की गारंटी होने के बावजूद, संस्थागत प्रणालियाँ अक्सर प्रभावी प्रतिक्रिया देने में असफल रही हैं। जिसके कारण एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के छात्रों में उच्च शिक्षण संस्थान के प्रति एक अविश्वास का बोध था। लेकिन 2026 के विनियम जाति-आधारित भेदभाव को उच्च शिक्षा संस्थानों में एक संरचनात्मक समस्या के रूप में स्वीकार करते हैं, न कि अलग-थलग घटनाओं के रूप में। यह स्वीकृति तीन दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। पहला तो यह वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के अनुभवों को मान्यता देती है। दूसरा यह जिम्मेदारी का बोझ व्यक्ति से हटाकर संस्थानों पर डालती है। और तीसरा यह असंगत प्रतिक्रियाओं के स्थान पर संस्थागत जवाबदेही स्थापित करती है। इसलिए एससी और एसटी छात्र संगठन इन विनियमों को अस्वीकृति की स्थिति से औपचारिक स्वीकृति के रूप में एक संस्थागत जबाबदेही मानते हैं।

**सामाजिक न्याय ढाँचे का बृहद-रूपः-** पूर्ववर्ती तंत्र मुख्यतः एससी/एसटी सुरक्षा तक सीमित थे। यद्यपि संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) में ओबीसी समुदायों को मान्यता प्राप्त है, फिर भी शैक्षणिक संस्थानों में उनके लिए शिकायत निवारण के सुदृढ़ तंत्र अक्सर अनुपस्थित रहे। ओबीसी समुदायों का 2026 के विनियमों में समावेश सामाजिक न्याय के ढाँचे का विस्तार करता है। यह कदम समानता की अवधारणा को दो वर्गों से आगे बढ़ाता है, जाति-आधारित संरचनाओं में अंतर्निहित बहुस्तरीय वंचनाओं को स्वीकार करता है, साथ ही यह कदम मंडल आयोग के पश्चात भारत में सामाजिक न्याय की बदलती परिदृश्य के अनुरूप है।

ओबीसी छात्र संगठनों का मत है कि पूर्व में समानता समितियों की अनुपस्थिति के कारण भेदभाव की घटनाएँ कम दर्ज होती थीं और अदृश्य बनी रहती थीं। लेकिन संशोधित विनियम इस कमी को दूरकर सामाजिक न्याय के दायरे का विस्तार करते हैं।

**समानता समिति प्रतिनिधित्व का तंत्रः-** समानता समितियों और समान अवसर संरचनाओं की स्थापना शैक्षणिक संस्थानों में समावेशी निर्णय-प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाती है। एससी, एसटी और ओबीसी संगठनों के अनुसार, यह व्यवस्था निर्णय-प्रक्रिया को अधिक सुलभ बनाती है और संस्थानों को केवल शिकायतों के समाधान तक सीमित न रहकर सक्रिय निगरानी की दिशा में अग्रसर करती है। आलोचकों का तर्क है कि विशेष जातीय वर्गों का उल्लेख विभाजन को बढ़ा सकता है। किंतु सामाजिक न्याय आंदोलनों का मत है कि जाति की अनदेखी करने से जाति-आधारित भेदभाव समाप्त नहीं होता। औपचारिक मान्यता अनौपचारिक बहिष्करण को रोकने का साधन है। संविधान सकारात्मक कार्रवाई के रूप में समानता-आधारित भिन्नता की अनुमति देता है, जो पृथक्करण से भिन्न है। जब संरचनात्मक असमानताएँ विद्यमान हों, तब समान मानकों का समान रूप से प्रयोग असमानता को बनाए रखता है। इस असमानता को समानता समिति के माध्यम से दूर होने की व्यापक सम्भावना दिखती है।

**औपचारिक समानता से सार्थक समानता का रूखः-** भारतीय उच्च शिक्षा लंबे समय तक सामाजिक पदानुक्रमों का प्रतिबिंब रही है। एससी, एसटी और ओबीसी विद्वानों का तर्क है कि 'तटस्थता' की अवधारणा अक्सर विद्यमान विशेषाधिकारों को छिपाती है। 2026 के विनियम औपचारिक समानता व सार्थक समानता के रूप में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाते हैं। औपचारिक समानता का अर्थ है सभी शिकायतों पर समान नियम लागू करना। सार्थक समानता का अर्थ है कमजोर वर्गों के लिए विशेष संरक्षण, सक्रिय उपाय और प्रतिनिधित्व आधारित जवाबदेही।

सार्थक समानता की दृष्टि से ये विनियम संवैधानिक नैतिकता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप हैं। समर्थकों का मानना है कि कोई भी नियामक ढाँचा पूर्णतः त्रुटिरहित नहीं होता। वे तर्क देते हैं कि भविष्य में सुधार की संभावनाओं के साथ समानता स्थापित करना, नियामक शून्यता बनाए रखने से अधिक उपयोगी है। इस तरह एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के प्रथम पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए ये विनियम ऐतिहासिक रूप से बहिष्कारी रहे शैक्षणिक परिवेश में गरिमा और मान्यता का प्रतीक हैं। भारत ने संवैधानिक सुरक्षा, आरक्षण नीति और कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक न्याय की परंपरा को आगे बढ़ाया है। शिक्षा के अधिकार और वंचित समूहों के सशक्तिकरण की सरकारी नीतियाँ समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाती हैं। यूजीसी समानता विनियम, 2026 को समानता की अवधारणा से विचलन नहीं बल्कि संविधान के न्याय, स्वतंत्रता और बंधुता के सिद्धांतों के सुदृढ़ीकरण के रूप में देखा जाना चाहिए। एससी, एसटी और ओबीसी आंदोलनों के दृष्टिकोण से ये विनियम ऐतिहासिक अन्याय की स्वीकृति, संस्थागत जवाबदेही की स्थापना, लोकतांत्रिक सहभागिता का विस्तार, और सार्थक समानता की दिशा में प्रगति–का प्रतीक हैं। इस प्रकार, ये विनियम समानता के सिद्धांत को कमजोर नहीं करते, बल्कि उच्च शिक्षा के प्रशासन को भारत की सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाकर उसे सशक्त करते हैं।

**सहायक प्रोफेसर, एमिटी यूनिवर्सिटी हरियाणा में सामाजिक कार्य का अध्यापन।**

साहित्य



## दर्द मधु है, आंसू साकी है

**अलका 'सोनी'**

जीवन की इस मधुशाला में
दर्द मधु है
आंसू साकी है,
झूम उठेगा वो ही
जिसमें तेरी यादें बाकी हैं,
प्रथम मिलन की प्रथम झलक की
अब तक नयनों में झांकी है
झूम उठेगा वो ही
जिसमें तेरी यादें बाकी हैं,
मधु हंसी में
मधु बोली में,
पहले छुअन की कोमलता
अब भी ताज़ी है
झूम उठेगा वो ही
जिसमें तेरी यादें बाकी हैं
कोई पावन धाम सा लगता
राधा के मोहन का नाम वो लगता
उन पांवों के निशान
मन के वृंदावन में
अब भी बाकी हैं,
दर्द मधु है
आंसू साकी है
झूम उठेगा वो ही
जिसमें यादें तेरी बाकी हैं....



## राशिफल

**मेषः-** कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**वृषभः-** मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। आलस्य कतई न करें।

**मिथुनः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है।

**कर्कः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

**सिंहः-** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें।

**तुलाः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मकरः-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। रोजगार में समस्याएं आएंगी।

**कुंभः-** राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा।

**मीनः-** किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

# अखिलेश की पश्चिमी यूपी में बड़ी चुनावी रैली की तैयारी



अजय कुमार

समाजवादी पार्टी ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी औपचारिक रूप से शुरू कर दी है। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 29 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दादरी में समानता भाईचारा रैली के जरिए अपना चुनावी अभियान शुरू करेंगे। यह महज एक रैली नहीं है, बल्कि यह उस बड़ी राजनीतिक योजना की शुरुआत है जिसके जरिए अखिलेश यादव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी की जमीन को नए सिरे से तैयार करना चाहते हैं। दादरी का चुनाव भी रणनीतिक है क्योंकि यह इलाका जाट, मुस्लिम, दलित और पिछड़े वर्गों की मिली-जुली आबादी वाला क्षेत्र है और यहीं से पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक की राजनीति को धार देने की कोशिश की जाएगी। 2022 के विधानसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन समाजवादी पार्टी के लिए बेहद निराशाजनक रहा था। पश्चिमी यूपी में कुल मिलाकर करीब 136 विधानसभा सीटें आती हैं जिनमें मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, हापुड़ और आसपास के जिले शामिल हैं। 2022 में इस पूरे इलाके में समाजवादी पार्टी को केवल 35 से 38 के आसपास सीटें मिली थीं जबकि भारतीय जनता पार्टी ने यहां करीब 80 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी। वोट प्रतिशत की बात करें तो पश्चिमी यूपी में भाजपा को करीब 44 से 46 फीसदी वोट मिले थे जबकि सपा 30 से 33 फीसदी के आसपास सिमट गई थी। राष्ट्रीय लोकदल उस वक्त सपा के साथ गठबंधन में था और उसने जाट बहुल इलाकों में कुछ सीटें जिताई थीं, लेकिन इसके बावजूद गठबंधन का समग्र प्रदर्शन भाजपा के मुकाबले कमजोर ही रहा।

पश्चिमी यूपी में सपा की कमजोरी की जड़ें बहुत गहरी हैं। 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के बाद इस इलाके में जाट और मुस्लिम समुदाय के बीच जो दरार पैदा हुई थी, उसका सीधा फायदा भाजपा को मिला। जाट मतदाता जो परंपरागत रूप से कभी कांग्रेस तो कभी लोकदल के साथ रहते थे, 2014 के बाद से भाजपा की तरफ मजबूती से झुक गए। 2022 में भी यह झुकाव बड़े पैमाने पर बना रहा। हालांकि राकेश टिकैत के नेतृत्व में किसान आंदोलन के बाद यह उम्मीद जगी थी कि जाट वापस भाजपा से नाराज होंगे, लेकिन वोटिंग के वक्त बड़े पैमाने पर यह नाराजगी सपा के पक्ष में नहीं बदल पाई।अब 2023 में राष्ट्रीय लोकदल ने सपा का साथ छोड़कर भाजपा के साथ हाथ मिला लिया है। जयंत चौधरी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन में शामिल हो गए हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि 2027 में सपा के पास पश्चिमी यूपी में जाट मतदाताओं तक पहुंचने का वह पुराना पुल नहीं रहेगा। पश्चिमी यूपी की करीब 40 से 45 विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां जाट मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इन सीटों पर रालोद के भाजपा के साथ जाने से सपा की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।ऐसे में अखिलेश यादव की पीडीए रणनीति ही वह हथियार है जिससे वे इस गणित को पलटना चाहते हैं। पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक यानी पीडीए का यह फार्मूला 2024 के लोकसभा चुनाव में काफी हद तक काम भी किया। 2024 में सपा ने उत्तर प्रदेश में 37 सीटें जीतीं जो पार्टी के इतिहास में लोकसभा का सबसे बेहतर प्रदर्शन था। पश्चिमी यूपी में भी 2024 में सपा ने कुछ अप्रत्याशित जीतें दर्ज कीं। मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा और बिजनौर जैसे क्षेत्रों में सपा और उसके सहयोगी दलों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इससे अखिलेश को भरोसा मिला कि पीडीए का फार्मूला अगर सही तरीके से जमीन पर उतारा जाए तो पश्चिमी यूपी में भी बड़ा बदलाव संभव है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जातीय संरचना पर गौर करें तो यहां मुस्लिम आबादी कई जिलों में 30 से 40 फीसदी तक है। मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, संभल, अमरोहा, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर जैसे जिलों में मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में हैं और वे परंपरागत रूप से सपा के साथ रहे हैं। इसके अलावा दलित मतदाता जो अनुसूचित जाति के हैं, पश्चिमी यूपी में करीब 20 से 22 फीसदी हैं। पिछड़े वर्ग जिनमें यादव, कुर्मी, सैनी, प्रजापति, गुर्जर और अन्य जातियां शामिल हैं, उनकी भी पश्चिमी यूपी में ठीकठाक मौजूदगी है। अगर ये तीनों तबके एकजुट होकर सपा को वोट दें तो कम से कम 50 से 55 फीसदी वोट का आधार बन सकता है जो किसी भी सीट पर जीत के लिए पर्याप्त है।लेकिन असली चुनौती इन्हें एकजुट करना है। दलित मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा अभी भी बहुजन समाज पार्टी की तरफ देखता है। हालांकि मायावती की पार्टी 2022 और 2024 दोनों चुनावों में बुरी तरह पिटी है और उनका वोट बैंक बिखर रहा है। अखिलेश की कोशिश है कि इस बिखरे हुए दलित वोट को अपनी तरफ खींचा जाए। दादरी की रैली में समानता और भाईचारे का संदेश इसीलिए दिया जाएगा ताकि दलित समुदाय को यह भरोसा दिलाया जा सके कि सपा उनकी पार्टी है।

पश्चिमी यूपी में सपा के सामने एक और बड़ी समस्या संगठन की है। इस इलाके में सपा का जमीनी ढांचा बहुत मजबूत नहीं है। पूर्वी यूपी के मुकाबले जहां यादव बाहुल्य क्षेत्र हैं और पार्टी की गहरी जड़ें हैं, पश्चिमी यूपी में सपा को हर बूथ तक अपनी पहुंच बनाने के लिए नए सिरे से काम करना होगा। अखिलेश ने इसके लिए रैलियों और जनसंपर्क अभियानों की एक लंबी श्रृंखला तैयार की है जो दादरी से शुरू होकर पूरे पश्चिमी यूपी को कवर करेगी।भाजपा के लिए भी यह लड़ाई आसान नहीं होगी। किसानों की समस्याएं, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दे जनता के मन में हैं। पश्चिमी यूपी के गन्ना किसानों का बकाया और सरकारी योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन बड़े सवाल हैं। सपा इन्हीं मुद्दों को हवा देकर अपना रास्ता बनाना चाहती है।2027 में पश्चिमी यूपी की लड़ाई तय करेगी कि उत्तर प्रदेश में सत्ता का रुख किस तरफ जाएगा। इस इलाके की 136 के करीब सीटें किसी भी दल को सरकार बनाने या रोकने में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। अखिलेश यादव जानते हैं कि अगर पश्चिमी यूपी नहीं जीता तो लखनऊ की राह बंद है। दादरी की रैली इसी लंबे सफर का पहला कदम है।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### ई रिक्शा चालक को बेरहमी से पीटा, मरणासन्न हालात में छोड़कर दंबग फरार, पुलिस जांच में जुटी

**हरदोई।** सुरसा थाना क्षेत्र के पचकोहरा गांव स्थित दो दंगब युवकों ने एक ई रिक्शा चालक को बेरहमी से पीटा ,और मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपी युवको की तलाश में जुटी। थाना क्षेत्र के ही पुत्रियां निवासी रामप्रताप गुप्ता ई रिक्शा चलाते हैं।थाने पर दिए गए प्राथना पत्र में बताया की वह मंगलवार शाम को वह रिक्शा लेकर पचकोहरा तिराहा की ओर जा रहे थे।तभी पचकोहरा देशी शराब ठेका के पास पचकोहरा निवासी सर्वेश पुत्र उदन व गांव के उनके एक साथी ने रामप्रताप को किसी बात को लेकर रोंका उनको बेरहमी से पीटा रामप्रताप को मरणासन्न हालात में देखकर दंबग युवक मौके से फरार हो गए।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। वहीं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई।** मझिला थाना के ग्राम टेड़वा चतुरभुज में होली मिलकर वापस जा रहे युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर जाँच शुरू की है। थाना छेत्र के ग्राम भूप्पा पुरवा निवासी पीड़िता राखी पत्नी रंजीत कुमार के अनुसार वह 4 मार्च की दोपहर में करीब दो बजे अपने देवर आशीष कुमार और अन्य रिश्तेदारों के साथ टेड़वा होली मिलने गई थी। वापस आते समय टेड़वा निवासी प्रांजुल पुत्र मुरारी पाण्डेय ने गोविन्द और लकी के साथ मिलकर सड़क पर अपनी स्वीफ्ट डिजायर संख्या यूपी 16 ए ओ 4089 को खड़ा कर मार्ग अवरुद्ध कर रखा था। गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने उन सबको गाली गलौज करते हुए उसके देवर आशीष को डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया और सबको जान से मार डालने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट सरजी कर जाँच शुरू कर दी है।

### गैस एजेंसियों और पंपो पर सप्लाई इस्पेक्टर की छापामारी



**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देशन में सप्लाई इस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने तहसील क्षेत्र के ग्राम शिरोमन नगर में अबस्थी गैस एजेंसी ,रबूद गैस एजेंसी टुर्मुकी आदि एवं क्षेत्र के क ई डीजल प्ट्रोल पंपो का निरीक्षण किया है और वहां मौजूद जनता से संबाद करते हुए उन्होने कहा कि एजेंसियों पर घरेलू गैस और पंपो पर पर्याप्त मात्रा मे डीजल प्ट्रोल उपलब्ध है गैस और आयंल की कोई कमी नही है स्टाक न करिए जरूरत के मुताबिक खरीददारी करते रहिए उन्होने गैस, और आयल की कमी को न ए सिरे से खारिज करते हुए जनता से अपील की है कि वे अफवाहो में न आए।

### मीटर रीडर ने लगाया सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप

**शाहाबाद हरदोई।** विद्युत वितरण खंड शाहाबाद के नरहाई फीडर के मीटर रीडर और सुपरवाइजर ने एक दबंग दलित ग्रामीण पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और दलित एक्ट में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए विभागीय अधिकारी को लिखित तहरीर दी है।अधिशासी अभियंता ने पुलिस को पत्र भेज कर आवश्यक कार्यवाही के लिए अनुरोध किया है। अधिशाषी अभियंता भजन लाल के अनुसार नरहाई फीडर के ग्राम झोथूपुर में टीम के साथ गए सुपरवाइजर रोहित यादव और मीटर रीडर नवनीत कुमार विभागीय कार्य हेतु गुरवार को दोपहर में गए थे। गांव निबासी विवेक कुमार ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया। पीड़ित नवनीत कुमार ने प्रार्थना पत्र में आरोपी द्वारा दलित एक्ट में फ़साने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

### नीम के पेड़ से फांसी लगाकर 17 वर्षीय किशोर ने की आत्महत्या




**रामपुरा (जालौन)।** ग्राम कस्वा निवासी हेमन्त उर्फछोटू (17) पुत्र श्यामप्रकाश कोरी गुरुवार की सुबह घर से निकलकर गांव के पास स्थित जंगल की ओर चला गया। वहां उसने एक नीम के पेड़ पर रस्सी का फंद्रा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। कुछ ग्रामीण जब जंगल की ओर गए तो उन्होंने किशोर का शव पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना मृतक के परिजनों तथा स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बताया जाता है कि मृतक अपने माता–पिता के दो बेटों में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई का नाम भैरव है। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। थाना प्रभारी रजत कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### एसडीएम ने दिलाया भरोसा, प्रत्येक उपभोक्ता को मिलेगा गैस सिलेंडर



**कालपी (जालौन)।** गुरुवार को उप जिलाधिकारी की अगुवाई में एलपीजी गैस एजेंसियों के परिसर में निरीक्षण किया तथा गैस एजेंसी संचालक तथा उपभोक्ताओं से संवाद स्थापित किया गया। एसडीएम ने उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाया है कि एलपीजी गैस के सिलेंडर का पर्याप्त भंडारण है एवं सुगमता से गैस सिलेंडर उपलब्ध कारण जाने की व्यवस्था कर दी गई है। एसडीएम ने बताया कि कस्बा कालपी स्थित भारत गैस एजेंसी की चेकिंग कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी, सप्लाई इंस्पेक्टर प्रफुल्ल कुमार मिश्र, क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार उत्तम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया स्टॉक चेक किया गया, पर्याप्त भंडारण है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने उपभोक्ताओं तथा जनता से संवाद स्थापित करते हुये समझाया गया कि नम्बर लगने के दो दिनों के अंदर एजेंसी संचालक के द्वारा होम डिलीवरी करायी जाएगी। एजेंसी संचालक ने भी अवगत कराया है कि गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है तथा सुगमता से उपभोक्ताओं को नियमानुसार तरीके से गैस सिलेंडर का वितरण किया जा रहा है।

### जिला आपदा मित्र एसोसिएशन ने धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन दिया



**महोबा।** उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एसोसिएशन जिला महोबा द्वारा धरना प्रदर्शन कर विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन दिया। उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एसोसिएशन के धीरेन्द्र तिवारी, अनिल कुमार, दीपक, नारायण दास, अफसाना, पूनम, सम्पत देवी, जीतेन्द्र कुमार, सोनू सेन, जीतेन्द्र मिश्रा, राधारानी, राजेन्द्र कुमार, आदि ने मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन देकर कहा है कि आपदा मित्र 2018 से प्रदेश सरकार एवं राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश के सभी निर्देशों का पालन करते हुए प्रशासन के साथ मिलकर कंधे से कन्धा मिलाकर विभिन्न कार्यों को सफल बनाया है। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए सरकार से वीमा राशि बढ़ाकर 20 लाख करने, सभी आपदा मित्रों, सखियों को सड़क सुरक्षा ट्रेफिक, फायर बिग्रेड कर्मचारी घोषित करने, सामाजिक सुरक्षा गारंटी, न्यूनतम वेतन 26910 मासिक की गारंटी तथा प्रशिक्षण व सभी कार्य दिवस का तत्काल भुगतान आदि जैसी मांग रखी है।

### वयोवृद्ध गल्ला व्यापारी कौशल किशोर शुक्ल का 92 वर्ष की आयु में निधन, व्यापारियों में शोक



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित गल्ला व्यापारी, समाजसेवी एवं ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज के अनन्य भक्त कौशल किशोर शुक्ल (92) का निधन हो गया। उनके निधन से व्यापारिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई कौशल किशोर शुक्ल लंबे समय तक गल्ला तिलहन व्यापार संघ से जुड़े रहे और करीब 20 वर्षों तक संघ के अध्यक्ष पद पर रहकर व्यापारियों के हितों के लिए सक्रिय संघर्ष करते रहे। उनके नेतृत्व में व्यापारियों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाता था। इंस्पेक्टर राज के दौर में उन्होंने प्रशासनिक दबाव और शोषण के खिलाफ व्यापारियों की आवाज बुलंद की। उनके कार्यकाल में अधिकारियों की व्यापारियों का उत्पीड़न करने की हिम्मत नहीं होती थी वे केवल एक सफल व्यापारी ही नहीं बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाते थे। श्री गायत्री विद्या मंदिर कॉलेज के प्रबंधक के रूप में उन्होंने शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौजूदा समय में वे कस्बे में संचालित संस्कृत विद्यालय के अध्यक्ष थे। सरल स्वभाव, स्पष्टवादिता और समाज के प्रति समर्पण के कारण वे सभी वर्गों में सम्मानित थे बृहस्पतिवार को मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां सैकड़ों व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी और उनके योगदान को याद किया इस मौके पर सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति, प्रधान नोखेलाल, दिग्पाल चंदेल,आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने जन सनुवाई में सुनी 71 शिकायतें



**प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो: अनुनय झा**

हरदोई, समृद्धि न्यूज।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 71 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेउ्ट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहै।

### अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में हुई अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक



**हरदोई।** गुरुवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी कि अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में दीवानी, राजस्व एवं फौजदारी आदि के मामलों की जो सबसे पुराने मुकदमे लंबित है उनको अभियान चला कर निस्तारण करने निर्देश दिए। बैठक मे पास्को एक्ट के मुकदमों की समीक्षा की गयी। सरकारी भूमि कब्जे के मामले जो कोर्ट में चल रहे हैं निस्तारण करने निर्देश दिए। उन्होंने लेबर कोर्ट के लम्बित मामलों को निस्तारित करने निर्देश के दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी एवं शासकीय अधिवक्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर चढ़ने से हुई बालक की मौत, परिवार में मचा कोहरम

**बेनीगंज/हरदोई।** जनपद हरदोई के कोतवाली क्षेत्र अतरौली के अंतर्गत हरपालपुर पट्टी में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिससे कि पूरा गांव सहम गया। गांव के ही तिराहे पर 9 वर्षीय बालक की ट्रैक्टर चढ़ने से मौत हो गई। ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों को पता होने पर बालक को सी एच सी भरावन ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार के उपरांत मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस को परिजनों ने सूचित किया स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर हादसे में हुए ट्रैक्टर वाले टैंकर को अपने गिरफ्त में ले लिया है। वहीं इस संबंध में स्थानीय पुलिस का कहना है कि विधिक कार्यवाही प्रचलित है।वहीं पर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मां का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक बालक और चांद मियां का घर आमने सामने है। कोतवाली अतरौली क्षेत्र के अंतर्गत हरपालपुर पट्टी निवासी मृतक बालक के बाबा राम सहाय ने बताया कि मेरा पोता कृष्णा 9 वर्ष पुत्र भैयालाल निवासी हरपालपुर पट्टी समय लगभग 3 बजे, टैंकर वाले ट्रैक्टर मालिक चांद मियां पुत्र गफूर निवासी उपरोक्त के एक रिश्तेदार निवासी संडीला चला रहा था। चालक ने पहले बालक को ट्रैक्टर पर बिठाया फिर उतारते समय पहिया चढ़ गया, बताया जाता है कि जिससे कि मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। मृतक की एक छोटी बहन डेढ़ साल की बताई जाती है। बालक कंसुआ विद्यालय के कक्षा 1 में पढ़ता था।

### गलत इलाज से बिगड़ी ग्रामीण की तबीयत, मुख्यमंत्री से की शिकायत

**भरखनी, हरदोई।** भरखनी ब्लॉक क्षेत्र के हथौड़ा चौराहे पर संचालित एक क्लीनिक के संचालक पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने मुख्यमंत्री पोर्टल आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोपी के पास मेडिकल डिग्री न होने का भी आरोप लगाया गया है।

ग्राम हथौड़ा निवासी बृजेश सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में बताया कि हथौड़ा चौराहे पर अंकित अग्निहोत्री नाम का व्यक्ति क्लीनिक संचालित कर रहा है। आरोप है कि उसके पास किसी प्रकार की मान्य मेडिकल डिग्री नहीं है, इसके बावजूद वह ग्रामीणों का इलाज कर उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। बृजेश सिंह के अनुसार बीती 16 फरवरी को उन्हें बुखार आने पर उन्होंने उक्त क्लीनिक से दवा ली थी। आरोप है कि अंकित अग्निहोत्री ने उन्हें दवा देने के साथ एक इंजेक्शन भी लगाया, जिसके कुछ ही देर बाद दवा का रिएक्शन हो गया और उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए फर्रुखाबाद के एक अस्पताल ले गए, जहां उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार हुआ। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने इस मामले को लेकर अंकित अग्निहोत्री से शिकायत की तो उसने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। बृजेश सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भरखनी डॉ आनंद शुक्ला ने कहा कि शिकायत उनके पास आई नहीं है, शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।

## दो फरार पचीस पचीस हजार के इनामी हत्यारोपी पुलिस गिरफ्त में, भेजे गए जेल



**हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना छेत्र के ग्राम कोड़रा सरैया में पैसे के लेनदेन में पंद्रह माह पूर्व हुई युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे पचीस पचीस हजार रूपए के दो इनामी हत्यारोपियों को पुलिस ने गिरफ्त में लेकर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 12 दिसंबर 2024 को बद्री प्रसाद पुत्र जानुकी निवासी ग्राम कोड़ा सरैया द्वारा थाना बेहटागोकुल पर तहरीर दी गई उसके पुत्र हरीनाम व रामभरोसे पुत्र चिन्ता, पूनम पुत्र रामभरोसे, घनश्याम पुत्र रामभरोसे और सुमित पुत्र रामभरोसे सर्व निवासीगण ग्राम कोड़ा सरैया थाना बेहटागोकुल का आपसी पैसो के लेन-देन का विवाद होने के कारण अभियुक्तो द्वारा उसके पुत्र की हत्या कर पेड़ से लटका दिया गया व साक्ष्य छिपाने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने फरार चल रहे हत्यारोपियों पर पचीस पचीस हजार का इनाम घोषित किया था। 12 मार्च को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गिरी और पुलिस टीम द्वारा फरार हत्यारोपी रामभरोसे पुत्र चिन्ता और घनश्याम पुत्र रामभरोसे को थाना बेहटागोकुल क्षेत्रान्तर्गत सुखेता पुल से गिरफ्तार किया गया। हत्यारोपियों ने पुलिस को बताया मृतक हरिनाम व वह दोनों एक साथ दिल्ली में रहकर नौकरी करते थे। हरिनाम ने उन्हें कुछ रूपए दिये थे।वह अपने पैसे वापस मांग रहा था। इसी बात पर उन्होंने क्षुब्ध होकर हरिनाम की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया था। जिससे ऐसा प्रतीत हो की हरिनाम द्वारा आत्महत्या की हो।

# होली मिलन समारोह में राज्य मंत्री ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

हरदोई, समृद्धि न्यूज।



टोडरपुर ब्लॉक के ग्राम नगरिया में राम अवतार गुप्ता ने गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसकी मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी रहीं।होली मिलन समारोह की अध्यक्षता टोडरपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्याम बाबू त्रिवेदी ने की।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्रीमती तिवारी ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा होली का त्यौहार आपसी प्रेम और गिले शिकवे मिटाने का बहुत सुंदर अवसर होता है। इस त्यौहार में लोगों को पुराने आपसी भेदभाव मिटाकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सभी को समान रूप से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा कि सरकार ने किसानों के हित के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई हैं। गरीब वर्ग को मुफ्त राशन, महिलाओं को स्वाबलंबित करने के लिए मिशन शक्ति जैसी ऐतिहासिक योजनाओं का संचालन किया है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मोहित सिंह, विमल पाण्डेय, वैज नाथ पाण्डेय सहित गणमान्य लोग और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बाइक की टेंपो से भिड़ंत, युवक लहुलुहान

जगम्मनपुर (जालौन), समृद्धि न्यूज।

**कर्णखेरा मोड़ पर घटित हुआ सड़क हादसा**



तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने के कारण गुरुवार की सुबह मोटरसाइकिल और टेंपो के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर के पास स्थित कर्णखेरा मंदिर मोड़ पर गुरुवार सुबह करीब 7.15 बजे यह सड़क दुर्घटना हुई। बताया गया है कि ग्राम पतराही थाना कुठौंद निवासी मोनू सेंगर (32 वर्ष) पुत्र हरपाल सिंह सेंगर अपनी हीरो मोटरसाइकिल संख्या यूपी 92 एए 8926 से जगम्मनपुर से अपने गांव पतराही की ओर जा रहा था। इसी दौरान कर्णखेरा मोड़ के पास यमुना पुल की ओर से आ रहे टेंपो संख्या यूपी 92 एटी 6110 से उसकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में टेंपो चालक अमन पुत्र शिवराज राठौर निवासी ग्राम जूहीखा थाना अयाना जिला औरैया को मामूली चोटें आई, जबकि बाइक चालक मोनू सेंगर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर, पैर तथा शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना होते ही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत सहायता करते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जगम्मनपुर पुलिस चौकी का स्टाफ मौके पर पहुंच गया और घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा भेजा गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घर में बकरियां घुसने को लेकर हुई मारपीट

**जालौन (उरई)।** घर में बकरियां घुसने को लेकर हुए विवाद में दो युवकों ने महिला से झगड़ा कर धमकी दे डाली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रापटगंज निवासी मिथलेश लोहिया ने पुलिस को बताया कि उनके घर मे बकरियां घुसने को लेकर मोहल्ले के ही आरिफव समीर विवाद कर रहे थे। जब उन्होंने रोका तो गाली, गलौज कर झगड़ा करने लगे। मना करने पर धमकी देकर भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना एडमिन यूनिट /जोन लखनऊ–पू0उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/पू0उ0रे0 नीलामी सूची सं0/लॉट सं0: Catg-LJND-05-26 नीलामी सूची प्रकाशन तिथि: 10.03.2026 समय 16:18 बजे नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट): 25.03.2026 समय 10:00 बजे नीलामी बन्द करने की तिथि व समय: 25.03.2026 समय 11:00 बजे। नीलामी का प्रकार: Close Ended वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of www.ireps.gov.in

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक लखनऊ

मुजाधि/वाणिज्य–282

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**बैठक सूचना**

**ग्राम पंचायत मिस्तनी, तहसील–कायमगंज, जनपद–फर्रुखाबाद**

पत्रांक:-01 भू0प्र0स0 बैठक — दिनांक-13/03/2026

ग्राम पंचायत मिस्तनी के निवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम-बढार व मिस्तनी की बंजर नवीन परती आदि कृषि योग्य भूमि को कृषि कार्य के आवंटन हेतु भू0प्र0स0 की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी की अध्यक्षता में दिनांक-24/03/2026/समय 10:00 बजे को पंचायत भवन मिस्तनी में कृषि भूमि के आवंटन हेतु बैठक का आयोजन होगा। जिसमें सभी ग्रामवासी व सदस्य पात्र लाभार्थी समय पर पहुंचे व कृषि आवंटन बैठक को सफल बनाये।

मंत्री-अनिल कुमार भू0प्र0स0 — अध्यक्ष- राजकुमारी भू0प्र0स0

## अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

**परीक्षा केंद्रों स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर पारदर्शिता के साथ परीक्षा कराने के दिए निर्देश**

महोबा, समृद्धि न्यूज।



जनपद में आयोजित होने वाली उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा जनपद में बनाये गये विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण कर उनका जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित केन्द्र व्यवस्थापकों व ड्यूटी में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, शुचिता एवं सुरक्षा के साथ सम्पन्न कराया जाए तथा परीक्षा से संबंधित सभी मानकों व दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान पायी गयी कुछ त्रुटियों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गये। जिससे परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। अधिकारियों ने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सके।

### जनसुनवाई में 93 शिकायतें आयीं, अधिकांश का निस्तारण

**हमीरपुर।** डीएम घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 93 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का डीएम ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों केनिस्तारण हेतु डीएम ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम , बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए।

**यात्रीगण कृपया ध्यान दें!**

**विशेष रेलगाड़ी – 2026**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ी सं. 04432 आनंद विहार (टर्मिनल) – टाटानगर जं. एक्सप्रेस संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस रेल सेवा की समय–सारणी निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ी सं. 04432 आनंद विहार (टर्मिनल) – टाटानगर जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04432 आगमन | गाड़ी सं. 04432 प्रस्थान |
|---|---|---|
| आनंद विहार (टर्मिनल) | ---- | 05:00 |
| मुरादाबाद | 08:15 | 08:25 |
| बरेली | 10:10 | 10:15 |
| लखनऊ जं. | 14:20 | 14:30 |
| सुलतानपुर | 17:10 | 17:20 |
| वाराणसी | 21:40 | 21:50 |
| पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. | 22:40 | 22:45 |
| भभुआ रोड | 23:24 | 23:26 |
| सासाराम | 23:53 | 23:55 |
| डेहरी ऑन सोन | 00:08 | 00:10 |
| जपला | 00:55 | 00:57 |
| गढ़वा रोड जं. | 02:30 | 02:35 |
| डालटनगंज | 03:13 | 03:15 |
| बरवाडीह जं. | 03:43 | 03:45 |
| लातेहार | 04:20 | 04:22 |
| टोरी | 05:15 | 05:17 |
| बरकाकाना जं. | 07:48 | 07:50 |
| मूरी जं. | 08:55 | 09:00 |
| चाण्डिल जं. | 11:50 | 11:55 |
| टाटानगर जं. | 13:00 | ---- |

चलने के दिन: 04432 आनंद विहार (ट.) से दिनांक 16.03.2026 (सोमवार) को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

837/2026 — पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अमेरिका-ईरान जंग का असर: मौदहा में भी घरेलू गैस के लिए त्राहिमाम

**एसडीएम व सीओ ने गैस वितरण केंद्र का किया निरीक्षण, उपभोक्ताओं को जल्द गैस दिलाने का भरोसा**

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे अमेरिका-ईरान तनाव का असर अब स्थानीय स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। मौदहा कस्बे में घरेलू गैस की कमी के चलते बूढ़े, बच्चे और जवान सभी परेशान नजर आ रहे हैं। गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गुरुवार सुबह कस्बे के बड़ी देवी स्थित गैस वितरण केंद्र पर गैस की मारामारी की शिकायत मिलने पर उपजिलाधिकारी करणवीर सिंह व क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने वहां मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर गैस वितरण व्यवस्था की जानकारी ली उपभोक्ताओं ने अधिकारियों को बताया कि कई दिनों से गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है और एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस पर अधिकारियों ने लोगों को आश्वस्त किया कि किसी भी कीमत पर गैस की कालाबाजारी नहीं होने दी जाएगी और सभी उपभोक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं इस संबंध में गैस एजेंसी संचालक राजेंद्र कुमार मधुपिया ने बताया कि गैस की स्थिति उतनी गंभीर नहीं है जितनी उपभोक्ताओं में घबराहट फैल गई है। कुछ तकनीकी व आपूर्ति संबंधी समस्या जरूर है, जिसे जल्द ही सुधारने का प्रयास किया जा रहा है प्रशासन ने एजेंसी संचालक को निर्देश दिए हैं कि गैस वितरण पारदर्शी तरीके से किया जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एक दिन छोड़कर गाड़ी आने से ग्राहक परेशान

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे की एकमात्र गैस एजेंसी में एक दिन छोड़कर गैस आने से ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को दोपहर बाद गैस आने पर ग्राहक गोदाम से लेकर एजेंसी तक उमड़ पड़े कस्बे की हिंदुस्तान पेट्रोलियम गैस एजेंसी में एक दिन छोड़कर गाड़ी आ रही है। मंगलवार के बाद गुरुवार को एक ट्रक में 504 सिलेंडर प्राप्त हुए। दोपहर बाद गैस गोदाम में पहुंची गाड़ी की सूचना पाकर ग्राहक एजेंसी से लेकर गोदाम तक उमड़ पड़े।

# सर्वोदय बाल विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड हैदरगढ़ के मोहम्मदपुर स्थित सर्वोदय बाल विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दिनेश रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही देश और समाज का उत्थान संभव है, और देश की उन्नति का भार भावी पीढ़ी के कंधों पर है। वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को सामने लाने का एक मंच है। ऐसे आयोजनो से बच्चों को आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह मोनू पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला विद्यालय के प्रबंधक राजेश प्रताप सिंह बीडीसी बृजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं एवं अध्यापक मौजूद रहे।



**विधायक ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण**

विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर में क्षेत्र पंचायत निधि 7,20000 रुपए की लागत से नवनिर्मित शौचालय एवं ग्राम पंचायत रामपुर में 2,50000 की लागत से निर्मित 100 मी खड़ंजा मार्ग का लोकार्पण विधायक दिनेश रावत एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कर ग्राम वासियों को समर्पित किया।

## फर्जी तरीके से वीआईपी नम्बर जारी करने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ा

**बाराबंकी।** थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा अवैध तरीके स्वैपिंग कर वीआईपी नंबर के ई-सिम जारी करने वाले 02 साइबर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चार अदद मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद बाराबंकी में साइबर अपराध पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 11.03.2026 को थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 05/2026 धारा 319(2)/318(4)/336(3)/340(2)/338 बीएनएस व 66B/66C/66D आईटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. राकेश पाल पुत्र मेवालाल निवासी तिलक खेड़ा थाना संडीला जनपद हरदोई हाल पता मकान नंबर 5 ग्रीन फेस 3 सूरजकुंड मंदिर बुद्धेश्वर चौराहा थाना पारा जनपद लखनऊ, 2. शुभम शुक्ला पुत्र स्व0 गिरीश शुक्ला निवासी थानगांव थाना थानगांव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया।

## वामन अवतार की कथा सुन श्रोता हुए भावविभोर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पूरे झाम तिवारी मजरे बहुता गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने वामन अवतार की कथा का वर्णन किया उन्होंने बताया कि सतयुग में राजा बलि के बढ़ते प्रकोप के कारण श्रीहरि ने राजा बलि के घमंड को खत्म करने के लिए वामन अवतार लिया। भगवान वामन ने राजा बलि से 3 पग भूमि की मांग की। वहीं, गुरु शुक्राचार्य ने राजा बलि को 3 पग भूमि देने से मना किया। लेकिन राजा बलि ने गुरु शुक्राचार्य की बात का पालन न कर भगवान वामन को 3 पग भूमि देने का वचन दिया। भगवान वामन ने विशाल रूप धारण किया और पहले पग में पूरी पृथ्वी और दूसरे में देवलोक नाप लिया। वहीं, तीसरे में पग के लिए उनके पास कोई भी भूमि नहीं बची, तो ऐसे में राजा बलि ने तीसरे पग के लिए भगवान वामन के सामने अपना सिर कर दिया। राजा बलि के इस काम को देख भगवान वामन बेहद प्रसन्न हुए और उन्होंने बलि को पाताल लोक देने के बारे में फैसला लिया। इस अवसर पर सिद्धनाथ त्रिपाठी विनोद त्रिपाठी रामकुमार मिश्र ओमप्रकाश अवस्थी हरिश्चंद्र त्रिपाठी राकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




## शिक्षा सुधार के लिए ग्राम प्रधानों की हुई संगोष्ठी

**जैदपुर बाराबंकी।** हरख विकास खंड सभागार में गुरुवार को ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाना, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और बच्चों के नामांकन व उपस्थिति को बढ़ाना था। विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की आधारशिला है।

# गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ी मुश्किलें



**समृद्धि न्यूज, सिरौली गौसपुर बाराबंकी।**

एजेंसियों के द्वारा गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी न किये जाने से उपभोक्ताओं को नाकों चने चबाने पड़ रहे है। एक एक रसोई गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं ने हाय-तौबा मची हुई है।इन दिनों खजूरी विद्या मोहन एचपी गैस एजेंसी सहित सभी गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों को घंटों लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए स्वयं एजेंसी पर आना पड़ रहा है। यहां बुकिंग के बाद ओटीपी मैसेज के माध्यम से गैस का वितरण किया जा रहा है। तहसील क्षेत्र की सभी गैस एजेंसियों पर यही व्यवस्था लागू है।इससे पूर्व कस्बा बदोसराय में गैस एजेंसियों द्वारा बनाए गए सीएससी केंद्रों पर भी गैस पहुंचाई जाती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। इस कारण एजेंसियों पर भीड़ बढ़ गई है, जिससे उपभोक्ताओं को गैस लेने में और अधिक कठिनाई हो रही है।इस स्थिति को देखते हुए, उप जिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के ने बुधवार दोपहर में गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया था। उन्होंने एजेंसी संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी उपभोक्ता को परेशानी न हो। पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार लगातार गैस एजेंसियों की निगरानी कर रहे हैं।

## सीएम डैशबोर्ड में तृतीय और आईजीआरएस में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दी बधाई



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन के साथ कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत जनपद की विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं रैंकिंग की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कुल 37 बिंदुओं पर विभागवार स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड में तृतीय और आईजीआरएस में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी। और कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पित भाव से करते रहें। इसके साथ ही उन्होंने जिन विभागों की रैंकिंग अपेक्षित स्तर से नीचे है, उनके विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत रुचि लेते हुए योजनाओं की प्रगति में शीघ्र सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सी, डी एवं ई श्रेणी में शामिल विभागों के खराब प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

## गोल्डन बर्ड इंटर कॉलेज बना क्षेत्र का पहला संस्थान, चारों वर्गों की पढ़ाई एक ही परिसर में

**खीरों, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक क्षेत्र के गोल्डन बर्ड इंटर कॉलेज ने जिले में एक नया इतिहास रच दिया है। अब इस विद्यालय में विज्ञान, कला, कृषि और वाणिज्य (कॉमर्स) चारों वर्गों की पढ़ाई एक ही परिसर में उपलब्ध होगी। अब तक जिले में विज्ञान और कला वर्ग की पढ़ाई तो अधिकांश विद्यालयों में हो जाती थी, लेकिन कृषि और वाणिज्य वर्ग के लिए छात्रों को दूर-दराज के विद्यालयों का सहारा लेना पड़ता था। जानकारी के अनुसार जनपद में कृषि और वाणिज्य विषयों की पढ़ाई कराने वाले विद्यालयों की संख्या बहुत कम है। ऐसे में खीरों क्षेत्र के छात्रों को इन विषयों की पढ़ाई के लिए दूसरे क्षेत्रों में जाना पड़ता था। अब गोल्डन बर्ड इंटर कॉलेज को चारों वर्गों की पढ़ाई की मान्यता मिलने से क्षेत्र के छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी।

# जनपद में गैस एजेंसियों में सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : एडीएम



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने शहर में स्थित विभिन्न गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर उपलब्ध स्टाक, वितरण व उपभोक्ताओं द्वारा की गई बुकिंग इत्यादि की अभिलेखों की जांच की गई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में समस्त गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, उपभोक्ताओं को उनके द्वारा की गई बुकिंग के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। जनपद में कही पर भी गैस सिलेंडर की कोई समस्या नहीं है। इसी क्रम में जनपद की समस्त तहसील क्षेत्र में उप जिलाधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया गया एवं उपलब्ध स्टाक व व्यवस्थाओं को परखा गया, जिससे कही पर भी उपभोक्ताओं को कोई समस्या उत्पन्न न हो।

## खबरें एक नजर में

### जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### चार वारण्टी चढ़े पुलिस के हत्थे

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित वारण्टी की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में बृहस्पतिवार को थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा वाद सं. 1616/26 से संबन्धित दो वारण्टी रामराज पुत्र गयादीन व अमृत लाल रामसुख निवासीगण ग्राम सरैया मजरे रामगढ़ थाना संग्रामपुर, वाद सं. 428/26 से संबंधित वारण्टी देवी पुत्र जुगई निवासी ग्राम सोनारी कनू थाना संग्रामपुर तथा वाद सं. 1230/26 से संबंधित वारण्टी श्रवण कुमार उर्फ संजय मिश्रा पुत्र रामकुबेर मिश्रा निवासी ग्राम शुकुलपुर थाना संग्रामपुर को गिरफ्तार किया गया है। थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।



### नौ दिवसीय रामकथा का आनंद ले रहे हैं श्रोता

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तिलोई क्षेत्र के शाहमऊ कस्बे में चल रही नौ दिवसीय रामकथा के पाँचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान राम के जीवन प्रसंगों का श्रवण कर भक्ति में लीन हो रहे हैं। उरई जालौन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास पंडित प्रदीप तिवारी अपनी ओजस्वी वाणी से रामचरितमानस के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर रहे हैं। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और 'जय श्री राम 'के जयघोष से पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है। इस पावन आयोजन के मुख्य यजमान विंध्य प्रसाद गुप्ता एवं कृष्णा वती हैं, जिन्होंने विधि-विधान से पूजन और आरती संपन्न कराई। विन्धा प्रसाद गुप्ता सरल स्वभाव के व्यक्ति है और कुछ दिनों से धार्मिक कार्यो मे बढचढ कर हिस्सा लेते चले आ रहे है।



## श्रीमद्भगवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह देख मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड संग्रामपुर स्थित ग्रामसभा सहजीपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास पूज्य स्वामी ओमानंद जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान से सच्चा प्रेम ही भक्ति का सर्वोच्च मार्ग है। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान गीता तिवारी एवं श्री बालकृष्ण तिवारी रहे। स्वामी ओमानंद जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपन के आश्रम में विद्या ग्रहण, कालयवन वध तथा उद्धव-गोपी संवाद के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान की प्रत्येक लीला मानव जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश देती है। कथा के दौरान महारास लीला का विशेष महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि महारास जीवात्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन का प्रतीक है। महारास में गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण माने जाते हैं, जिनका श्रद्धा और भाव से गायन करने पर भक्त को भगवान की कृपा प्राप्त होती है। इसके साथ ही श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग भी बड़े ही संगीतमय और भावपूर्ण ढंग से सुनाया।

## रंगदारी में वांछित पचास हजार का इनामिया पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना विवेक कुमार सिंह मय हमराह आपरेशन चक्रव्यूह के तहत क्षेत्र में इसौली रोड जाखा शिवपुर के पास मौजूद थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कबाड़ व्यापारी रमन अग्रहरि से रंगदारी की घटना में वांछित व रुपये 50 हजार का ईनामिया अभियुक्त कहीं जाने की फिराक में है। पुलिस टीम द्वारा इसौली रोड़ पर पहुंच कर घेराबंदी की गई तभी इसौली घाट की तरफ से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा गाड़ी मोड़कर गुलाम हैदर जाने वाले कच्चे रास्ते से भागने लगा।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट, सड़क सुधार कार्यों तथा यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रोड पैच सुधार, रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग के कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं तथा जहां कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाए, बैठक में स्कूली वाहनों एवं बसों की नियमित जांच, फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। डीएम ने ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि चालान एवं जुर्माना की कार्रवाई प्रभावी ढंग से की जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड रमेश चंद्र, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, बीएसएम संजय तिवारी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के बावजूद पुलिस करवा रही निर्माण कार्य

- कोर्ट के आदेश को नहीं मानती महराजगंज की पुलिस : पीड़ित
- काम बंद करवा दिया गया है : थाना प्रभारी

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

महराजगंज क्षेत्र के महिपतगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला में दबंगों द्वारा पैतृक जमीन पर पुलिस की मिली भगत से निर्माण कार्य किया जा रहा है जानकारी के मुताबिक रघुराज पुत्र मोहन निवासी महिपतगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला ने थाना प्रभारी महराजगंज को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि विपक्षी राम आधार पुत्र सूर्यबली अखिलेश पुत्र राम आधार लवलेश पुत्र राम आधार निवासीगढ़ महिपतगंज के द्वारा प्रार्थी के घर के सहन के सामने दबंगई पूर्वक निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसका सिविल जज जू.डि. महोदय रायबरेली में मुकदमा विचाराधीन चल रहा है इसके बावजूद विपक्षीगण द्वारा दबंगई पूर्वक प्रार्थी का निकास बंद कर जबरन निर्माण कार्य किया जा रहा है प्रार्थी के मना करने पर विपक्षीगण गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र देते हुए निर्माण कार्य रोके जाने की गुहार लगाई है।

**क्या कहा थाना प्रभारी ने..**

इस संबंध में जब थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि काम को बंद करवा दिया गया मामला तीन भाइयों के जमीन बंटवारे को लेकर है एक लोगों ने उसमें अपना निर्माण करवा लिया है वही जब दूसरे ने निर्माण करवाना चाहा तो उसे पर आपत्ति लगा दी गई। पुलिस के ऊपर जो आरोप लगाया गया है वो गलत और निराधार है।

## अब होगी रसायन मुक्त फसल सुरक्षा, सोलर लाइट से होगी फसल की कीटों से रक्षा

- सोलर लाइट ट्रैप पर 75 प्रतिशत का मिलेगा अनुदान : ऋषि कुमार चौरसिया

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** भारत की 80 प्रतिशत आबादी खेती किसानी पर ही निर्भर है। ऐसे में सरकार भी किसानों को हाईटेक बनाने के लिए तरह-तरह की योजनाएं संचालित कर रही है. जिससे किसान आधुनिक तौर तरीके से खेती करें. साथ ही खेती में रासायनिक कीटनाशकों के इस्तेमाल को कम करने के साथ रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश कृषि विभाग द्वारा किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किए गए. एक खास तरह के कीटरोधी आधुनिक यंत्र को अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है.जिससे किसान इस यंत्र का इस्तेमाल कर अपनी फसल को बिना कीटनाशक के इस्तेमाल किए हुए कीटों से बचाव कर सकें. रायबरेली जिले के राजकीय कृषि केंद्र शिवगढ़ के कृषि रक्षा प्रभारी ऋषि कुमार चौरसिया बताते हैं कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को सुरक्षित टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प के तौर पर सोलर लाइट ट्रैप 75% के अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है. इसका इस्तेमाल कर किसान अपनी फसल को कीटों से बचाव के साथ रसायन मुक्त खेती कर सकेंगे. जिससे लोगों को रसायन मुक्त अनाज मिलेगा जो उनके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी रहेगा। सूर्य की रोशनी से स्वतः चार्ज होगा : ऋषि कुमार चौरसिया बताते हैं कि यह पूर्ण रूप से सोलर ऊर्जा से संचालित है जो सूर्य की रोशनी में चार्ज होगा. इसके उपरांत रात के समय इसमें लगे स्विच को ऑन करने पर यह रोशनी देगा. जिससे रोशनी को देखकर फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीट आकर्षित होकर ट्रैक में लगे संग्रह चेंबर में गिर जाएंगे. जिससे वह फसल को नुकसान भी नहीं पहुंचा पाएंगे और किसान बिना किसी कीटनाशक का इस्तेमाल किए हुए,अपनी फसल का कीटों से बचाव भी आसानी से कर सकेंगे।



# डीपीआरओ समय पर नहीं कर रहे कार्यवाही, दबा रहे फाइल

**सीतापुर।** सीतापुर की विकासखंड हरगांव में भ्रष्टाचार चरम पर है जहां पर ग्रामीणों ने शपथ पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को शिकायत की थी जिस शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा टीम गठित की गई टीम के द्वारा मौके पर जाकर जांच की गई जांच में प्रधान सचिव सहित अन्य अधिकारी दोषी पाए गए बताते चलेंविकासखंड हरगांव की ग्राम पंचायत बेनीपुर वाइजपुर की ग्राम प्रधान का ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा बरती गई गंभीर वित्तीय अधिनिमित की शिकायत शपथ पत्र के माध्यम से सीतापुर जिला अधिकारी से की गई थी जिलाधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायत में के खिलाफ टीम गठित की गई जांच पत्रांक संख्या 5387 दिनांक 21 1 2025 द्वारा जॉच कमेटी का गठन किया गया था जिसके क्रम में जांच जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को की दी गई थी जांच में लगाए गए आरोप सिद्ध पाए गए जांच अधिकारी द्वारा जांच आख्या जिला अधिकारी महोदय पत्रांक संख्या 650 दिनांक 10 2 2025 को प्रेषित की गई जो जो मार्क होकर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में प्राप्त एक साल पहले समय वित्तीय हो गई है जिला पंचायत अधिकारी द्वारा मार्को कर आई जिलाधिकारी कार्यालय से फाइल को अपने कार्यालय में दबाकर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का कार्य तेजी से कर रहे हैं और जिलाधिकारी के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं।

और उसके साथ भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे हैं।




**क्या निकला जांच निष्कर्ष**

जांच जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को की दी गई थी जांच में लगाए गए आरोप सिद्ध पाए गए जांच अधिकारी द्वारा जांच आख्या जिला अधिकारी महोदय पत्रांक संख्या 650 दिनांक 10 2 2025 को प्रेषित की गई।

# सभी अधिकारी स्वयं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर निगरानी रखें : जिलाधिकारी

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर. की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों का अनुश्रवण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी अपने विभाग की समस्त योजनाओं का नियमित रूप से अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित पोर्टल पर समय से वांछित डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरा जाये। लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी स्वयं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर निगरानी रखें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। फैमिली आई0डी0 की खराब प्रगति पर ए0डी0एस0टी0ओ0 सतीश कुमार वर्मा का वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। आकांक्षात्मक विकास खण्ड योजना की नियमित बैठक आहूत न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित अर्थ एवं संख्या विभाग के अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति में सुधार के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि आवास पूर्ण कराने में खराब प्रगति वाले खण्ड विकास अधिकारियों का वेतन आवास की प्रगति में सुधार होने तक रोका जाये। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति की प्रगति में सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति में सुधार हेतु समुचित कार्यवाही की जाये।

## डीएम और एसपी ने आशीर्वाद गैस एजेंसी पहुंचकर गैस आपूर्ति व गैस स्टाक का निरीक्षण किया

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आशीर्वाद गैस एजेंसी सिविल लाइन पहुंचकर गैस आपूर्ति संबंधी एवं गैस स्टाक को भी देखा। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि जिन उपभोक्ताओं का पहले से ही बुकिंग हैं, उनको पहले ही गैस उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि गैस का वितरण सुचारू रूप से संचालित रखा जाये तथा अनावश्यक रूप से भीड़ एकत्रित न की जाये। सभी उपभोक्ताओं को मानक के अनुसार ही गैस सिलेण्डर का वितरण किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन लेखपालों की ड्यूटी गैस एजेन्सियों पर लगायी गयी हैं, वह अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।





# छिबरामऊ से जयपुर, खाटू श्यामा के लिए नई रोडवेज बस सेवा शुरू

**▸ विधायक अर्चना पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की नई बस सेवा को रवाना किया, जो छिबरामऊ से मैनपुरी, आगरा, बालाजी धाम होते हुए जयपुर और लिंक सेवा से खाटू श्याम धाम तक जाएगी। इस लिंक सेवा से श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा मिलेगी।

कार्यक्रम में विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि रोडवेज बस में यात्रा सबसे सुरक्षित होती है। उन्होंने बताया कि छिबरामऊ डिपो की वर्कशॉप के लिए अकबरपुर के पास सहकारी संघ की जमीन का प्रस्ताव विचाराधीन है। सहकारिता विभाग से वार्ता चल रही है और खाटू श्याम बाबा का आशीर्वाद रहा तो जल्द सफलता मिलेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि जिन मार्गों पर बसों की जरूरत हो, वह बताएं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने आश्वासन दिया है कि बसों की कोई कमी नहीं रहेगी और तत्काल उपलब्ध कराई जाएंगी। विधायक ने सुझाव दिया कि जिन यात्रियों के पास खाटू श्याम जाने के लिए पर्याप्त धन नहीं हो, उनकी व्यवस्था स्थानीय खाटू श्याम सेवा समिति करे तो बेहतर होगा। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि बस स्टेशन की पुलिया का टेंडर पास हो चुका है, जल्द निर्माण शुरू होगा। बस स्टेशन गेट पर वाटर कूलर लगा है और अंदर भी शीघ्र लगवाया जाएगा। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा कि बस सेवा चलाने का प्रस्ताव उन्होंने विधायक अर्चना पांडेय को दिया था, जिन्होंने इसे स्वीकृत करा दिया। समिति के सभी सदस्य उनके प्रति हृदय से आभारी हैं। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार ने किया। मौके पर आनंद गुप्ता महिंद्रा, संदीप दुबे, अमित भारतीय, लखन वर्मा, गौतम कमल, डॉ. प्रत्युष द्विवेदी, दिलीप गुप्ता, गौरव द्विवेदी, पंकज दुबे, संदीप चौहान, श्यामू चौहान, स्टेशन इंचार्ज रामखेलावन, रेखा फोरमैन अशोक कुमार, प्रीती, संतोष कश्यप, मो. सईद, सुनील कुमार, पंकज दीक्षित, श्यामवीर सिंह, संदीप यादव, महेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

बस का नियमित संचालन होगा। इस रूट पर दो बसों की व्यवस्था की गई है। पहले दिन चालक बृजमोहन पांडेय और परिचालक अरविंद राठौर ने बस चलाई। स्टेशन प्रभारी रामखेलावन ने बताया कि छिबरामऊ से बस शाम 4 बजे गुरसहायगंज जाएगी, फिर छिबरामऊ लौटकर शाम 6:30 बजे बेवर, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, बालाजी धाम होते हुए जयपुर के लिए रवाना होगी। जयपुर सुबह 5 बजे पहुंचेगी। वापसी में शाम 6 बजे जयपुर से छिबरामऊ आएगी। छिबरामऊ से बालाजी धाम का किराया 450 रुपये और जयपुर का 576 रुपये निर्धारित है।

# विवाद होते ही एनएचएआई के अधिकारी मौके से खिसके

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के पूर्वी बाईपास पर प्रस्तावित मेजर जंक्शन का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। गुरूवार को एनएचएआई के अधिकारी क्षेत्रीय लेखपाल के साथ मौके पर जांच करने पहुंचे थे। तभी वहां दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। मामला तूल पकड़ते देख एनएचएआई के अधिकारी मौके से खिसक गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई। पूर्वी बाईपास पर मेजर जंक्शन का निर्माण होना है। इसकी स्वीकृति भी मिल चुकी है। लंबे अरसे पहले अधिग्रहीत की गई जमीन से स्थानीय प्रशासन की मदद से एनएचएआई ने कब्जा भी हटवा दिया था, लेकिन इसके बाद मेजर जंक्शन के निर्माण का कार्य अधर में लटक गया था। गुरूवार को एनएचएआई के डिप्टी मैनेजर हर्षवर्धन लोगों की शिकायत के बाद एसडीएम से मिले थे। एसडीएम के निर्देश के बाद वह क्षेत्रीय लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी के साथ मौके पर पहुंचे। लेखपाल उन्हें अधिग्रहीत की गई जमीन पर लगाए गए निशान को दिखवा रहे थे, तभी वहां दो पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। वाद-विवाद के बाद मामला इतना तूल पकड़ा कि गालीगलौज के साथ मारपीट हो गई। यह नजारा देख एनएचएआई के अधिकारी मौके से खिसक गए। विवाद की सूचना मिलते ही कोतवाल विष्णुकांत तिवारी, अतिरिक्त इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज मनुज चौधरी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। किसी तरह मामले को शांत कराया और इसके बाद वह दोनों पक्षों के लोगों को मामले की जानकारी के लिए कोतवाली बुला ले गए। वहां काफी देर तक अधिकारियों के साथ दोनों पक्षों के बीच वार्ता चलती रही।

# एलपीजी का विकल्प होना आवश्यक: प्रणव सक्सेना

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



खाड़ी युद्ध को लेकर एलपीजी की उपलब्धता में आई कमी पर एडवोकेट प्रणव सक्सेना का कहना है कि इसका विकल्प होना आवश्यक है। उन्होंने कहा आजकल कई जगहों पर एलपीजी की कमी को लेकर जो चर्चा और परेशानी दिखाई दे रही है, उसे देखकर पुरानी बात बार-बार याद आती है, अगर मिट्टी के तेल (केरोसिन) की व्यवस्था पूरी तरह खत्म न की गई होती, तो शायद आज इतना बवाल देखने को नहीं मिलता।

मैं यह बात इसलिए कह पा रहा हूँ क्योंकि मैं खुद कई साल तक केरोसिन डिपो चलाता रहा हूँ। उस समय रोज लोगों से मिलना जुलना होता था और उनकी जरूरतें भी समझ में आती थीं। मिट्टी का तेल उस दौर में सिर्फ एक ईंधन नहीं था, बल्कि आम आदमी के लिए एक तरह का सहारा था। अक्सर ऐसा होता था कि किसी घर में गैस खत्म हो गई और नया सिलेंडर आने में समय लग रहा है। ऐसे में लोग केरोसिन स्टोव पर आसानी से काम चला लेते थे। कस्बों और गांवों में तो यह बिल्कुल सामान्य बात थी कि घर में थोड़ा सा मिट्टी का तेल हमेशा रखा रहता था, ताकि जरूरत पड़ने पर दिक्कत न हो। धीरे-धीरे नीतियां बदलीं और मिट्टी के तेल की आपूर्ति लगभग खत्म कर दी गई। पूरा ध्यान एलपीजी पर आ गया। निस्संदेह इसके पीछे साफ ईंधन को बढ़ावा देने और व्यवस्था को बेहतर बनाने की सोच रही होगी, लेकिन इसके साथ-साथ एक ऐसा विकल्प भी खत्म हो गया जो मुश्किल समय में लोगों के काम आ सकता था।

आज अगर कहीं एलपीजी की सप्लाई थोड़ी भी प्रभावित होती है, तो सीधे परेशानी खड़ी हो जाती है, क्योंकि लोगों के पास दूसरा कोई आसान विकल्प नहीं बचा है।

मेरी व्यक्तिगत राय में किसी भी व्यवस्था में एक से ज्यादा विकल्प बने रहना जरूरी होता है। अगर मिट्टी के तेल को पूरी तरह बंद करने के बजाय सीमित रूप में ही जारी रखा जाता, तो शायद आज की स्थिति इतनी असहज न होती। कभी-कभी पुरानी व्यवस्थाएं भले ही साधारण लगें, लेकिन वक्त आने पर वही सबसे ज्यादा काम आती हैं।

# इंसान को परहेजगारी सिखाता है रोजा : मोनू रहमानी



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नवीन मंडी के प्रतिष्ठित व्यापारी मा रहमानी का कहना है कि रमज़ान का महीना बहुत पवित्र माना जाता है। इस महीने में रोज़े रखना, कुरान पढ़ना, तरावीह की नमाज़ पढ़ना, और इबादतें करना बहुत फ़ज़ीलत का काम माना जाता है और रोजा इंसान को परहेजगारी सिखाता है। उन्होंने कहा इस महीने में अल्लाह के आखिरी पैगंबर हज़रत मुहम्मद पर कुरान नाज़िल हुआ था। इस महीने में कुरान को ज़्यादा पढ़ना पुण्यकारी माना जाता है। इस महीने की एक रात शबे-कद्र होती है, जो हज़ार महीनों से बेहतर होती है। इस महीने में रोज़े रखने वालों पर अल्लाह की रहमत बरसती है।

इबादतों का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। रोज़ा रखने से इंसान तकवा और परहेज़गार बनता है। रोज़े रखना हर मुसलमान पर फ़र्ज़ है। रोज़ा बुराइयों तथा गलत काम से रोकता है। रमज़ान के महीने में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं और हर एक शैतान को जंजीरों में जकड़ दिया जाता है। रमज़ान के दौरान रोजा रखने से अल्लाह से जुड़ाव होता है और नेकी के काम करने से खुदा उसका 70 गुना अधिक सवाब देते हैं। रोजा रखने से आस्थावानों को भूख और प्यास का अनुभव होता है, जिससे कम भाग्यशाली लोगों के प्रति सहानुभूति पैदा होती है। यहा तक कि यह प्रथा अमीर और गरीब के बीच की खाई को पाटने में मदद करती है, जिससे एकता और करुणा की भावना को बढ़ावा मिलता है।

## दो बार पढ़ी जा सकती है जुमातुल विदा की नमाज मौलाना जियाउल हक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला विरतिया स्थित मदरसा जामिया खदीजतुल कुबरा के मौलाना जियाउल हक साहब ने बताया कि इस्लाम में जुमा यानी शुक्रवार का दिन विशेष महत्व रखता है। रमजान में आने वाला जुमे का दिन और भी खास हो जाता है, खासकर आखिरी जुमे को जुमातुल विदा या अलविदा जुमा कहा जाता है। आज पूरे देश में अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की जाएगी। मौलाना ने कहा कि रमजान रहमतों व बरकतों का महीना है, जो अब विदा होने को है। इसके बाद शव्वाल की पहली तारीख को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। इस बार खास बात यह है कि अलविदा जुमा की नमाज दो बार पढ़ी जा सकती है। यदि 29 रमजान को चांद नजर आ गया तो अगला शुक्रवार ईद का दिन होगा। यदि चांद नहीं निकला तो 30वें रमजान वाला दिन शुक्रवार फिर अलविदा जुमा होगा और अलविदा की नमाज अदा की जाएगी।

# इफ्तार पार्टी मे उमड़ी रोजेदारों की भीड़ मौलाना ने मांगी अमन चैन की दुआयें

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



माहे रमज़ान मे तीस रोजे रखना हर मर्द औरत आकलि बालिग को रखना फर्ज है। रोज जिस्म की ज़कात है। रोजा हमे भूखे और गरीबों मिस्कीनों के हालात से रुबरु कराने का जरिया है। यह विचार मौलाना अरशदुल क़ादरी ने प्रकट किये। बुधवार को 21 वें रोजे की शाम कस्बे के मोहल्ला गांधीनगर स्थित क़ादरी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अतीक़ अहमद कादरी की जानिब से इफ्तार पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। इसके बाद मौलाना अरशदुल क़ादरी ने रोजेदारों को मगरिब की तीन रकअत फर्ज नमाज अदा करायी और बाद नमाज के मौलाना अरशदुल कादरी ने विश्व मे फैली अशांति को अमन चैन मे बदलने के लिये अल्लाह से हाथ उठाकर दुआयें मांगी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी, पूर्व सपा विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, युवा सपा नेता जुनैद सिद्दीकी, पूर्व चेयरमैन समधन मुश्ताक अहमद भुट्टो, भाकियू टिकैत प्रदेश सचिव शमीम सिद्दीकी, सपा नगर अध्यक्ष मो. मुकीम खान, अमन पसंद सेवा समिति के अध्यक्ष शाह आलम सिद्दीकी, वकार अहमद पूर्व सभासद मो0 नफीस खान, युवा सपा नेता नासिर सिद्दीकी, पूर्व प्रधान आसिफ खान, उवैस खान सहित सैकड़ो रोजेदार मौजूद रहे।

# ओवरटेक के चक्कर में पिकअप ने बोलेरो में मारी टक्कर, कई घायल

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

इस्माइलपुर पश्चिम बाईपास पर सड़क हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है लुधियाना से बारात लेकर वापस अपने घर सिरोहिया बुजुर्ग ;हरदोई जा रही एक बोलेरो गाड़ी को पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ओवरटेक करने के दौरान टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बोलेरो गाड़ी धीरे-धीरे चल रही थी तभी पीछे से आ रही पिकअप के ड्राइवर ने ओवरटेक करने की कोशिश की और नियंत्रण खो बैठा। इसी दौरान पिकअप सीधे बोलेरो से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो में सवार कई लोग घायल हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।हादसे के बाद बोलेरो का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने तुरंत मानवता दिखाते हुए घायलों की मदद की। लोगों ने डायल 108 पर कॉल कर एंबुलेंस बुलवाई और सभी घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना पुलिस हेल्पलाइन 112 पर भी दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि घायलों का इलाज चल रहा है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बाईपास पर वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# श्रीमद् भागवत कथा, अनूठा है भक्त व भगवान का मिलन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गांव नगला दुर्गा स्थित बाबा वीरेश्वर महाराज मठिया वाले मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस आचार्य सिंधु कुमार दुबे ने कहा कि भक्त व भगवान का मिलन अनूठा है। भक्ति में ऐसी शक्ति है कि भगवान को नंगे पैर आना पड़ता है। उन्होंने कहा भगवान भक्त का कष्ट सहन नहीं कर पाते हैं। हनुमान जैसा भक्त कोई नहीं है। वह भक्ति शिरोमणि कहे जाते हैं। ऐसी भक्ति करने से व्यक्ति का जीवन उद्धार हो जाएगा। गाय पर अत्याचार सहन नहीं किया जा सकता है। गाय में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। गाय हम सभी के लिए पूजनीय है। गाय को प्रताड़ित करने वाला नरक गामी होता है। इसलिए सभी को? गो सेवा करनी चाहिए। इससे पहले लोकेंन्द्र सिंह यादव ने व्यास गद्दी पर आचार्य को खाटू श्याम का चित्र व पटका भेंट कर सम्मानित किया। आचार्य ने श्रीमद् भागवत कथा में भक्त प्रहलाद व परशुराम प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा का वर्णन किया। इससे पहले परीक्षित रामप्रकाश दुबे व शशी दुबे ने व्यास गद्दी का पूजन किया। आरती के बाद फल प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान राजेंद्र दुबे, बबलू दुबे, देवकीनंदन दुबे, प्रत्यूष द्विवेदी, जयप्रकाश दुबे, बंटी दुबे , वेदप्रकाश दुबे, कमलाकांत दुबे, घनश्याम दुबे, सत्यप्रकाश दुबे, रामबाबू, सिपाही लाल, महेश कमल, गोपीचंद, सनी दुबे, आकांक्षा दुबे, मीनाक्षी दुबे, नीलम दुबे, मधु दुबे, पूनम दुबे, प्रतिभा दुबे, जया दुबे, राधिका दुबे, रागनी दुबे, मंजू दुबे, रानी दुबे, गुड्डी दुबे, रीना दुबे, अनीता दुबे, पूजा दुबे मौजूद रहे।

# टीईटी की अनिवार्यता का शिक्षकों ने एक स्वर में किया विरोध

**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को आदेश वापस लेने के लिए ईमेल कर लिखा पोस्ट कार्ड**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



पोस्ट कार्ड दिखाते संघ के पदाधिकारी व शिक्षकगण

वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की ब्लॉक इकाई जलालाबाद की बैठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय जलालाबाद में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षकों ने एक स्वर में टीईटी की अनिवार्यता का विरोध किया और इसे सेवा शर्तों के विरुद्ध बताया। जिला संयोजक सुशील कुमार यादव ने कहा कि महासंघ टीईटी की अनिवार्यता का विरोध स्कूल से लेकर सदन तक चरणबद्ध तरीके से करेगा। जिला संयोजक रामनारायण बौद्ध ने बताया कि महासंघ में शामिल सभी संगठन इस मुद्दे पर एकमत हैं और शिक्षक हित में निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। ब्लॉक संयोजक ने कहा कि सेवारत शिक्षकों पर टीईटी लागू करना सेवा शर्तों के खिलाफ है।

ब्लॉक सह संयोजक अवध नारायण ने कहा कि टीईटी तत्कालीन विभागीय नियमावली के विरुद्ध है, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। बैठक में महासंघ द्वारा घोषित चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण के तहत राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित पोस्टकार्ड और ईमेल लिखकर टीईटी की अनिवार्यता संबंधी आदेश वापस लेने की मांग की गई। इस मौके पर रमाकांत पाल, जसकरन, महेंद्र सिंह, शशिकांत तिवारी, प्रदीप यादव, ब्रजेश कुमार, मदार बक्स सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से मासूम की दर्दनाक मौत

**कन्नौज।** अपने घर के निकट सड़क पर खेल रहे एक दो वर्षीय मासूम को तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर चालक ने अनियंत्रण के कारण रौंद दियाएजिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। मामले की जानकारी पर परिजनों में हड़कंप मच गया। बताते चलें किए जिले के थाना तालग्राम क्षेत्र के गांव कूकापुर में लाल जी का दो वर्षीय पुत्र एहजाद गुरुवार को घर के निकट ही सड़क पर खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर चालक ने अनियंत्रण के कारण मासूम को टक्कर मार दी। दुर्घटना के दौरान जहां मासूम गंभीर रूप से घायल हो गयाएवहीं ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकलने में सफल ही गया। मामले की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई तो घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मासूम के परिजनों को सूचना दी गई तो परिजनों में करुण क्रंदन के साथ हड़कंप मच गया।

# जिला विद्यालय निरीक्षक के मार्गदर्शन में तैयार हुई पीपीटी

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर वर्ष 2024.25 में डॉ पूरन सिंह तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा डीसी अजय कुमार कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अनुज कटियार एवं योगेंद्र कुमार प्रधानाचार्य भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर को बोर्ड परीक्षा से संबंधित स्ट्रांग रूम की एक पीपीटी बनाने का दायित्व सौंपा गया था यह जानकारी देते हुए भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर के प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक के मार्गदर्शन में कठिन परिश्रम के बाद एक ऐसी पीपीटी तैयार हुई जिसे यूपी बोर्ड प्रयागराज ने समस्त उत्तर प्रदेश में लागू कर बोर्ड परीक्षा संपन्न कराई और पूरे उत्तर प्रदेश में कहीं भी गलत पेपर नहीं खुला जिसकी प्रशंसा हमारे जनपद के तत्कालीन जिलाधिकारी सुभ्रांत कुमार शुक्ला वर्तमान में इटावा जनपद में तैनात है के द्वारा की गई । वर्ष 2025-26 की यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान भी पूरे उत्तर प्रदेश में कहीं भी स्ट्रांग रूम से गलत पेपर खुलने की शिकायत नहीं मिली ।मुझे बड़े ही हर्ष के साथ कहना है कि वर्तमान में पप्पू सरोज जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज के मार्गदर्शन में इस वर्ष की यूपी बोर्ड परीक्षा भी इसी स्ट्रांग रूम के नियमों के तहत पूरे उत्तर प्रदेश में बोर्ड परीक्षा संपन्न कराई गई।

## अफवाहों से बढ़ी गैस की मांग, प्रशासन अलर्ट

**कन्नौज।** जिले में गैस किल्लत की अफवाह फैलने के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने हालात पर नजर रखने के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। तहसील स्तर पर बनाई गई तीन टीमें गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर लगातार निगरानी कर रही हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में घरेलू गैसए पेट्रोल और डीजल की किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि अफ्वाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से सिलेंडर या ईंधन का भंडारण न करें। अफ्वाहों के चलते कई गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि आपूर्ति सामान्य है और सभी एजेंसियों को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है। डीएम के मुताबिक एसडीएम और सीओ की अगुवाई में गठित टीमें जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी नजर रखे हुए हैं।

## कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने किया साइंस सिटी का शैक्षिक भ्रमण



**कन्नौज।** विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने और बालिकाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता व आलोचनात्मक सोच के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं के लिए लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र रीजनल साइंस सिटी का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र से छात्राओं को लेकर जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विज्ञान जिज्ञासा, प्रयोग और निरंतर सीखने की प्रक्रिया है। ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर देते हैं। जिला समन्वयक ;बालिका शिक्षा रोहित तिवारी ने बताया कि भ्रमण के दौरान छात्राओं ने विज्ञान केंद्र में प्रदर्शित विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों व मॉडलों का अवलोकन किया। छात्राओं ने नॉलेज ऑफ स्फीयर्स 3.डी शो लाइट एंड साउंड शो, विज्ञान व्याख्यान प्रदर्शन और 3-डी तारामंडल जैसी रोचक प्रस्तुतियों को देखा तथा विज्ञान से जुड़ी नई जानकारियां हासिल कीं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण से बालिकाओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है और उन्हें नई खोजों व वैज्ञानिक तथ्यों को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह भ्रमण छात्राओं के शैक्षिक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## जरूरतमंद बच्चों के साथ माननी चाहिए जन्मदिन की खुशियां: संदीप चतुर्वेदी

**गुरसहायगंज कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऊँचाए में सावरकर हेल्प फ़ाउंडेशन के शिक्षण संस्थान में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के संचालक संदीप चतुर्वेदी ने अपनी पुत्री जीवा चतुर्वेदी का जन्मदिन संस्था में नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के साथ सादगी और प्रेम के साथ मनाया। गुरुवार को इस अवसर पर बच्चों के साथ केक काटा गया तथा सभी बच्चों को मिष्ठान और केक वितरित किया गया। बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बन रही थी। संदीप चतुर्वेदी ने इस अवसर पर समाज को एक सुंदर संदेश भी दिया कि हम सभी को अपने बच्चों का जन्मदिन और अन्य खुशियाँ उन जरूरतमंद बच्चों के साथ मनानी चाहिए।

# कालाबाजारी रोकने के लिए एसडीएम ने की गैस एजेंसियों पर छापेमारी

**डीएम के निर्देश पर तिर्वा और उमर्दा कस्बा स्थित गैस एजेंसियों पर अधिकारियों ने किया निरीक्षण**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ईरान और इजरायल-अमेरिका के मध्य चल रहे युद्ध के चलते पेट्रो पदार्थों में हुई मूल्य वृद्धि के बाद देश और प्रदेश से लेकर अब जिलों और कस्बों में भी उथल पुथल का माहौल साफ नजर आने लगा है। जहां लोग गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर बड़ी संख्या में लाइन लगाए हुए नजर आ रहे हैं वहीं कई जमाखोर भी पेट्रो पदार्थों के स्टॉक को इकट्ठा कर आने वाले समय में अपनी जुगत फिट करने में लगे हैं। जिले में उपरोक्त मामले में जिलाधिकारी के निर्देश के बाद तिर्वा एसडीएम और पूर्ति निरीक्षक ने क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया और दो गैस एजेंसियों पर छापामारी करते हुए औचक निरीक्षण के दौरान स्टॉक और अभिलेखों का निरीक्षण भी किया। बताते चलें किए पड़ोसी देशों में चल रहे युद्ध को लेकर पेट्रो पदार्थों में मूल्य वृद्धि का सिलसिला जारी है। विगत दिन घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों हुई मुख्य वृद्धि के बाद पेट्रोल और डीजल से लेकर सीएनजी आदि पेट्रो पदार्थों में भी मूल्य वृद्धि की संभावना पर लोग ससंकित हैं। स्थित यह है किए जहां जिले कि गैस एजेंसियों से लेकर पेट्रोल पंपों पर भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की बड़ी बड़ी लाइनें लगी हुई आसानी से देखी जा सकती हैं वहीं पेट्रो पदार्थों की कालाबाजारी करने अपना धंधा चलाने वाले जमाखोर भी अपना खेल खेलने से पीछे नहीं हैं। कालाबाजारी करने वाले ये नकाबपोश हर कोशिश में लगें हैं किए पेट्रो पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक कर लिया जाय जिससे ये आने वाले समय में मौके का फायदा उठाकर उपभोक्ताओं से अच्छी खासी रकम ऐंठ सकें। जिले के जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री जहां लोगों से परेशान ना होने की अपील कर रहे हैं और अपील कर रहे हैं किए जिले में पेट्रो पदार्थों की फिलहाल कोई दिक्कत नहीं है इसलिए अपवाहो पर ध्यान ना दें। अपवाहो को रोकने और कालाबाजारी पर सख्त कार्यवाही के अलावा उपभोक्ताओं को पेट्रो पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित करने को जिलाधिकारी ने जिले में निरीक्षण के लेकर संबंधित अधिकारियों की टीमों का भी गठन किया है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ, जनपद कन्नौज

पत्रांक-1050/DA-04/TenderNotice/2025-26 दिनांक- 12.03.2026

## (अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना )

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ को राज्यवित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से वेतन व कर्मचारी बकाया भुगतान के पश्चात अवशेष धनराशि से विकास कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए नीचे दिये विवरण के अनुसार www.etender.up.nic.in. द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है। सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नवत है शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 16.03.2026 | 04:00 PM |
| 2 | Document Download/Sale Start | 16.03.2026 | 04:00 PM |
| 3 | Bid Submission Start Date | 16.03.2026 | 04:30 PM |
| 4 | Bid Submission Closing Date | 06.04.2026 | 04:30 PM |
| 5 | Technical Bid Opening | 07.04.2026 | 12:30 PM से |
| 6 | Financial Bid Opening | After Approval | of Technical Bid |

**सुनील कुमार सिंह**
**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा.प. छिबरामऊ**
**जनपद-कन्नौज।**

**मनोज दुबे**
**अध्यक्ष**
**न.पा.प. छिबरामऊ**
**जनपद-कन्नौज।**

# पुलिस ने गैंगेस्टर सुखबीर के तीन ट्रक किये जब्त



जब्त किये ट्रक की जानकारी देते पुलिस कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

धारा 3(1) उ.प्र. गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित गैंग सदस्य सुखबीर द्वारा अवैध रूप से स्वयं के नाम अर्जित की गयी अवैध चल सम्पत्ति 03 ट्रक यूपी 76के8223, यूपी76के7402, यूपी 76टी/4054 कीमत करीब 45,24,429 रूपये (पैंतालीस लाख, चौबीस हजार, चार सौ उन्नीस रुपये) को कोतवाली कायमगंज पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कायमगंज राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कायमगंज पर मु.अ.सं. 348/2025 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 बनाम गैंग लीडर जुबैर खान पुत्र लड्डुन खान निवासी मो. गढी इज्जत खां कस्बा व थाना कायमगंज, गैंग सदस्य रामनरेश पुत्र रामचन्द्र निवासी गुड़ मण्डी कस्बा व थाना कायमगंज मूल निवासी मो0 छपट्टी थाना ठठिया जनपद कन्नौज, सुखवीर पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम रुटौल थाना कायमगंज, पुष्पेन्द्र पुत्र रनवीर सिंह निवासी कैल्था थाना अलीगंज जनपद एटा, आदेश पुत्र श्रीकृष्ण निवासी पपडी खुर्द बुजुर्ग थाना कायमगंज, मोबिन पुत्र रहमत खान निवासी मो. दुन्दी गढ़ी पितौरा थाना कायमगंज, तारिक उर्फ तालिब पुत्र शाहिद खां निवासी चौक मऊरशीदाबाद थाना कायमगंज, पवन मिश्रा पुत्र रामनरेश निवासी ललई थाना कायमगंज के पंजीकृत किया गया था। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश/वाद संख्या 04/26 दिनांक 24 फरवरी 2026 के अनुपालन में गैंग सदस्य अभियुक्त सुखबीर उपरोक्त द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गयी चल संपत्ति 03 अदद ट्रक यूपी76के8223, यूपी76 के 7402, यूपी76टी/4054 को गैंगस्टर की धारा 14(1) के अन्तर्गत कोतवाली कायमगंज पुलिस द्वारा जब्त किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक बलवीर सिंह आदि पुलिस बल मौजूद रहा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग, हजारों का हुआ नुकसान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


आग लगने के बाद का दृश्य

संदिग्ध परिस्थितियों में घर में आग लग गयी। चीखपुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

थाना क्षेत्र के गांव पुराना गणेशपुर निवासी प्रदीप कुमार दीक्षित के घर में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई।

जिसमें गृह स्वामी भूरे पंडित की पत्नी अपने बच्चों को आंगन में नहला रही थी, तभी अचानक कमरे में आग लग गई। देखते ही देखते आग धूं-धूंकर जलने लगी। जब तक ग्रह स्वामी को समझ पाते तब तक घर का सामान जलकर खाक हो गया। जिसमें परजनों के मुताबिक लगभग घर में 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जिसमें घर के रख कुर्सियां आदि सामान जलकर राख हो गया।चीखपुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# ग्राम प्रधान उमर सैफ उर्फ लाडले ने कराया रोजा इफ्तार का आयोजन

▸ देश में अमन चैन की मांगी दुआ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


रोजा इफ्तार करते रोजेदार

ग्राम पंचायत गिर्द कायमगंज में प्रधान उमर सैफ उर्फलाडले ने रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया। जिसमें बडी संख्या में रोजदारों ने शिरकत कर रोजा खोला। कार्यक्रम में आपसी भाईचारे और सौहार्द का सुन्दर माहौल देखने को मिला। इफ्तार से पहले सभी रोजदारो ने देश और पूरी दुनियाँ में अमन शान्ति तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं माँगी। इफ्तार के दौरान सभी लोगों ने एक साथ बैठकर खजूर फल और अन्य व्यजनों के साथ रोजा खोला। इस आयोजन में आए लोगों ने ग्राम प्रधान उमर सैफउर्फलाडले के इस सराहनीय प्रयास की खूब प्रशसा की। उमर सैफउर्फलाडले और उनकी टीम ने सभी मेहमानों का गर्म जोशी से स्वागत किया और कार्यक्रम मे पहुँचने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर की चोरी की स्प्लेंडर बाइक सहित युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पत्योरा निवासी नीलेश पाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने युवक को गुरुवार को जेल भेज दिया। उपनिरीक्षक रामसिंह, कांस्टेबल किरण कुमार और कमलकिशोर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्धों की चेकिंग के लिए गश्त पर थे। नया नगला के समीप मजार के पास सड़क पर चेकिंग के दौरान उन्होंने एक बिना नंबर की काले रंग की स्प्लेंडर बाइक को रोका। बाइक सवार युवक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने यह बाइक गुरुग्राम से 15,000 रुपये में खरीदी थी। बाइक संदिग्ध लगने पर पुलिस ने चेसिस नंबर के माध्यम से जांच की। जांच में पता चला कि यह बाइक हरियाणा के सेक्टर 55, गुरुग्राम निवासी श्यामबाबू की है। श्यामबाबू ने पुलिस को बताया कि उनकी बाइक 25 अगस्त को मंडी से सब्जी खरीदते समय चोरी हो गई थी। उन्होंने इस संबंध में 2 सितंबर को सेक्टर 65, गुरुग्राम में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इसके बाद पत्योरा निवासी नीलेश पाल को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।


पुलिस हिरासत में आरोपी

## भंडारण के लिए तैयार डॉ. जितेंद्र कोल्ड स्टोरेज

**फर्रूखाबाद,समृद्धि न्यूज।** किसान भाइयों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए जितेंद्र कोल्ड स्टोरेज बेवर रोड,दहेलिया मुरहास, कन्हैया अब शीत भंडारण के लिए तैयार है। किसान भाइयों के ही सानिध्य और सहयोग से इसका कार्य पूरा हुआ। जिले के किसान भाई इस शीतगृह भंडारण में बेहतर सुविधाओं के साथ अपने आलू और अन्य संबंधित कृषि उत्पाद अब भंडारित कर सकेंगे। प्रबंधक ने बताया कि आधुनिक तकनीक आधारित उच्च क्षमता एवं अच्छी सुविधाओं से युक्त यह शीतगृह क्षेत्र ही नहीं पूरे जनपद के किसानों के लिए वरदान साबित होगा। इसके लिए उन कृषक भाइयों का आभार जताया गया, जिनकी मांग को ध्यान में रख कर इस शीतगृह केंद्र का निर्माण कराया गया और उनके सहयोग और आशीर्वाद से पूर्ण भी हुआ।

उच्च क्षमता एवं आधुनिक तकनीक से युक्त है शीतगृह

# डंपर की टक्कर से आधा दर्जन घायल, दो रेफर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**


अस्पताल में भर्ती घायल

बीती रात कमालगंज थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार डंपर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास हुई। डंपर की टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी एवं चीख-पुकार का माहौल बन गया। घायलों में कमालगंज कस्बा निवासी शीतल गुप्ता, रिंकी दुबे, उनकी बेटी अंशिका दुबे, स्नेहा गुप्ता और गुड्डी गुप्ता शामिल हैं। बताया गया है कि ई-रिक्शा चालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को सीएचसी कमालगंज पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को कानपुर व लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। वहीं, दो अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल लोहिया में जारी है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एसीएमओ ने किया निरीक्षण

**शत-प्रतिशत लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी बनाने के दिये निर्देश**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेते एसीएमओ मौजूद आशा कार्यकत्री

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजन गौतम ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड निर्माण की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान डॉ. गौतम ने ब्लॉक की समस्त आशा संगिनियों और आशा बहुओं के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आशा बहुएं अपने स्वयं के और अपने परिवार के गोल्डन कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाएं। क्षेत्र के चिन्हित लाभार्थियों की सूची के आधार पर घर-घर जाकर कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। प्रत्येक पात्र व्यक्ति की आभा आईडी बनाना शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान डॉ. रंजन गौतम ने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा यदि किसी भी क्षेत्र में प्रगति खराब पाई गई या कार्यों में लापरवाही दिखी, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आशाओं के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें और उन्हें आ रही तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान निकालें ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक सहित ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर और स्वास्थ्य विभाग का अन्य स्टाफमौजूद रहा।

# नीमा के होली मिलन में दिखी एकता सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

▸ विनीता पाठक व राजीव पाठक ने कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पूजन करते डॉ. राजीव पाठक व विनीता पाठक आदि

नीमा संस्था द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन बढ़पुर स्थित उत्सव गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि एसपीजीआर इंटर कालेज की प्रबंधिका विनीता पाठक व नीमा संरक्षक डॉ. राजीव कुमार पाठक एवं आयुष पाठक डायरेक्टर सूरज हॉस्पिटल व अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। एक दूसरे को गुलाल लगाकर संस्था के पदाधिकारियों ने बधाई दी। संस्था सचिव डॉ. शरद अग्निहोत्री ने अतिथियों का स्वागत किया। सभी ने भगवान धनवंतरी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम के साथ गीत, संगीत प्रस्तुत किये गये। आये हुए चिकित्सकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक दूसरे को होली की बधाई दी। नीमा संरक्षक डॉ. राजीव पाठक ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र यादव व सचिव शरद अग्निहोत्री ने किया। इस मौके पर डॉ. आयुष पाठक, डॉ. विपिन जौहरी, डॉ. कल्पना जौहरी, डॉ. शिल्पी यादव, डॉ. अंजली चतुर्वेदी,डॉ. मनमीत सिंह,डॉ. एके पाण्डेय, डॉ. केके कुलश्रेष्ठ, डॉ. मिथलेश शाक्य, डॉ. विनय शाक्य, डॉ. मनोज चतुर्वेदी, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. केजी बाथम, डॉ. रविकांत गुप्ता मौजूद रहे।

# फर्जी पेमेंट ऐप से दुकानदारों को चूना लगाने वाले तीन किशोर गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

तकनीक के दौर में डिजिटल धोखाधड़ी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। नवाबगंज थाना क्षेत्र में फर्जी डिजिटल पेमेंट ऐप के जरिए दुकानदारों को ठगने वाले तीन किशोरों को पुलिस ने गुरुवार को रंगे हाथों पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव के रहने वाले तीन किशोर पिछले कुछ समय से सक्रिय थे। ये किशोर दुकानों पर खरीदारी करने के बाद असली यूपीआई ऐप के बजाय एक फर्जी पेमेंट ऐप का इस्तेमाल करते थे। यह ऐप हूबहू असली पेमेंट स्क्रीन और सक्सेसफुल का मैसेज दिखाता था, जिसे देखकर दुकानदार झांसे में आ जाते थे, जबकि वास्तव में उनके खाते में कोई पैसा नहीं पहुँचता था। गुरुवार को ये तीनों किशोर नवाबगंज के मुख्य चौराहे पर स्थित एक दुकान पर पहुँचे। वहाँ खरीदारी के बाद जब उन्होंने फर्जी ऐप से पेमेंट दिखाया, तो दुकानदार को शक हो गया। बैंक मैसेज न आने और ऐप की संदिग्ध कार्यप्रणाली को देखते हुए अन्य दुकानदार भी इकट्ठा हो गए। जब पेमेंट की पुष्टि नहीं हुई, तो स्थानीय व्यापारियों ने तुरंत इसकी सूचना नवाबगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर तीनों किशोरों को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि ये किशोर काफी समय से इसी तरह फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर ठगी कर रहे थे। पुलिस ने उनके मोबाइल फोन को कब्जे में ले लिया है और मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## शराब ठेका कैंटीन संचालक से युवकों ने की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के चौराहे पर देसी शराब के ठेके पर कैंटीन संचालक तथा दो युवकों में जमकर लाठी-डंडे चल गये। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है।

कस्बा नवाबगंज के चौराहे पर देसी शराब के ठेके पर कैंटीन संचालक सुनील सक्सेना तथा दो अन्य आरोपीगणों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में दोनों तरफसे थाने में तहरीर दी गई।जानकारी के अनुसार सुबह से ही शराब बिक्री का कार्य चालू कर दिया जाता है, जबकि शासनादेश के अनुसार शराब ठेका सुबह 10 बजे खुलने के बाद शराब बिक्री की जाती है, लेकिन ऐसा न होकर के पुलिस की ढिलाई से सुबह 6 बजे से ही75 वाला क्वार्टर100 तथा 125 रुपए में दिया जाता है। जिसमें एक दूसरे की बिक्री को लेकर मारपीट हुई। वहीं दोनों पक्षों से थाने में तहरीर दी गई।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

▸ परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मृतका का फाइल फोटो


जांच पड़ताल करती पुलिस

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिलियां में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। वहीं मायके पक्ष ने ससुरालियों पर उत्पीड़न के बाद हत्या का आरोप लगाया है। बताया गया है कि डायल 112 को अज्ञात कॉलर द्वारा गांव में एक विवाहिता के फांसी लगाने की सूचना दी गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। इसके बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला व चौकी प्रभारी अनिल सिकरवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार गांव निवासी राहुल यादव की पत्नी नेहा यादव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना के बाद घर की लाइट बंद थी और मौके से ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर चले गए थे। सूचना मिलने पर मृतका के पिता रामभरन व माता सुनीता देवी भी मौके पर पहुंच गए और ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न कर हत्या करने का आरोप लगाया। बताया गया है कि राहुल यादव सेना में कार्यरत है और कुछ दिन पहले ही छुट्टी पर घर आया था। घर में उसकी बहन सुमन और मां रामप्यारी रहती हैं, लेकिन घटना के समय घर पर कोई नहीं मिला। सूचना पर क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा तथा फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि कमरे में चारपाई बिछी थी, जिस पर तसला रखकर साड़ी के सहारे छत में लगे कड़े से फंदा लगाया गया था। मृतका का दो वर्षीय पुत्र लक्ष्य है। मृतका की शादी 15 मई 2023 को जनपद औरैया के थाना बेला क्षेत्र के ग्राम पुरवा दयम खां निवासी नेहा के साथ हुई थी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मामला आत्महत्या का है या हत्या का। मामले की जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतका की मां सुनीता देवी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कानपुर पुलिस जोन अन्तर जनपदीय तीन दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ


डीएम को सम्मानित करती एसपी


खेल का शुभारम्भ कराते डीएम, एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर पुलिस जोन अन्तर जनपदीय कुश्ती/बॉक्सिंग/बॉडी बिल्डिंग/ आर्म रेसलिंग तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने फीता काटकर किया। स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में कानपुर पुलिस जोन अन्तर जनपदीय तीन दिवसीय प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उद्घाटन से पूर्व कार्यक्रम आयोजक ने डीएम, एसपी को बैच लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करने के पश्चात प्रतियोगिता में भाग लेनी वाली सभी टीमों को शपथ दिलायी। उसके पश्चात फीता काटकर शुभारम्भ किया। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार से प्रारंभ हुई प्रतियोगिता का समापन 14 मार्च को होगा। प्रतिसार निरीक्षण अविचल पाण्डेय ने बताया कि समापन एवं पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आरती सिंह होंगी। पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन अमर पाल सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# क्विज प्रतियोगिता में विजेता छात्र को दी गई प्रोत्साहन राशि

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


छात्र को प्रोत्साहन राशि देते शिक्षकगण

खंड शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षकों की मेहनत लाई रंग विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में टॉप नंबर आने वाले छात्र को सरकार की तरफसे प्रोत्साहन राशि मिली।

विकासखंड क्षेत्र के कार्यालय प्रसार में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के निर्देशन में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बीते एक सप्ताह पूर्व हुआ था। जिसमें क्विज प्रतियोगिता के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला मार्ग का छात्र तैयब खान पुत्र मतीन खान निवासी ग्राम जाफरपुर जो की कक्षा आठ का छात्र है ने विज्ञान कोई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रकार प्रकाश सीधी रेखा में चला। मंडल जिसकी गति 3 सेकंड मीटर चलता है। जिसमें खंड शिक्षाधिकारी अमर सिंह राणा के निर्देशन में चल रही शिक्षा के तहत शिक्षकों की मेहनत रंग लाई। छात्र को प्रथम स्थान पाए जाने पर विद्यालय परिवार शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं में खुशी का इजहार किया। इस मौके पर शिक्षक बालकृष्ण राजपूत, सुनील कुमार, प्रतिमा शाक्य के द्वारा छात्र को 3000 की राशि द्वारा गई।

## दबंगों ने महिला को पीटा

▸ पुलिस ने कार्यवाही का दिया भरोसा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर नवादा निवासी मुन्नी देवी पत्नी स्व रावेन्द्र सिंह गुरुवार सुबह लगभग ग्यारह बजे घर थी। युवक व उसके साथी मुन्नी देवी के घर जाकर जगह को लेकर गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके साथी मुन्नी देवी को मारपीट करने लगे। बचाने आये परिजन आशीष, हरेन्द्र, जितेंद्र व नरेन्द्र को भी मारपीट की। मारपीट में मुन्नी देवी व आशीष चोटिल हो गए। थाना पुलिस को मुन्नी देवी पत्नी स्व रावेन्द्र सिंह ने घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# डीएम-एसपी ने फिलिंग स्टेशनों का किया निरीक्षण

▸ पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा



फिलिंग स्टेशन का निरीक्षण करते डीएम



गैस गोदाम पर आपूर्ति की जांच करते डीएम व एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जनपद में आवश्यक पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से बलराम गैस सर्विस, जितेंद्र गैस सर्विस तथा राधाकृष्ण फिलिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस की उपलब्धता की स्थिति की जानकारी ली तथा गैस सिलेंडर की बुकिंग से लेकर उपभोक्ताओं तक डिलीवरी होने में लगने वाले समय के संबंध में एजेंसी संचालकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समयबद्ध रूप से गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा राधाकृष्ण फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल एवं डीजल के उपलब्ध स्टॉक की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों को पेट्रोल न दिया जाए। निरीक्षण के दौरान बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाते पाए गए चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका चालान भी किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी व संबंधित उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए एनआई एक्ट व लघु अपराधिक, राजस्व के 128524 मामले चिन्हित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी आदि

14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में गुरुवार को जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार के निर्देशन में अपर जिला जज नोडल अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में धारा 138 एनआई एक्ट, लघु अपराधिक एवं प्रशासनिक मामलों की बैठक एडीआर भवन में सम्पन्न हुई। संचालन सचिव व प्रभारी जयवीर सिंह ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण होने योग्य धारा 138 एनआई एक्ट, लघु आपराधिक, राजस्व/ चकबन्दी/ लघु फौजदारी, विद्युत विभाग आदि मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित अब तक कुल 65 मामले चिन्हित एवं लघु आपराधिक मामलों से सम्बन्धित अब तक कुल 5519 मामले चिन्हित किये जा चुके है। राजस्व बाद 274 मामले, फौजदारी वाद 928 मामले एवं प्रकीर्ण वाद 127322 के अलावा कुल 128524 मामले प्रशासन की ओर से चिन्हित किये गये हैं। तैयारी बैठक में अपर जिला जज/नोडल अधिकारी संजय कुमार के अलावा न्यायिक अधिकारी प्रीतिमाला चतुर्वेदी, ज्ञानेन्द्र कुमार, युगुल शम्भू, आकाश गुप्ता, इशिता सिंह, प्रशान्त कौशिक, हिमांशू नौटियाल, दीपिका रानी, गुलफशा, शोभा रानी, अनामिका यादव, ज्योति सागर, सुबुक मुस्कान, स्वेता कश्यप, शिवानी सिंह आदि न्यायिक अधिकारीगण एवं रवीन्द्र सिंह एसडीएम न्यायिक, मनीष हर्मा उपखण्ड अधिकारी विद्युत, शमीम अहमद अंसारी उपखण्ड अधिकारी विद्युत आदि प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित हुये।

## मृदा स्वास्थ्य परीक्षण तथा जैविक खेती की दी गई जानकारी




गोष्ठी में मौजूद किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सबमिशन आन एग्रीकल्चर वक्सटेंशन एंड टेक्नोलॉजी (आत्मा) योजना के अंतर्गत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण ग्राम गांधी विकास खंड राजेपुर में गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें अधिक से अधिक किसानों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में जनपद कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने मृदा स्वास्थ्य परीक्षण तथा जैविक खेती बारे में जानकारी देते हुए इसकी उपयोगिता के बारे में बताया तथा किस प्रकार मृदा परीक्षण के लिए नमूना लिया जाए इसके बारे में भी बताया। इसके अलावा किसानों को जैविक खाद, प्राकृतिक खेती सिंचाई की नई तकनीक, नैनो यूरिया के फायदे के बारे में भी बताया। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री फसल बीमा की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार, टीएम कृषि विभाग अमित कुमार, टीएम कृषि विभाग प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# आलू किसान हुआ बर्बाद, नहीं निकल रही है लागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मण्डी में लगा आलू

सातनपुर मण्डी में आलू के भाव में आयी गिरावट के चलते अधिकांश आलू किसान बर्बाद हो गया है। लागत तक न निकलने के कारण किसान कर्जिला हो गया है। ऐसे में सातनपुर मण्डी में आलू लाने के बाद भी औने-पौने दामों में आलू बिका। जिस कारण किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच गया है। कमालगंज क्षेत्र के एक किसान ने बताया कि 32 हजार रुपये खेत में आलू की लागत आयी है। जब मण्डी बेंचने आये तो 19 हजार रुपये का आलू बिका। आलू की खुदाई और भाड़ा के बाद भी 13 हजार रुपये का घाटा हुआ और छह माह की मेहनत भी बर्बाद हुई। ऐसे में इस वर्ष आलू किसान बर्बादी की कगार पर पहुंचा है। केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। जनपद में सांसद व विधायक भाजपा के है, पर आलू किसान की चिंता और उनकी बर्बादी पर किसी का ध्यान नहीं है। अगर यही प्रतिनिधि मुद्दा जोरों से सरकार के सामने उठाये और जरुरत पड़े तो किसानों के समर्थन में इस्तीफा प्रस्तुत करें, तो सरकार का पूरा ध्यान आलू पर फोकस हो जायेगा।

गुरुवार को सातनपुर मण्डी में आलू का भाव 251 से 301 रुपए कुंतल रहा व गड्डु एवं सामान्य आलू 301 से 401 रुपए कुंतल बिका। सामान्य व सुपर छट्ठा आलू 551 रुपए तक बिका और हालैंड आलू 551 से 801 रुपए प्रति कुंतल में बिकवाली हुई। आमदनी लगभग 100 मोटर के करीब रही। सातनपुर मण्डी में कहने को भाजपा के नेता व आलू विपणन संघ के सभापति विमल कटियार भी चुने गये है। उनकी भी नजर आलू मण्डी के किसानों पर नहीं है और न ही मण्डी में व्याप्त गंदगी पर है। ऐसे में सड़े आलू का अंबार मण्डी में जगह-जगह लगा है और बदबू फैल रही है। आलू आढ़तियों के अलावा किसानों को भी इस बदबू व दुर्गंध से भी गुजरना पड़ता है। समर्थन मूल्य तो दूर सफाई व्यवस्था पर यहां के प्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे है। जबकि सांसद के पुत्र आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष है।

आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सांसद पुत्र अर्पित राजपूत ने बताया कि मण्डी सचिव से मुलाकात की है। खण्ड सी की सफाई सुबह हो जायेगी व गल्ला खण्ड की सफाई अगले दिन की जायेगी। ऐसे में किसान भी अपना आलू जब मण्डी लाये तो वह स्वयं साफ कर सुथरा लाये, जिससे उनका आलू व्यापारी तुरन्त खरीद लें। दागी व खराब आलू मण्डी में आने के कारण किसानों को अच्छा मूल्य नहीं मिल पाता।

## सामूहिक दुष्कर्म का आरोप, आरोपियों की गिरफ्तारी की उठी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाबालिक को भगा लेजाकर बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली कायमगंज एक ग्राम निवासी पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि उसकी नाबालिग भतीजी अपने बाबा जो खेत पर काम कर रहे थे। 10 मार्च को समय करीब 12 बजे दोपहर खाना देनें के लिए घर से जा रही थी। रास्ते में ही अर्जुन पुत्र भूरे सिंह निवासी रानीपुर गौर और उसके अन्य तीन साथी सुरजीत पुत्र नरेश सिंह व अनिल कुमार पुत्र नरेश सिंह व लालजी पुत्र जीतू उर्फटिंकू निवासी आजमपुर थाना कम्पिल मिलकर मेरी भतीजी को बहला फुसलाकर भगा ले गये। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में थाना हाजा पर अभियुक्तगण के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट धारा 137 (2) बी0एन0एस0 में दर्ज की जा चुकी है जो नाकाफी है, जबकि अभियुक्तगणों ने मेरी भतीजी को रातभर गायब रखा तथा उसके साथ मिलकर बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। परन्तु स्थानीय पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी है, जबकि उपरोक्त अभियुक्तगण खुलेआम घूम रहे हैं तथा मुझे परिवारीजन को धमकी दे रहे है कि ज्यादा थाना दरबार करोंगे तो तुम्हारी लड़की के साथ तुम्हारी भी हत्या कर देगें। मेरी भतीजी स्थानीय पुलिस की अभिरक्षा में है परन्तु स्थानीय पुलिस अभियुक्तगण की खुलेआम मदद कर रही है। पीड़ित ने सुसंगत धारायें बढाकर अभियुक्तगण अर्जुन पुत्र भूरे सिंह निवासी रानीपुर गौर व सुरजीत, अनिल कुमार पुत्रगण नरेश सिंह व लाल जी पुत्र जीतू उर्फटिंकू निवासी आजमपुर पर कड़ी कार्यवाही करते हुये गिरफ्तारी की मांग की है।

# पुलिस भर्ती अभ्यार्थियों की मदद को आगे आया फर्रुखाबाद विकास मंच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देते भईयन मिश्रा

जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा 14 मार्च एवं 15 मार्च को आयोजित होने जा रही है। जनपद में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पूरे प्रदेश से कई हजार परीक्षार्थी परीक्षा देने जनपद में आएंगे। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए समाजसेवी अध्यक्ष फर्रुखाबाद विकास मंच भईयन मिश्रा के द्वारा जनपद में पूर्व में हुई परीक्षाओं के परीक्षार्थियों को निःशुल्क रुकवाने, चाय नाश्ता खाना पीना आज की व्यवस्थाएं की जाती रही अब आयोजित की जा रही है। इस बार पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए भी उनके द्वारा निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भईयन मिश्रा ने बताया कि बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की आसुविधा नहीं होने दी जाएगी। वह आराम से रुके, जिस स्थान पर रुके हैं वहीं पर उनको निःशुल्क भोजन चाय नाश्ता आदि उपलब्ध कराया जाएगा। क्योंकि हजारों की संख्या में ऐसे छात्र छात्राएं होते हैं तो बहुत गरीब परिवारों से आते हैं, उनके पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि वह किराए पर कमरा लेकर परीक्षा दे पाए, ऐसी स्थिति में यह लोग उन जिलों में जाकर वहां के रेलवे प्लेटफार्म, बस स्टेशन एवं शहर की सड़कों पर दुकानों की पत्तियों पर रात्रि गुजरते हैं और सुबह परीक्षा देते हैं ना तो वह अच्छे सो पाते हैं और ना तैयार होकर परीक्षा दे पाते हैं इन सब का दुख दर्द देखकर ही पिछली कई परीक्षाओं से मेरी टीम के द्वारा ऐसे लोगों के लिए बिल्कुल निःशुल्क व्यवस्था की गई। जिसमें यह लोग आए और ठहरे उम्मीद है कि इस बार 500 से ऊपर परीक्षार्थी रुकेंगे इन परीक्षार्थियों को रोकने की व्यवस्था विशंभर दयाल धर्मशाला नुनहाई, हिंदी भवन, सिंधी धर्मशाला, ब्राह्मण धर्मशाला आदमी की गई है। इन जगहों पर रुकने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी जो छात्राएं परीक्षा देने के लिए आ रहे हैं उनके रहने की व्यवस्था बिल्कुल अलग की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नीशू दुबे, अंगद पांडे उर्फ कोमल, मोहित खन्ना, ओमनिवास पाठक, आलोक मिश्रा, लकी गुप्ता, नीरज गुप्ता, राजा मिश्रा, लवि सक्सेना, नीरज दुबे, दिलीप कुमार, राम जी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

# बीडीओ ने सचिवों की साप्ताहिक बैठक कर दिये दिशा निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते बीडीओ

विकासखंड कार्यालय पर शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए विकासखंड अधिकारी ने कर्मचारियों की बैठक बुलायी।

विकासखंड कार्यालय बीडीओ अमरेश चौहान ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए समस्त ग्राम पंचायत के सचिवों तथा सभी कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक बुलाई। जिसमें पहले ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए उन्होंने सचिवों के साथ बैठक कर उनसे जमीनी हकीकत जानी। वहीं समस्त सचिवों को फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, मनरेगा, प्रधानमंत्री, आवास रिचेकिंग सहित समस्त योजनाओं के बारे में बारीकी से जानकारी ली तथा जिन ग्राम पंचायत में काम पिछड़ा चल रहा है उनके ग्राम पंचायत के सचिवों को हिदायत देते हुए जल्द से जल्द कार्य को आगे बढ़ाने की बात कही। वहीं एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह से क्षेत्र में ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था के बारे में भी समीक्षा की। वहीं एसआईआर प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाने के लिए समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया। विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने बताया कि समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया कि जो क्षेत्र से लाभार्थी परिवार रजिस्टर की नकल के लिए आते हैं उनको नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नकल जारी करें। विकासखंड अधिकारी ने क्षेत्र की ग्राम पंचायत में सफाई शुल्क बहुत धीमी प्रगति से जमा हो रहा है, वह शुल्क भी जमा करने में प्रगति की जाए।

ऐसे ही सरकारी कई योजनाओं के बारे में समीक्षा की गई। इस मौके पर एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, एडीओ कोऑपरेटिव ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, बृजेश कुमार, मोतीलाल, प्रमोद शुक्ला, आकांक्षा सक्सेना, कुलदीप राजपूत, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार गौतम, वेद प्रकाश, अरविंद कुमार, कामता प्रसाद पटेल आदि मौजूद रहे।

## पुत्र ने वृद्ध को मारपीट कर किया घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम राजारामपुर मई में वृद्ध पिता ने अपने पुत्र पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने गुरुवार को नवाबगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई ह, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गाँव निवासी महेश चंद्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र अक्सर घरेलू विवादों को लेकर उनके साथ झगड़ा और मारपीट करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुरुवार को भी पुत्र ने गाली-गलौज की। महेश चंद्र द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर पुत्र कथित तौर पर आक्रोशित हो गया और उसने लाठी-डंडों से अपने पिता की पिटाई कर दी। इस घटना के बाद पीड़ित पिता ने थाने में न्याय की गुहार लगाई। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने जानकारी दी कि मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और जांच के बाद दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



जानकारी देते पीड़ित

# एजेंसी धारकों की मिलीभगत से हॉकर बेंच रहे ब्लैक में सिलेंडर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देते नंदकिशोर दूबे

▸ गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की अफवाह व ब्लैक करते पाये जाने पर कार्यवाही करने की दी गई चेतावनी

नगर में कई दिनों से चल रही गैस की किल्लत से आम नागरिक परेशान है। पेट्रोल, डीजल के अलावा गैस की कालाबाजारी की अफवाह पर संचालकों व एजेंसी मालिकों की जिलाधिकारी द्वारा लताड़ भी लगायी गई। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की अफवाह व ब्लैक करते पाये जाने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। उसके बावजूद भी एजेंसी धारकों व हॉकरों की मिलीभगत से गैस सिलेंडर 2 हजार से 1500 रुपये में ब्लैक में बेंचा जा रहा है।

एक हॉकर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एजेंसी मालिकों की मिलीभगत से हॉकरों की सिलेंडर उपलब्ध कराये जा रहे है और हॉकर मन चाहें पैसे वसूल कर ग्राहकों को दे रहा है। ऐसे में प्रशासन सख्त है। जबकि नियमावली के अनुसार अब ग्राहक 25 दिन में एक बार ही सिलेंडर बुक कर पायेंगे, जबकि सरकार का कहना है कि एलपीजी गैस की कमी नहीं है। बिना आधार ई-केवाईसी के नया कनेक्शन नहीं मिलेगा। ऐसे में फर्जी गैस बुकिंग से सावधान रहे। जबकि आम नागरिक गैस लेने के लिए परेशान है। गैस एजेंसी से लेकर गोदाम तक लम्बी-लम्बी लाइनें लगी है। उसके बावजूद भी लोग अपना खाली सिलेंडर लेकर वापस आ जाते है। गैस बुकिंग के दौरान असुविधा हो रही है। कुछ लोगों के मोबाइल में मैसेज भी नहीं आ रहे है। शहर में कई गैस एजेंसी है, उसके बावजूद भी सिलेंडर की मारामारी मची हुई है। कुल मिलाकर हॉकर व एजेंसी धारकों की मिलीभगत से ग्राहकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है और बढ़ती दाम वसूले जा रहे है। जबकि लम्बी-लम्बी कतार में लगे लोगों ने बताया कि आसानी से गैस की बुकिंग नहीं हो पा रही है और समस्या निम्न परिवार के सामने बनी है।

वहीं सपा नेता नंदकिशोर वंदे मातरम ने सिलेंडर की किल्लत पर चिंता जतायी है। एलपीजी गैस आपूर्ति पर संकट गहराने से आम नागरिक में चिंता बनी हुई है।

खाड़ी देशों में युद्ध के कारण रसोई गैस की आपूर्ति पर संकट बना है। समस्या असंवेदनशील है। आम जन ऐसी स्थिति में पेट्रोल, डीजल के अलावा गैस का जरुरत पड़ने पर इस्तेमाल करें। इस किल्लत से गरीब व श्रमिक लोग परेशान है।

# खनन अधिकारी की सह पर रात के अंधेरे में धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मिट्टी भरकर जाती ट्रैक्टर-ट्राली

सरकार की रोक के बावजूद दिन हो या रात मिट्टी का अवैध खनन करने वाले माफिया बेखौफ मिट्टी का खनन कर सरकार को राजस्व का चूना लगा रहे है। जबकि जिलाधिकारी के भी सख्त निर्देश है कि किसी प्रकार से मिट्टी हो या बालू का अवैध खनन नहीं होने दिया जायेगा, लेकिन खनन अधिकारी की मिलीभगत कहें या अनदेखी के चलते खुलेआम खनन हो रहा है। पुलिस लाइन से चंद कदमों की दूरी पर फतेहगढ़ जेल चौराहे पर देर रात अवैध खनन करते ट्रैक्टर ट्राली धड़ल्ले से निकलते है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विभिन्न गांव जिनमें मुख्य रुप से कोतवाली फतेहगढ़ की चौकी याकूतगंज क्षेत्र महरुपुर से संबंधित गांव है, जिनमें

धड़ल्ले से तालाबों व अन्य सार्वजनिक स्थानों से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। अवैध खनन माफिया जेसीबी लगाकर लगाकर तालाब व अन्य सार्वजनिक स्थानों से मिट्टी की खोदाई कर शहर में 2 हजार रुपये ट्राली के हिसाब से बेंचते है। वहीं खनन अधिकारी इसे रोकने की बजाय अवैध खनन को वैध दर्शाने के सभी हथकंडे अपनाए हुए है। वहीं ग्रामीणों का कहना है गांव में लगातार हो रहे अवैध मिट्टी खनन से पर्यावरण को भी बड़ी क्षति पहुंच रही है, लेकिन तमाम शिकायतें किए जाने के बावजूद भी अवैध मिट्टी खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन कार्य के दौरान उड़ती धूल और भारी डंपरों व ट्रैक्टरों की आवाजाही से उनके खेतों में लगी फसलें लगातार प्रभावित हो रही हैं। अधिक चक्कर लगाने की लालच में इन वाहनों की रफ्तार भी अत्यधिक तेज रहती है, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन अधिकारी और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से ही मिट्टी के अवैध खनन खुलेआम हो रहा है। इस संदर्भ में बीते माह जिलाधिकारी से भी लिखित शिकायत ग्रामीणों ने की थी।

# सप्लाई इंस्पेक्टर ने गैस एजेंसियों का किया औचक निरीक्षण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**




गैस एजेंसी का निरीक्षण करते सप्लाई इंस्पेक्टर

तहसील क्षेत्र में घरेलू गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार दोपहर सप्लाई इंस्पेक्टर सुधांशु यादव ने नवाबगंज नगर स्थित एचपी गैस एजेंसी और इंडियन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान लापरवाही और व्यवस्थाओं की पड़ताल की गई। निरीक्षण के दौरान इंडियन गैस एजेंसी का कार्यालय बंद पाया गया। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और तत्काल फोन कर एजेंसी मालिक अखिलेश भारद्वाज को तलब किया। कर्मचारियों से बात की गई तो सप्लाई इंस्पेक्टर को बताया गया कि अभी नेटवर्क प्रॉब्लम चल रही है। इस वजह से गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है। जिसकी सूचना सप्लाई इंस्पेक्टर ने उच्च अधिकारियों को दी। वहीं सप्लाई इंस्पेक्टर सुधांशु यादव ने नवाबगंज नगर स्थित एचपी गैस एजेंसी और इंडियन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंद मिले दफ्तर पर जब इंस्पेक्टर सुधांशु यादव ने वहां कार्यालय बंद पाया।

इंस्पेक्टर ने कड़ी चेतावनी देते हुए तुरंत कार्यालय खुलवाया, जिसमें स्टॉक की जांच की गई। दोनों एजेंसियों पर एचपी और इंडियन में रखे सिलेंडरों के स्टाफ का मिलान किया गया। भौतिक सत्यापन में सिलेंडरों का स्टॉक सही पाया गया और किसी भी प्रकार की बड़ी अनियमितता नहीं मिली। बिना बुकिंग सिलेंडर न देने पर रोक लगा दी। सप्लाई इंस्पेक्टर सुधांशु यादव ने गैस एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी परिस्थिति में बिना बुकिंग के किसी भी उपभोक्ता को सिलेंडर ना दिया जाए। प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी या कालाबाजारी पाई गई तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सप्लाई इंस्पेक्टर ने बताया की नगर क्षेत्र में गैस एजेंसी की डिलीवरी 25 दिन के बाद की जाएगी। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में बुकिंग 45 दिन बाद की जाएगी, यह देश से पहले कोई भी गैस एजेंसी गैस के सिलेंडर को देती है, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं शिक्षा विभाग में गैस को लेकर खासी चिंता दिखाई जा रही है, क्योंकि जिन विद्यालय में छात्र संख्या अधिक है उन विद्यालयों में गैस सिलेंडर एक हफ्ते में खत्म हो जाता है, जबकि शासनादेश है कि किसी भी विद्यालय में चूल्हे पर लकड़ी से खाना ना बनाया जाए ऐसा होता है तो विद्यालय प्रबंधन के लिए एक चिंता के विषय है, जिसके लिए कई शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को इसके लिए पत्र प्रदर्शित किया है।

# श्रीराम बाल लीला व गुरुकुल गमन कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



पीठाधीश्वर का स्वागत करते आचार्य



कथा में मौजूद भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुगांव देवी मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा में कामदगिरि चित्रकूट धाम से आये पीठाधीश्वर श्रीराम स्वरुपाचार्य महाराज ने अपने मुखार बिन्दु से भक्तों को रामकथा का रसपान कराया। कथा में सुबह हवन सम्पन्न हुआ। 9 मार्च से शुरु हुई कथा में पंचम दिवस पर पीठाधीश्वर श्रीराम स्वरुपाचार्य महाराज ने कहा कि भक्त व भगवान दोनों का संगम अपने आप में अद्भुत है। गुरुगांव मंदिर में पहुंचे मन्दसौर भानपुरा पीठ के पीठाधीश्वर शंकराचार्य ने प्रभु श्रीराम की बाल लीला व गुरुकुल गमन की कथा का श्रवण कराया। गुरु गृह पढ़न गये रघुराई, अल्पकाल विद्यासब पाई। प्रसंग सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हुए। मुख्य यजमान अशोक रस्तोगी व संजीव नारायण दीक्षित रहे। संचालन चंदन ने किया। व्यवस्था राजेश मिश्रा, दीपक मिश्रा, विमलेश मिश्रा ने देखी। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों के अलावा महिलायें भी मौजूद रही।

## झपकी बनी हादसे की वजह

# मनोना धाम जा रही श्रद्धालुओं से भरी डबल डेकर बस ट्रक में घुसी, 30 घायल, 11 की हालत गंभीर

- सीतापुर के रामपुर मथुरा क्षेत्र से दर्शन के लिए जा रहे थे श्रद्धालु
- 18 घायलों को पसगवां सीएचसी लाया गया, 11 को शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर





**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया (खीरी)।**

जनपद खीरी के थाना उचौलिया क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सीतापुर जिले से मनौना धाम दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी डबल डेकर बस मोहदियापुर के पास सड़क किनारे खड़े एक खराब ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस दुर्घटना में करीब 30 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें से 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि जनपद सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र से श्रद्धालुओं से भरी बस मनौना धाम के दर्शन के लिए जा रही थी। बुधवार देर रात जब बस उचौलिया क्षेत्र के मोहदियापुर के पास पहुंची तो चालक को झपकी आ गई। इसी दौरान बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े रिफाइंड से भरे खराब ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और बस में सवार श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही उचौलिया पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया और तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां भेजा गया। यहां 18 घायलों को भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने 11 लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर (मेडिकल कॉलेज) रेफर कर दिया, जबकि 7 घायलों का इलाज पसगवां सी एच सी में ही चल रहा है।

**ये हैं गंभीर रूप से घायल (शाहजहांपुर रेफर):-**

शंकर (55) पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी अचलापुर, बनवारी (65) पुत्र कृष्ण निवासी असहीपुर, लज्जावती (35) पत्नी वीरेन्द्र निवासी पाण्डे पुरवा, मोतीलाल (60) पुत्र ब्रह्मा निवासी अचलापुर, विनीता देवी (35) पत्नी अनिरुद्ध मौर्य निवासी धुरिया गौरैचा, नागेन्द्र (25) पुत्र राधेश्याम निवासी गहिरम पुरवा, सुशील यादव (30) पुत्र रामलखन यादव निवासी राजापुर, जितेंद्र (22) पुत्र जगतराम निवासी धुरिया गौरैचा, संजू (40) पत्नी दिलेराम निवासी गरचपा, लक्ष्मी (45) पत्नी राजाराम निवासी बगासी, धर्मराम (60) पुत्र नन्हें निवासी हरदिया पुरवा।

**हल्की चोट वाले घायलों का पसगवां सी एच सी में इलाज:-**

सुमित्रा (55) निवासी शमशेर नगर, मुदित पाल (15) निवासी बहादुरगंज, आशीष मौर्या (21) निवासी हरदयालपुर, राजाराम (55) निवासी बगासी, राजू (22) निवासी बगासी, शिवेंद्र अवस्थी (38) निवासी गरचपा, आशीष (24) निवासी हरदयालपुर।

उचौलिया थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण ने बताया कि सीतापुर जनपद के थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र से श्रद्धालुओं से भरी डबल डेकर बस मनौना धाम जा रही थी। मोहदियापुर के पास सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक में बस पीछे से टकरा गई, जिससे यह हादसा हुआ।

## मार्च में छाया दिसंबर जैसा कोहरा, कम हुई दृश्यता

### राजमार्ग पर लाइट जलाकर रेंगते नजर आए वाहन



**बिजुआ खीरी।** यूं तो ठंड का मौसम विदा हो चुका है ऐसे में लोग सर्द सुबह भी भूल गए हैं। होली बीतने के साथ लोगों ने गर्म कपड़े बक्सों के हवाले कर दिए हैं। इसी बीच अचानक बृहस्पतिवार सुबह घना कोहरा छा गया। जो लगभग नौ बजे तक बना रहा और सर्द हवाएं भी महसूस की गई। मार्च माह में 36 डिग्री तापमान के मध्य दिसंबर माह जैसे कोहरे ने लोगों को अचरज में डाल दिया। कोहरे के कारण वाहन रेंगते नजर आए। सुबह जब लोग जागे तो आसमान में घने कोहरा की चादर देख आश्चर्य में पड़ गए। बाहर निकले तो सर्द हवाएं भी चल रही थीं। विदा हो चुके कोहरे के करीब एक माह के बाद ऐसे मौसम की अपेक्षा किसी ने नहीं की थी। हालांकि कुछ घंटे बीतने के बाद सूरज चढ़ा और गर्मी का असर तेज हो गया। बुजुर्गों का कहना है कि उनके जीवन की यह पहली घटना है कि चैत्र माह में कोहरा नजर आ रहा है।जानकारों का मानना है कि इधर कुछ दिनों से दिन के तापमान में खासी बढ़ोतरी हुई है। जबकि पर्यावरण में नमी अभी विद्यमान है। तेज गर्मी होने से रात को मौसम खुला और शांत होने के कारण मिट्टी का तापमान काफी तेजी से गिरता है बृहस्पतिवार को तड़के भी कुछ ऐसा ही हुआ। पर्यावरण की नमी के कारण फाग यानी कोहरा पैदा हुआ है।

# तीन दशक से खतौनी में नाम दर्ज कराने के लिए भटक रहा किसान परिवार

- डेढ़ एकड़ हिस्से से जुड़ा मामला, वर्ष 2002 में हट गया था नाम
- धारा 38 के तहत दिया गया प्रार्थना पत्र
- लेखपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप, रिकॉर्डिंग होने का दावा



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

लखीमपुर खीरी के गोला तहसील के ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के ग्राम डिमरोल में एक किसान परिवार पिछले करीब 30 वर्षों से अपनी जमीन का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने के लिए परेशान है। परिवार का आरोप है कि उनके पिता का नाम अचानक खतौनी से हटा दिया गया, जिसके बाद से वे लगातार तहसील और राजस्व विभाग के चक्कर काट रहे हैं। पीड़ित सुरेंद्र सिंह और विजेंद्र सिंह, पुत्र अनंत सिंह, ने बताया कि उनके पिता अनंत सिंह के हिस्से में करीब डेढ़ एकड़ जमीन थी। कुल लगभग 10 एकड़ पैतृक भूमि में से यह हिस्सा उन्हें मिला था और फसली वर्ष 1397 से लेकर 2002 तक खतौनी में उनके पिता का नाम दर्ज रहा। दोनों भाइयों के अनुसार वर्ष 2002 के बाद अचानक खतौनी से उनके पिता का नाम हटा दिया गया। वर्तमान में उसी भूमि पर परिवार के ही अन्य तीन सदस्यों के नाम दर्ज हो गए हैं, जिससे उनका हिस्सा भी उन्हीं के नाम चला गया है। सुरेंद्र सिंह और विजेंद्र सिंह का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की और धारा 38 के तहत नाम दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिया है। उनका आरोप है कि उनके ही कुछ रिश्तेदारों ने मिलकर उनके पिता का नाम अभिलेखों से हटवा दिया। परिवार के अनुसार जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो वर्ष 2004 में उन्होंने संबंधित मुकदमा भी दर्ज कराया। उस समय जांच में लेखपाल ने रिपोर्ट लगाई थी कि नाम गलती से छूट गया है और इसे दर्ज किया जाना चाहिए। तहसीलदार ने भी उनके पक्ष में रिपोर्ट दी थी, लेकिन तत्कालीन एसडीएम ने यह कहते हुए मामला रोक दिया कि संभव है जमीन सहखातेदारों को बेच दी गई हो। पीड़ितों का कहना है कि यदि जमीन का बैनामा हुआ है तो उसका दस्तावेज दिखाया जाना चाहिए, लेकिन अब तक ऐसा कोई प्रमाण सामने नहीं आया है। इसी बीच उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में जब उन्होंने दोबारा धारा 38 के तहत कार्रवाई शुरू कराई तो ग्राम डिमरोल की लेखपाल ने कथित रूप से रिश्वत की मांग की। पीड़ितों का दावा है कि लेखपाल ने उन्हें एक व्यक्ति 'विद्या' से संपर्क करने को कहा, विद्या द्वारा बताया गया कि राकेश सिंह से मिलो। जिसके बाद राकेश सिंह नामक व्यक्ति ने उनसे 40 हजार रुपये की मांग की और कहा कि पैसे देने पर रिपोर्ट लगवा दी जाएगी।

## बस ने बाइक को मारी टक्कर, बोर्ड परीक्षा देकर लौट रहा 15 वर्षीय छात्र गंभीर रूप से घायल

**लखीमपुर खीरी।** जिले में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक और मामला सामने आया है। बोर्ड परीक्षा देकर घर लौट रहे एक 15 वर्षीय छात्र को बस ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले ओयल के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वर्तमान में छात्र का इलाज लखनऊ के निजी अस्पताल में चल रहा है और उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला बाबूराम सर्राफनगर ग्राम सैधरी निवासी नसीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र आमिर 25 फरवरी को नवयुग पब्लिक इंटर कॉलेज पड़रिया कलां स्थित परीक्षा केंद्र से मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था।

# अमीरनगर से आठ युवा श्रद्धालु मां पूर्णागिरी दरबार के लिए पैदल रवाना, फूल-मालाओं से विदाई



**अमीरनगर-खीरी।** कस्बे से बृहस्पतिवार को आठ युवा श्रद्धालुओं का जत्था भक्ति और श्रद्धा के साथ मां पूर्णागिरी दरबार के लिए पैदल रवाना हुआ। यात्रा के प्रस्थान के समय युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। यात्रा शुरू करने से पहले सभी श्रद्धालु कस्बे में स्थित शांति बाबा मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान का आशीर्वाद लेकर पदयात्रा की शुरुआत की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी वहां पहुंचे और श्रद्धालुओं को फूलमाला पहनाकर उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह उनकी पहली पदयात्रा है, जो करीब एक सप्ताह तक चलेगी। इस दौरान वे रास्ते में कई स्थानों पर रात्रि विश्राम भी करेंगे और 18 मार्च को मां पूर्णागिरी दरबार पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

बताया जाता है कि होली के दूसरे दिन से ही मां पूर्णागिरी के दरबार में दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस पदयात्रा में प्रमुख रूप से सनी शर्मा, उत्कृष शर्मा, अंशू शर्मा, प्रिंस शर्मा और सूरज जोशी शामिल हैं। वहीं क्षेत्रीय यूट्यूबर शिवम कटियार, विशाल रस्तोगी, अवधेश कटियार, रामसेवक कटियार और संतोष जोशी समेत कई लोगों ने श्रद्धालुओं को विदाई देते हुए उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

## खबरें एक नजर में

### बिजुआ ब्लॉक में विकास कार्यों पर उठे सवाल

**रूरा सुल्तानपुर में 6 माह से अधूरा पड़ा खड़ंजा बना मुसीबत**

**बिजुआ (खीरी)।** विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत रूरा सुल्तानपुर में कराए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। सुंदरलाल के मकान से मोहनलाल के मकान तक करीब छह माह पहले पुराना और नया खड़ंजा मिलाकर रास्ता तो बना दिया गया, लेकिन आज तक उस पर मिट्टी नहीं डाली गई। अधूरे कार्य के कारण रास्ता ऊबड़-खाबड़ हो गया है, जिससे आए दिन राहगीर फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में होने वाले अधिकांश सरकारी कार्य मानकों के अनुरूप नहीं कराए जाते। गांव निवासी राजकुमार, जगदीश राज सहित कई ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही पहले भी सामने आ चुकी है। कई बार उन्होंने संबंधित मामलों की ऑनलाइन शिकायत भी की, लेकिन अधिकारियों द्वारा जांच के नाम पर औपचारिकता निभाकर शिकायतों को निस्तारित कर दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क को समतल कर मिट्टी नहीं डाली गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अधूरे कार्य को मानक के अनुरूप पूरा कराने की मांग की है।

वहीं इस संबंध में जब एडीओ पंचायत अनिल वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### स्मैक कारोबार के खिलाफ सभासदों का फूटा गुस्सा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पलिया कलां खीरी।** नगर पालिका परिषद पलिया के सभासदों और स्थानीय नागरिकों ने नगर में तेजी से बढ़ रहे मादक पदार्थ व स्मैक के कारोबार को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इस संबंध में सभासदों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन देकर स्मैक कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि पलिया नगर में स्मैक का अवैध कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे नगर के युवा ही नहीं बल्कि पड़ोसी देश नेपाल के भी सैकड़ों युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। नशे की लत के कारण युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है और कई युवक अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। सभासदों ने आरोप लगाया कि नशे के आदी हो चुके लोग पैसे के अभाव में मोबाइल छीनने, चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इससे नगर में असुरक्षा का माहौल बन गया है और महिलाओं व लड़कियों का घर से निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा समय-समय पर कार्रवाई कर कुछ लोगों को गिरफ्तार किया जाता है, लेकिन वे जल्द ही जमानत पर छूटकर फिर से उसी अवैध कारोबार में लग जाते हैं। ऐसे में इन कारोबारियों के खिलाफ कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए, ताकि उन्हें आसानी से जमानत न मिल सके। सभासदों ने प्रशासन से मांग की है कि स्मैक कारोबारियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी की जाए। साथ ही उनके द्वारा अर्जित अवैध चल-अचल संपत्ति को कुर्क किया जाए और आवश्यकता पड़ने पर बुलडोजर जैसी कड़ी कार्रवाई भी की जाए, जिससे ऐसे अपराधियों में भय का माहौल बने। ज्ञापन देने वालों में सभासद मनोज गुप्ता, गौरव गुप्ता, सतीश कनोजिया, आशुतोष शुक्ल सहित कई सभासद व स्थानीय नागरिक शामिल रहे। सभासदों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो नगर की जनता बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### संस्कृत उत्थान में योगदान पर डॉ. सुरचना त्रिवेदी को राष्ट्रीय शबरी विदुषी प्रतिभा सम्मान

**लखीमपुर खीरी।** भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की संस्कृत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरचना त्रिवेदी को संस्कृत भाषा के उत्थान और प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय शबरी विदुषी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 7 मार्च 2026 को वैश्विक संस्कृति मंच एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय अंतर्राष्ट्रीय विदुषी सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर मनोज दीक्षित, कुलपति महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर (राजस्थान) तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर हरिदत्त शर्मा और वैश्विक संस्कृति मंच के महासचिव डॉ. राजेश मिश्र ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर देश-विदेश से आई अनेक विदुषियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. सुरचना त्रिवेदी को यह सम्मान संस्कृत के क्षेत्र में उनके निरंतर शोध कार्य, अध्ययन-अध्यापन, साहित्य सृजन तथा समाज और राष्ट्र में संस्कृत भाषा की सेवा के लिए प्रदान किया गया।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का सघन अभियान : 55 लीटर कच्ची शराब बरामद

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में निघासन क्षेत्र में आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में विभागीय



टीम ने कई गांवों में सघन छापेमारी अभियान चलाकर अवैध कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। कार्रवाई के दौरान करीब 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि लगभग 500 किलोग्राम लहन को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। बताया गया कि आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में विभागीय टीम ने दलराज पुर, सिंगाही,राजपुर समेत आसपास के कई गांवों में संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान झाड़ियों और खेतों के किनारे छिपाकर रखे गए अवैध शराब के अड्डों को चिन्हित किया गया। तलाशी के दौरान टीम को कई स्थानों से अवैध कच्ची शराब और शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद हुए। बरामद सामग्री को कब्जे में लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान मौके पर बड़ी मात्रा में लहन (शराब बनाने के लिए तैयार किया गया कच्चा घोल) भी मिला, जिसे आबकारी टीम ने मौके पर ही नष्ट करा दिया। अधिकारियों के अनुसार बरामद लहन की मात्रा करीब 500 किलोग्राम थी।

# राशन सिस्टम का अजब खेल : जिंदा को कागजों में कर दिया 'मृत' उसी के नाम पर उठ रहा राशन, पत्नी-बेटे का नाम कार्ड से गायब



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में खाद्य एवं रसद विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति को सरकारी रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि वह जिंदा होकर अपने परिवार के साथ रह रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिस व्यक्ति को कागजों में मृत दिखाया गया है, उसी के नाम से अब भी एक यूनिट का राशन मिल रहा है, जबकि उसकी पत्नी और बेटे का नाम राशन कार्ड से हटा दिया गया है। गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)। नगर के वार्ड नंबर-7 भूड़ मोहल्ला स्थित लक्ष्मी नगर कॉलोनी में रहने वाले जलज ऐरन के राशन कार्ड को लेकर अजीबोगरीब स्थिति सामने आई है। जलज ऐरन, जो नगर पालिका के जलकल विभाग में जेई रहे चंद्रशेखर ऐरन के पोते हैं, अपनी पत्नी और बेटे के साथ रहते हैं। परिवार के अनुसार खाद्य विभाग के रिकॉर्ड में जलज ऐरन को 21 सितंबर 2021 की तारीख में मृतक दर्शाकर उनकी यूनिट निरस्त कर दी गई। लेकिन इसी के साथ एक और चौंकाने वाली बात सामने आई कि राशन कार्ड में एक यूनिट अभी भी जलज ऐरन के ही नाम से दर्ज है और उसी के आधार पर राशन का वितरण भी हो रहा है। यानी विभागीय रिकॉर्ड में व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया, लेकिन राशन व्यवस्था में उसी के नाम से यूनिट चलती रही। इतना ही नहीं, जलज ऐरन के बेटे कार्तिक ऐरन का नाम भी राशन कार्ड से हटा दिया गया। रिकॉर्ड में एक जगह बेटे का नाम शादी होने की स्थिति में निरस्त दिखाया गया है, जबकि दूसरी जगह उसे विस्थापित बताते हुए यूनिट समाप्त कर दी गई है। परिवार का कहना है कि इस गड़बड़ी के कारण उन्हें लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। जलज ऐरन के मुताबिक जब उन्होंने इस बारे में खाद्य विभाग से संपर्क किया तो उन्हें बताया गया कि उनका नया राशन कार्ड बन जाएगा और पुराना कार्ड निरस्त कर दिया गया है। हालांकि काफी समय बीत जाने के बाद भी नया राशन कार्ड नहीं बन पाया है। उधर, उनकी पत्नी और बेटे का नाम राशन कार्ड में दर्ज नहीं होने के कारण उन्हें राशन योजना का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# जनगणना की तैयारियां तेज, अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**समृद्धि न्यूज़ महराजगंज।** कलक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। डीएम ने प्रशिक्षण में पहुंचकर जनगणना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।प्रमुख जनगणना अधिकारी-जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें और जनगणना की महत्ता और गोपनीयता को बनाए रखें। जनगणना कार्य में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जनगणना को दो चरणों में कराया जाना है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून तक किया जाना है। प्रथम चरण से पूर्व 7 मई से 21 मई तक सामान्य पब्लिक के स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वतः भर सकेंगे। दूसरा चरण 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक किया जाना है।महराजगंज के लिए नामित जनगणना कार्य निदेशालय के मंडल प्रभारी डॉ. गौरव पाण्डेय एवं जिला प्रभारी जनगणना अम्बिका मौर्या ने विस्तारपूर्वक जनगणना के सत्रों पर चर्चा की। इसमें सीएमएमएस पोर्टल, एचएलओ के गठन आदि के बारे में गहनतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीपीआरओ, डीईएसटीओ, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# विधायक के प्रयास से आरसी हुई वापस

- व्यापारियों ने खुशी का इज़हार करते हुए विधायक का किया माल्यार्पण



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** गौतम बुद्ध व्यवसायिक भवन की 42 दुकानों के विरुद्ध राजस्व विभाग द्वारा जारी की गई आर.सी. को फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी के अथक प्रयास से वापस हो गया है। बताया जाता है कि फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में 42 व्यापारियों ने जिलाधिकारी से मिल कर अपनी समस्या से अवगत कराया था । आज उनके निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप, तथा सम्बन्धित प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन (पेंडिंग) होने के कारण, तहसीलदार मजिस्ट्रेट फरेंदा द्वारा जारी आरसी वापस ले लिया गया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से सभी 42 दुकानदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। आज उक्त मामले को लेकर व्यापारियों ने फरेन्दा स्थित उनके कार्यालय पर पहुँचकर विधायक फरेंदा वीरेंद्र चौधरी का माल्यार्पण कर स्वागत एवं हार्दिक अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर व्यापारियों ने कहा कि माननीय विधायक वीरेंद्र चौधरी जी सदैव व्यापारी वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ तत्पर रहते हैं। उनके इस प्रयास से सभी दुकानदारों को बड़ी राहत मिली है। व्यापारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि माननीय विधायक जी आगे भी इसी प्रकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

# हलिया, लालगंज क्षेत्र में गैस की भारी किल्लत, उपभोक्ता परेशान

- शादी-विवाह व तेरही जैसे कार्यक्रमों के बीच गैस सिलेंडर के लिए भटक रहे लोग



**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के प्रभाव का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों मे भी दिखाई देने लगा है। हलिया और लालगंज क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। हालात यह हैं कि लोग गैस सिलेंडर पाने के लिए एजेंसियों और बाजारों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। लेकिन समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण क्षेत्र में कई दिनों से सिलेंडरों की कमी बनी हुई है। सबसे ज्यादा परेशानी उन परिवारों को हो रही ह ैजिनके यहां इस समय शादी-विवाह तेरही या अन्य मांगलिक कार्यक्रम आयोजित हो रहेहैं। ऐसे परिवारों को भोजन बनाने के लिए अतिरिक्त गैस सिलेंडर की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन गैस की उपलब्धता न होने से वे काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। ताकि लोगों को राहत मिल सके। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। क्योंकि इस समय शादी-विवाह का मौसम चल रहा है और अधिकांश घरों में कार्यक्रम आयोजित हो रहेहैं। ऐसे में प्रशासन और संबंधित विभागों से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की अपेक्षा की जा रही है।

## दलित महिला पर लोहे की रॉड से बेरहमी से हमला

- वायरल वीडियो के बाद पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जिले के सिसवा नगरपालिका क्षेत्र में एक दलित महिला पर लोहे की रॉड से किए गए हमले का मामला सामने आया है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी। घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद होकर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे मुखर्जी नगर वार्ड निवासी 30 वर्षीय पुनीता अपनी ननद उर्मिला के साथ वार्ड के ब्लॉक रोड से गुजर रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, उसी वार्ड का रहने वाला आरोपी लोकेंद्र सिंह उर्फ अंशु सिंह अचानक उनके सामने आ गया और उन्हें रोककर गाली-गलौज करने लगा। बात बढ़ने पर उसने लोहे की रॉड से पुनीता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए। हमले में पुनीता गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही कोठीभार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को तत्काल सिसवा पीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल महराजगंज रेफर कर दिया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें मेडिकल कॉलेज भेजा गया।